सूर्योदय 5:39 सूर्यास्त 6:57

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 10.0 न्यू | 19.4 अधि |
| धर्मशाला | 11.2 न्यू | 25.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 74482.78 |
| निफ्टी | 22604.85 |
| सोना 69,800 | चांदी 83,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 2 मई, 2024 | 20 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 134, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- मोदी ने जो कहा करके दिखाया: जयराम ठाकुर
- राजनीति को निचले स्तर पर ले जा रही भाजपा: चौहान

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- लोअर लंबागांव में कुएं में फंसे बैल को किया रेस्क्यू
- गगल में विंगर ने स्कूटी को मारी टक्कर, दो की मौत

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- एसडीएम ने युवाओं को दिलाई मतदान की शपथ
- बाल विवाह करवाने वालों को होगी दो साल की सजा

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- एक्ट्रेस रुपाली गांगुली भाजपा में शामिल
- सनराइजर्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हर हाल में जीतना होगा मैच

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच

सनराइजर्स हैदराबाद vs राजस्थान रॉयल्स

समय: रात 7:30 बजे (हैदराबाद)

## न्यूज शॉर्ट्स

### किश्तवाड़ में लगे 3.4 तीव्रता के भूकंप के हल्के झटके

**किश्तवाड़।** जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले में बुधवार तड़के मध्यम तीव्रता का भूकंप आया। इसकी जानकारी राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने दी। बुधवार सुबह एक बजकर तैंतीस मिनट पर किश्तवाड़ में रिक्टर पैमाने पर 3.4 की तीव्रता का भूकंप आया। यह भूकंप धरती से 30 किलोमीटर की गहराई पर आया। इस भूकंप से किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

### दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी फर्जी

**नई दिल्ली।** दिल्ली और नोएडा के 100 से ज्यादा स्कूलों में आज सुबह बम की खबर मिलने के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया। बम की कॉल के बाद तुरंत दमकल को कॉल किया गया जहां से मौके पर दमकल की गाड़ियां, दिल्ली पुलिस और एंटी बम स्क्वाड के लोग पहुंचे। सभी स्कूलों की तलाशी ली गई। कहीं भी कुछ नहीं मिला। सुरक्षा के मद्देनजर स्कूल के बच्चों को घर वापस भेजा गया। गृह मंत्रालय और दिल्ली पुलिस ने इसे फर्जी कॉल बताया।

### विमान का ओलावृष्टि से टूटा शीशा, करवाई आपात लैंडिंग

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बुधवार दोपहर ओलावृष्टि हुई, जिससे शाम के समय लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत मिली है। हालांकि, इस दौरान राजधानी में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। भुवनेश्वर से दिल्ली के लिए रवाना हुए विस्तारा विमान के ऊपर भी ओलावृष्टि हुई। परिणाम स्वरूप उड़ान सेवा प्रभावित हुई। विमान की भुवनेश्वर के बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आपात लैंडिंग कराई गई। गनीमत रही कि किसी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई।

### गुरुग्राम से अभिनेता राज बब्बर कांग्रेस के प्रत्याशी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा सीट के लिए बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता राज बब्बर को गुरुग्राम से प्रत्याशी घोषित किया है। इस सीट पर कैप्टन अजय यादव की भी टिकट की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन उनको टिकट नहीं मिला। राज बब्बर को भाजपा के राव इंद्रजीत से टक्कर मिलेगी।

## अनंत व्यंग्य




अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

अकाउंट डिपार्टमेंट

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

# 400 वाले 40 पर आए : मोदी

## गुजरात के बनासकांठा में पीएम ने कांग्रेस पर बोला जुबानी हमला

**एजेंसी, बनासकांठा (गुजरात)**

लोकसभा के तीसरे चरण के चुनाव से पहले पीएम नरेंद्र मोदी जोरो-शोरों से रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। इसी बीच पहली मई को वह गुजरात के बनासकांठा में प्रचार के लिए पहुंचे। पीएम मोदी ने यहां पर चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आप सबने 2014 में मुझे देश की सेवा के लिए दिल्ली भेजा।

2014 के पहले जो सरकार थी, वो देश में आतंकवाद, घोटाले, चारों तरफ भ्रष्टाचार जैसी खबरों के लिए सुर्खियों में बनी रहती थी। तब देश निराशा में डूब गया था। पीएम ने कांग्रेस पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि देश ने कांग्रेस को जवाब दिया है, जो 400 सीट लेकर बैठते थे, वो 40 पर आ गए। उन्होंने कहा कि हमें 'सिर्फ सीट नहीं पोलिंग बूथ जीतना है'। पीएम मोदी ने कहा, 'इस साल के लोकसभा चुनाव के लिए मैं 20-22 साल का अनुभव लेकर आया हूं। मैं पुजारी बन गया हूं। मैं गारंटी लेकर आया हूं। मेरी गारंटी है आने वाले तीसरे टर्म में हिंदुस्तान को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इकोनॉमी बनाकर रखूंगा।



आप लोगों ने कांग्रेस को गुजरात से हटाया, तो फिर उनको दोबारा पैर नहीं रखने दिया। देश ने उन्हें ऐसा जवाब दिया, जो 400 की सीट लेकर बैठते थे, वो 40 पर आ गए। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि उनके पास न मुद्दे हैं, न विजन हैं और न ही जज्बा है। कांग्रेस वालों ने मेरा मजाक बनाया, चायवाला, ये गुज्जू क्या करेगा?।

जनसभा में मौजूद सभी समर्थकों से पीएम मोदी ने कहा कि हर बूथ पर कमल खिलाना है. मैं संतुष्ट होने वालों में से नहीं हूं, सिर्फ सीट नहीं पोलिंग बूथ जीतना है। गुजरात के लोगों को सल्यूट, अपनी सूझ बूझ से शॉर्ट टर्म सरकार नहीं आने दी।

इसके अलावा पीएम मोदी ने राहुल गांधी पर जुबानी हमला बोला। पीएम ने कहा, 'मोहब्बत की दुकान 'फेक फैक्टरी' है। आओ न यार, 2-2 हाथ कर लेते हैं, दिखा देंगे ये दाल भात खाने वाला क्या कर सकता है।

### एक सप्ताह में दूसरी बार ओडिशा जाएंगे राहुल गांधी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में चुनाव प्रचार की सरगर्मी बढ़ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एक सप्ताह के अंतराल के बाद दूसरी बार ओडिशा के दौरे पर आ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सूत्रों के अनुसार, राहुल गांधी तीन मई को रायगड़ा जाएंगे और प्रियंका गांधी नौ मई को नवरंगपुर जाएंगी और पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार करेंगी।



उनके साथ तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी भी होंगे। सूत्रों के हवालों से बताया गया है कि राहुल गांधी के कार्यक्रम में करीब एक लाख कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक शामिल होंगे।

# आईपीएस अतुल वर्मा बने हिमाचल के नए डीजीपी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल सरकार ने आईपीएस अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को हिमाचल प्रदेश पुलिस का नया महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त कर दिया है। चुनाव आयोग की अनुमति के बाद बुधवार को प्रदेश सरकार ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी। डॉ. वर्मा 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं।



पूर्व आईपीएस अधिकारी संजय कुंडू के डीजीपी रहते वह सीआईडी के प्रमुख रहे हैं। दोपहर बाद डॉ. वर्मा ने पुलिस मुख्यालय पहुंचकर पुलिस महानिदेशक का पदभार संभाल लिया। दो माह पूर्व ही प्रदेश सरकार ने उन्हें सीआईडी प्रमुख बनाया था। डॉ. वर्मा मूल रूप से झारखंड के रहने वाले हैं और केंद्रीय प्रतिनियुक्ति के दौरान भी अहम पदों पर सेवाएं दे चुके हैं। राज्यसभा चुनाव के बाद प्रदेश में हुए सियासी ड्रामे के बाद सरकार ने उन्हें सीआईडी प्रमुख बनाया था। संजय कुंडू के डीजीपी पद से सेवानिवृत्त होने से एक सप्ताह पहले प्रदेश सरकार ने चुनाव आयोग से नया डीजीपी नियुक्त करने की अनुमति मांगी थी।

इसे लेकर तीन आईपीएस अधिकारियों का पैनल बनाया गया था। इनमें डॉ. वर्मा के अलावा 1989 बैच के आईपीएस डीजी (जेल) एसआर ओझा और केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर चल रहे वर्ष 1990 बैच के श्याम भगत नेगी का नाम शामिल था।

## कुल्लू में अंधड़ से उड़ीं छतें; केलांग में तापमान माइनस में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी का दौर जारी है जिस वजह से मई माह में भी ठंड से निजात नहीं मिल पा रही। केलांग में अभी भी तापमान माइनस में चला हुआ है।



लाहौल-स्पीति में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

बुधवार दोपहर भरमौर स्थित भरमाणी माता मंदिर क्षेत्र में हल्की बर्फबारी हुई है। वहीं, मैदानी इलाकों में हल्के काले बादल छाए हुए हैं। ग्रामीणों के अनुसार, बर्फबारी से पूरा इलाका ठंड की चपेट में है। वहीं, जिला कुल्लू के ढालपुर में पीपल जातर मेले के लिए सजे व्यापारिक मेले में तेज हवा और तूफान के कारण दुकानों की छतें उड़ गईं हैं। अंधड़ के कारण व्यापारियों को खासा नुकसान हुआ है और काफी परेशानियों को सामना भी करना पड़ा है। यहां करीब 10 से ज्यादा दुकानों की छतें उड़ गई हैं, जिससे लोग भी बाल-बाल बचे हैं। लिहाजा बारिश और तेज तूफान ने व्यापारियों का धंधा चौपट कर दिया है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार, वीरवार को भी कुछ स्थानों पर बारिश हो सकती है और ऊंचाई वाले इलाके में बर्फबारी के आसार हैं। 3 मई की रात फिर एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। ऐसे में इसका प्रभाव 4 और 5 मई को देखने को मिलेगा। साथ ही 6 और 7 मई को भी उच्च पर्वतीय कुछ भागों में मौसम खराब बना रह सकता है।

## आईपीएल : आज धर्मशाला पहुंचेगी पंजाब की टीम

### पंजाब किंग्स का चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मुकाबला 5 मई को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पांच मई को होने वाले आईपीएल मुकाबले लिए पंजाब किंग्स की टीम 2 मई को धर्मशाला पहुंच जाएगी। चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 3 मई को आएगी।



धर्मशाला में होने वाले मैच के लिए दोनों टीमें विशेष विमान से सुबह 10:30 बजे गगल हवाई अड्डे पहुंचेंगी। टीमें सीधे धर्मशाला के कंडी स्थित रेडीसन ब्लू होटल जाएंगी। इसके अलावा नौ मई को पंजाब के साथ होने वाले मैच के लिए रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु की टीम 6 मई को धर्मशाला पहुंच जाएगी। अभी तक विशेष विमान के गगल हवाई अड्डे आने का शेड्यूल तय नहीं हुआ है। इस दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का धर्मशाला दौरा भी रहेगा। इसके चलते टीम के आने का समय भी बदल सकता है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किए रामलला के दर्शन

**एजेंसी, अयोध्या**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को अयोध्या धाम पहुंचीं और सबसे पहले हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। यहां उन्हें पुजारी राजू दास ने चांदी की गदा, चांदी का राम दरबार और गाय का प्रतिरूप भेंट किया। हनुमानगढ़ी का दर्शन करने के बाद राष्ट्रपति सरयू घाट के आरती स्थल पर पहुंचीं, जहां उन्होंने महाआरती में भाग लिया। इसके बाद राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रामलला के दर्शन किए। राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और यूपी सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही मौजूद हैं।

इसके पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर पहुंचीं, जहां उनका स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने किया।



डीपफेक मामला

### पूछताछ में तेलंगाना के सीएम नहीं हुए शामिल

**नई दिल्ली।** आरक्षण को लेकर गृहमंत्री अमित शाह का एक वीडियो वायरल हुआ था। जांच में पता चला कि ये एक डीपफेक वीडियो है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को समन भेजा था।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी पूछताछ के लिए आज नहीं आएं। उनके वकील ने दिल्ली पुलिस को ई-मेल भेजकर और समय मांगा है।

## दिल्ली कोर्ट की ईडी को फटकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को एक आरोपी की अंतरिम जमानत के विस्तार का विरोध करने के लिए धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 की धारा 50 के तहत निजी अस्पतालों के डॉक्टरों के बयान दर्ज करने की चेतावनी देते हुए कहा कि आम नागरिकों के खिलाफ शक्तिशाली कार्रवाई नहीं की जा सकती। अदालत ने ईडी को फटकार लगाते हुए कहा कि आप कानूर से ऊपर नहीं हो।

राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के साथ डॉक्टरों की सांठगांठ के रत्ती भर भी आरोप के बिना आम नागरिकों को धारा 50 पीएमएलए की कठोर प्रक्रिया के अधीन करने का ईडी के लिए कोई औचित्य नहीं है। न्यायालय ने ये सख्त टिप्पणियां 30 अप्रैल को व्यवसायी अमित कात्याल द्वारा दायर याचिका में पारित एक आदेश में कीं, जिसमें उन्हें दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने की मांग की गई थी।

**कहा-आप कानून से ऊपर नहीं**



## दस लाख में से सिर्फ सात को कोविशील्ड के साइडइफेक्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत में कोरोना वैक्सीन कोविशील्ड को लेकर फैले डर के बीच इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च (आईसीएमआर) के पूर्व वैज्ञानिक ने राहत देने वाली जानकारी दी है।

उनका कहना है कि कोरोना के कोविशील्ड टीके को लेकर किसी भी तरह से डरने की जरूरत नहीं है। इससे साइडइफेक्ट दुर्लभ से दुर्लभ मामलों में ही होता है। यही नहीं उन्होंने इसका डेटा ही समझाते हुए कहा कि वैक्सीन लेने वाले 10 लाख लोगों में से कोई 7 या 8 लोगों के साथ हार्ट अटैक या ब्लड क्लॉटिंग यानी खून के थक्के जमने का रिस्क हो सकता है।

**आईसीएमआर के पूर्व वैज्ञानिक ने कहा-डरने की जरूरत नहीं**

इस साइडइफेक्ट को थ्रोम्बोसिस थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम कहा जा रहा है। आईसीएमआर के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. रमन गंगाखेडकर ने कहा कि वैक्सीन से किसी भी तरह का रिस्क नहीं है। यह अपवाद और दुर्लभ से दुर्लभ केसों में ही होता है।

### कमर्शियल गैस सिलेंडर 20 रुपए सस्ता हुआ

**नई दिल्ली।** सरकार ने चुनावी मौसम में आम आदमी को थोड़ी राहत दी है। तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम के कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 20 रुपए तक की कटौती है। घरेलू रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

नई दरें आज से लागू हो गई हैं। दिल्ली में कमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम अब 19 रुपए घटकर 1745.50 रुपए हो गया है, जो पहले 1764.50 रुपए में मिल रहा था। कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर 20 रुपए सस्ता होकर 1859 रुपए में मिल रहा है, जो पहले 1879 रुपए में मिल रहा था।

## दस राज्यों में सीबीआई की 30 जगहों पर छापेमारी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 10 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में 30 जगहों को कवर करते हुए एक व्यापक राष्ट्रव्यापी तलाशी अभियान चलाया है। सीबीआई ने यह एक्शन ऐप आधारित धोखाधड़ी निवेश योजना एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित मामले की चल रही जांच के तहत लिया है।



**एचपीजेड टोकन ऐप से संबंधित मामले की चल रही जांच के तहत लिया एक्शन**

सीबीआई ने कहा कि तलाशी में मोबाइल फोन, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, एटीएम/डेबिट कार्ड, ई-मेल खाते और विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेजों सहित महत्वपूर्ण डिजिटल साक्ष्य जब्त किए गए। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने दो निजी कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ इस आरोप में मामला दर्ज किया था कि आरोपी एचपीजेड टोकन ऐप से जुड़ी एक धोखाधड़ी निवेश योजना में शामिल थे।

सीबीआई के अनुसार कथित आरोपियों के नाम शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड (दोनों निजी कंपनियां) और उनके निदेशक हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह सर्च ऑपरेशन दिल्ली, राजस्थान, यूपी, बिहार, एमपी, महाराष्ट्र, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु और कर्नाटक जैसे राज्यों में चलाया।

सीबीआई ने कहा, 'इस मामले में की गई तलाशी, धोखाधड़ी योजना को खत्म करने और आरोपियों के खिलाफ सबूत इकट्ठा करने के लिए चल रही जांच में

**क्या है मामला?**

एचपीजेड एक ऐप-आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और अन्य क्रिप्टो मुद्राओं के लिए खनन मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का वादा करता है। जालसाजों ने कथित तौर पर एक कार्यप्रणाली का इस्तेमाल किया जो पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में उनके निवेश पर भारी रिटर्न के बहाने एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश करने के लिए लुभाता था।

**बढ़ी ताकत** 650 किमी तक मार करने वाली पनडुब्बी रोधी मिसाइल का सफल परीक्षण

# समंदर में दुश्मन पर लगेगा सटीक निशाना

**एजेंसी, नई दिल्ली**


भारत ने बुधवार को ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सफल परीक्षण किया। यह पनडुब्बी रोधी मिसाइल 650 किलोमीटर तक जाकर अपने लक्ष्य को भेद सकती है।

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा डिजाइन और विकसित, 'स्मार्ट' एक अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्के वजन वाली टारपीडो डिलीवरी प्रणाली है जो हल्के वजन की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक भारतीय नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को बढ़ाएगी। इस कनस्तर-आधारित मिसाइल प्रणाली में कई उन्नत उप-प्रणालियां शामिल हैं, अर्थात दो-चरणीय ठोस प्रणोदन प्रणाली, इलेक्ट्रो मेकेनिकल एक्चुएटर प्रणाली, सटीक जड़त्वीय नेविगेशन प्रणाली, आदि। यह प्रणाली पैराशूट-आधारित के साथ पेलोड के रूप में उन्नत हल्के वजन वाले टारपीडो को ले जाती है।



### नौसेना की ताकत और बढ़ेगी : राजनाथ सिंह

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पनडुब्बी रोधी मिसाइल के सफल उड़ान परीक्षण पर डीआरडीओ और उद्योग भागीदारों की सराहना की है। उन्होंने कहा, 'प्रणाली के विकास से हमारी नौसेना की ताकत और बढ़ेगी।' डीआरडीओ के अध्यक्ष समीर वी कामत ने पूरी टीम के सहक्रियात्मक प्रयासों की सराहना की।



### लंबी दूरी के लक्ष्य को भेदने में सक्षम

**डीआरडीओ** की यह सुपरसोनिक मिसाइल अपने साथ एक टारपीडो, पैराशूट डिलीवरी सिस्टम को भी ले जा सकता है। डीआरडीओ ने इसे दुश्मन देश की पनडुब्बी को निशाना बनाने के लिए विकसित किया है। पाकिस्तान और चीन का सामरिक ताकत से निपटने के लिए भारत की यह मिसाइल काफी उपयोगी साबित होगी। सबसे बड़ी बात की इस मिसाइल की रेंज पारंपरिक टारपीडो से कहीं ज्यादा है।

सलमान खान फायरिंग मामला

## अनुज थापन ने पुलिस कस्टडी में किया सुसाइड

**एजेंसी, मुंबई**

अभिनेता सलमान खान के आवास बांद्रा स्थित गैलेक्सी अपार्टमेंट के सामने हवाई फायरिंग करने के लिए हथियार देने के आरोपित अनुज थापन ने पुलिस कस्टडी में सुसाइड कर लिया है।

उसने लॉकअप में आत्महत्या करने की कोशिश की थी, इसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया था, जहां उसकी मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार अनुज थापन और सोनू सुभाष चंदर पर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने के लिए 15 मार्च को हथियार सप्लाई करने का आरोप है। इन दोनों को मुंबई पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार करके मुंबई पुलिस मुख्यालय में स्थित क्राइम ब्रांच के लॉकअप में रखा गया। इसी लॉकअप में मंगलवार को देर रात अनुज थापन ने फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। अनुज थापन के सुसाइड की जांच राज्य की सीआईडी को सौंपी गई

अब तक की छानबीन में पता चला है कि अनुज थापन ट्रक पर हेल्पर का काम करता था, जबकि सुभाष खेती का काम करता था। अनुज पर पहले से अपराध दर्ज हैं और लॉरेंस विश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है।

**मतदान का संदेश**



पीपल जातर मेले में रैंप पर कैटवॉक कर मतदान का संदेश देतीं स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता की प्रतिभागी।

**जागरूकता अभियान**



सरकाघाट में बुधवार को त्रिफालघाट के बूथ नंबर 108 नवाणी में लोगों, दुकानदारों, महिलाओं और युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करती स्वीप टीम।

### झूठ के सहारे सत्ता पाना चाह रहे जयराम, चार जून को जनता देगी जवाब : सुक्खू

# मोदी वाराणसी से तो आनंद शर्मा कांगड़ा से क्यों नहीं लड़ सकते

अनंत ज्ञान, नादौन

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सूक्खू ने वीरवार को नादौन में पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जयराम झूठ व डर के सहारे सत्ता पाना चाह रहे हैं, लेकिन यह संभव नहीं है। वह धैर्य रखें। चार जून को जनता का जवाब भाजपा को मिल जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात छोड़कर वाराणसी से चुनाव लड़ सकते हैं, तो पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा कांगड़ा लोकसभा सीट से चुनाव मैदान में क्यों नहीं उतर सकते। वह तो हिमाचल प्रदेश के शिमला के रहने वाले हैं और पूरा राज्य उनका घर है। बड़ी खुशी की बात है कि आनंद शर्मा को कांगड़ा से टिकट मिली है। वह अच्छे वक्ता हैं, उनकी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर अच्छी पकड़ व समझ है। वह राष्ट्रीय स्तर पर जाने-पहचाने चेहरे हैं। संसद में उनकी आवाज गूंजने पर हिमाचल को लाभ होगा।



नादौन में बुधवार को भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए लोगों का मुख्यमंत्री सुक्खू ने पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया।

### आनंद शर्मा पार्टी का बड़ा चेहरा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि आनंद शर्मा पार्टी का बड़ा चेहरा हैं। वह संसद में कांग्रेस विचारधारा का प्रतिनिधित्व करेंगे। भाजपा के तीनों सासंद प्रदेश में आई इतिहास की सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा के दौरान केंद्र सरकार से विशेष राहत पैकेज दिलाने में विफल रहे। आनंद केंद्र में बनने वाली कांग्रेस सरकार में अहम भूमिका निभाकर हिमाचल के लिए विशेष पैकेज लाएंगे। हिमाचल में कांग्रेस की लड़ाई बिकाऊ विधायकों और लोकतंत्र की हत्या करने वालों के खिलाफ है।

### कांग्रेस के छह पूर्व विधायकों को भाजपा ने खरीदा

**कांग्रेस** के छह पूर्व विधायकों को निश्चित तौर पर भाजपा ने खरीदा है। नेता प्रतिपक्ष जयराम झूठ का ढिंढोरा पीट रहे हैं, जनता में उनकी पोल खुल चुकी है। जयराम का गणित बेहद कमजोर है, कांग्रेस सरकार 5 साल का कार्यकाल पूरा कर जनता की अदालत में जाएगी। जनता की सेवा जिसने की होगी, उसे फिर सत्ता में आने का मौका मिलेगा। जयराम नहीं चाहते थे कि कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन स्कीम, महिलाओं को 1500 रुपए, मनरेगा कर्मियों को 60 रुपए बढ़ी हुई दिहाड़ी, किसानों को दूध पर एमएसपी व कर्मचारियों को बढ़ा हुआ मानदेय मिले, इसलिए वह पैसे के दम पर सरकार गिराने की साजिश रचने में लगे रहते हैं।

### नादौन विधानसभा क्षेत्र के कई लोग कांग्रेस में शामिल

**नादौन।** नादौन विधानसभा क्षेत्र की फाहल और सनाही पंचायत के भरयाल गांव के कई भाजपा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं को पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल करवाया। फाहल के जगत सिंह, प्यार सिंह, राजीव, कपिल, विक्रम सिंह व शशिकांत व भरयाल गांव से पुरुषोत्तम चंद, सुनील कुमार, राजीव, वासुदेव, कांता देवी, सुरेंद्र, अर्चना व विजय आदि ने कांग्रेस का दामन थामा। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू ने कहा कि नादौन विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ता पार्टी से मोहभंग होने पर कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं। कांग्रेस में शामिल हुए लोगों को उचित मान-सम्मान मिलेगा। उनके सभी जायज कार्य भी होंगे। हिमाचल में भी कांग्रेस लोकसभा की चारों सीटें जीतेगी। अनुराग ठाकुर ने संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए कुछ नहीं किया। जोलसप्पड़ मेडिकल कॉलेज को लेकर भी अनुराग झूठ बोल रहे हैं। यह कॉलेज मैंने यूपीए-2 में रात 11 बजे पूर्व स्वास्थ्य मंत्री गुलाम नबी आजाद से स्वीकृत करवाया था।

**मुख्यमंत्री बोले- भाजपा कार्यकर्ताओं का पार्टी से हो चुका मोहभंग**

**रणधीर शर्मा ने कांग्रेस पर बोला हमला**

### केंद्र से आपदा राहत के लिए मिले धन को खर्च नहीं कर पाई प्रदेश सरकार



**शिमला।** भाजपा विधायक एवं मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा ने शिमला में प्रेसवार्ता में कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा आने पर कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री और सभी मंत्री अपनी पीठ थपथपाने से पीछे नहीं हटते थे, लेकिन सच्चाई यह है कि आपदा राहत के लिए केंद्र सरकार ने एनडीआरएफ और एसडीआरएफ के माध्यम से प्रदेश का अलग-अलग किस्तों में दो हजार रुपए की आर्थिक सहायता की, लेकिन अभी तक सरकार ने 1820 करोड़ रुपए ही खर्च कर पाई है।

**कहा- विकास कार्यों और प्रोजेक्टों में रोड़ा अटकाने का किया काम**

सात लाख रुपए मकान बनाने की घोषणा करने वालों ने अभी तक जनता को 3 लाख रुपए ही दिए, जो राहत राशि प्रभावितों को दी गई, उसमें भी भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार हो रहा है। कांग्रेस सरकार ने केंद्र सरकार की ओर से प्रदेश में शुरू किए गए विकास कार्यों और प्रोजेक्टों में रोड़ा अटकाने का काम किया जा रहा हैं।

### कांग्रेस ने रोकी भानुपल्ली रेल की रफ्तार

**रणधीर** शर्मा ने कहा कि प्रदेश में केंद्र सरकार के प्रयास से कार्यरत भानुपल्ली रेलवे निर्माणाधीन है। केंद्र ने इस रेलवे निर्माण के लिए 4938 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। इस रेलवे लाइन के लिए जमीन प्रदेश सरकार ने उपलब्ध करवानी है, लेकिन जब से कांग्रेस सरकार सत्ता में आई तब से अपने हिस्से का पैसा नहीं दे रही है। पिछली भाजपा सरकार ने 800 करोड़ रुपए लगभग देनदारी अदा की थी, परंतु इस कांग्रेस सरकार के समय एक भी पैसा नहीं देने के कारण अब यह देनदारी 1243 करोड़ पहुंच गई है। प्रदेश सरकार ने विधायक क्षेत्र विकास निधि की एक भी किस्त नहीं दी। प्रत्येक विधायक को 50 लाख प्रति माह प्रति विधानसभा क्षेत्र पर यह किस्त दी जाती है।


## कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



**मंडी** संसदीय क्षेत्र में बहुत सारी समस्याएं हैं, इनके समाधान के लिए निर्वाचित सांसद को गंभीर प्रयास करने होंगे। शिक्षा और स्वास्थ्य भी बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं। मंडी कॉलेज प्रदेश के सबसे पुराने कॉलेजों में से एक है, लेकिन आज दिन तक हम 500 छात्रों के लिए भी हॉस्टल नहीं बना पाए, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। **दीप माला पांडिया (मंडी)**



सांसद ऐसा हो, जो युवाओं की बात को केंद्र में उठा सके और संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य पर ज्यादा ध्यान दे। साथ ही प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगाने पर कार्य करे। युवाओं के लिए स्टार्टअप फंड भी उपलब्ध कराए ताकी सरकार पर नोकरी देने का बोझ कम पड़े।
**हेतराम सिंह, (बल्ह विधानसभा क्षेत्र)**



आज का युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है और युवा सरकारी नौकरियों की नोटिफिकेशन का इंतजार कर रहा है। सांसद समय पर युवाओं को विभिन्न विभाग में नौकरियों का प्रावधान करे, ताकि युवा समय पर तैयारी कर अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें।
**नमन शर्मा, सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र**



**देश** को मजबूती प्रदान करने वाले दल को वोट दिया जाना चाहिए। विकसित भारत के लिए प्रयास हो रहे हैं और यह प्रयास धरातल पर भी दिखे हैं। देश में सौहार्द का माहौल है। देश में खुशहाली तभी रह सकती है, जब हमारे जनप्रतिनिधि संवेदनशील हों। **अभय पराशर (ऊना)**



सांसद युवाओं के हित की आवाज केंद्र में उठाए। क्षेत्र में उद्योग स्थापित और पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करे। युवाओं को कई तरह के रोजगार उपलब्ध हो सके। मंडी शहर को वाई-फाई सिटी बनाया जाए। शहर के साथ गांव के स्तर पर पुस्तकालय खोले जाएं।
**हंसराज भारद्वाज, सदर विधानसभा क्षेत्र**



सांसद जमीन से जुड़ा हुआ होना चाहिए, जो आमजन की समस्याओं को समझे और निवारण करे। केंद्र में उन समस्याओं को प्रमुखता से उठाए। सांसद भ्रष्टाचार को खत्म करने में भी आगे रहें और हर भ्रष्टाचारी को खदेड़ने का काम भी करें।
**सुमन ठाकुर, बल्ह विधानसभा क्षेत्र**



भारत दुनिया का आध्यात्मिक और आस्था का केंद्र है। देश का मूल सनातन है। सनातन प्रहरी ही देश के सभी जाति धर्म को एक साथ चलने की क्षमता रखते हैं। देश को वर्तमान में सनातन का सम्मान और रक्षा करने वाली सरकार चाहिए और मतदान कर मजबूत सरकार बनाने में अपना ही योगदान देना चाहिए **दलेल सिंह (बड़सर)**



**राष्ट्र** धर्म और संस्कृति के संरक्षण के लिए जिन्होंने काम किया है उनके पक्ष में मतदान करना जरूरी है। देश को ईमानदार और सशक्त सरकार की आवश्यकता है। मतदान सभी को करना चाहिए, जिससे राष्ट्र निर्माण में आपकी भी भूमिका रहे।
**-बलवीर शशि ठाकुर (भरमौर)**



**देश** में विकास के नाम पर प्रकृति को अंधाधुंध नुकसान पहुंच रहा है। संतुलित विकास को तरजीह देने की जरूरत है। शिक्षा और स्वास्थ्य को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए अभी कुछ खास कदम नहीं उठाए जा रहे हैं।
**-हरि सिंह अत्री (उलांसा)**



**आज** सबसे बड़ा मुद्दा सुरक्षा का है। विश्व में कई देशों में तनाव चल रहा है बावजूद इसके हिंदुस्तान खुद को सुरक्षित महसूस करता है देश को ईमानदार और संशक्त सरकार की आवश्यकता है। ऐसी पार्टी और नेता को वोट दिया जाना चाहिए, जो देश के नागरिकों की रक्षा और सीमा की सुरक्षा की गारंटी दे।
**-विशाल चौधरी (भरमौर**



मतदान करना मेरा अधिकार है और कर्तव्य भी है। पहली बार मतदान करने का अवसर मिलने जा रहा है और काफी खुश हूं। पहला मतदान व्यर्थ न जाए, उसके लिए पहले ही प्रत्याशी और उसकी प्राथमिकताओं को देखकर ही वोट दूंगा। लोगों को मतदान के बारे में जागरूक भी कर रहा हूं।
**शैलेश माहलांगपा (लाहौल-स्पीति)**



दूसरी बार मतदान करने का मौका मिल रहा है, जिसको लेकर उत्साहित हूं। परिवार के साथ मतदान करने जाऊंगा और अपने दोस्तों, रिश्तेदारों को भी मतदान के बारे में जागरुक करूंगा। युवा, शिक्षित एवं ईमानदार नेता को ही वोट दें, ताकि जीतने के बाद वह प्रमुखता से क्षेत्र का विकास करने की दिशा में कार्य करे।
**सुशील कुमार (यंगथंग लाहौल-स्पीति)**



राजनीतिक दल देश के मुद्दों को छोड़कर एक-दूसरे पर टीका टिप्पणी कर रहे हैं। उम्मीदवारों को इससे बचना चाहिए। देश की रक्षा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ शिक्षा रोजगार के अवसर बढ़ने चाहिए। महंगाई पर भी अंकुश की जरूरत है। **महेंद्र वर्मा (सोलन)**

# कांग्रेस ने कांगड़ा में खेला 'रणनीतिकार' पर दांव

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

**राज्यसभा** चुनाव में दोस्तों के सहारे चुनाव जीतने वाले कांग्रेस के पूर्व रणनीतिकार और अब भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन के बाद कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व राज्यसभा सांसद व अपने पुराने रणनीतिकार रहे आनंद शर्मा पर दांव खेला है।

कांगड़ा संसदीय सीट के ज्यादातर विधायक आनंद शर्मा के करीबी हैं। वहीं, कांगड़ा में ब्राह्मण बनाम ब्राह्मण का कार्ड खेला है। देर से ही सही, लेकिन कांग्रेस ने लोकसभा चुनावों को लेकर चारों चेहरे फाइनल कर दिए हैं। पूरी रणनीति में कांग्रेस ने अपने रणनीतिकारों को जमीन पर उतार कर सियासत में हलचल पैदा कर दी है। कांग्रेस ने कांगड़ा संसदीय सीट पर आनंद शर्मा को प्रत्याशी बनाकर नया दांव चला है। आनंद शर्मा 1982 का विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं और भाजपा के दौलत राम चौहान से हार गए थे। यह उनका पहला लोकसभा और दूसरा चुनाव होगा। भाजपा ने लंबे समय से संगठन में सक्रिय और पार्टी उपाध्यक्ष राजीव भारद्वाज को कांगड़ा संसदीय सीट से उतारा है। इनके समर्पण के लिए पार्टी ने उन्हें पहली बार टिकट देकर कांगड़ा जैसी अहम संसदीय सीट से उतारा है।

**1982 में विधानसभा चुनाव में हारे थे आनंद**

### 3 चुनावों से कांगड़ा संसदीय सीट भाजपा का गढ़

**कांगड़ा** संसदीय सीट भाजपा की गढ़ है। इस संसदीय सीट पर चंद्र कुमार अंतिम बार जीत दर्ज करवाने में सफल रहे थे। भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री व पूर्व सीएम शांता कुमार को हराया था। 2009 में भाजपा की टिकट पर राजन सुशांत, 2014 में शांता कुमार व 2019 में किशन कपूर ने देशभर में मत प्रतिशतता में दूसरी सबसे बड़ी जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में पहली बार दलबदल की राजनीति हावी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** के राजनीतिक इतिहास में पहली बार दलबदल की राजनीति हावी हो रही है। सियासत में राजनीतिक दलों के नेता भले ही एक-दूसरे के खिलाफ जमकर कीचड़ उछालते हों, लेकिन सियासत में कभी कोई पक्का मित्र और शत्रु नहीं रहता।

कभी भी राजनीतिक दलों के नेता अपनी सुविधा के मुताबिक पाला बदलकर दूसरे दल में शामिल हो जाते हैं।

इसी तरह के राजनीति हालात इन दिनों हिमाचल में पैदा हुए हैं। यहां अंतिम चरण 1 जून को चार लोकसभा सहित विधानसभा की 6 सीटों के लिए उपचुनाव होना है, लेकिन दोनों दलों में नेताओं की अदला-बदली से मतदान से पहले प्रदेश की 6 विधानसभा उपचुनाव में मुकाबला भाजपा के कांग्रेसी बनाम कांग्रेस के भाजपाइयों में हो रहा है।

### कांगेस के बागी भाजपा के प्रत्याशी बने



**धर्मशाला** में कांग्रेस से बागी सुधीर शर्मा अब भाजपा टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह से सुजानपुर से भाजपा ने कांग्रेस के बागी राजेंद्र राणा को प्रत्याशी बनाया है। गगरेट से कांग्रेस के बागी चैतन्य शर्मा भाजपा की तरफ से मैदान में हैं। बड़सर सीट पर अब कांग्रेस के चुनाव चिन्ह पर विधायक बने इंद्रदत्त लखनपाल उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी हैं। लाहौल-स्पीति विधानसभा सीट पर भी भाजपा ने कांग्रेस के बागी रवि ठाकुर को टिकट दिया है। इसके अलावा कुटलैहड़ से कांग्रेस को छोड़ चुके देवेंद्र भुट्टो भाजपा के उम्मीदवार हैं।

### नाराज भाजपा नेता कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद में

भाजपा छोड़कर कांग्रेस में आए दो नेताओं को टिकट मिलने से अब अन्य बची तीन सीटों पर भी भाजपा से नाराज चल रहे नेता कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद पाले हुए हैं। लाहौल-स्पीति से पूर्व मंत्री रामलाल मार्कंडेय, 2022 के विधानसभा चुनाव में धर्मशाला से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़े राजेश चौधरी और कुटलैहड़ में पिछली बार भाजपा से बागी होकर चुनाव लड़े संजीव के भी कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है।

### कांग्रेस ने भाजपा से आए दो नेताओं को दिया टिकट

**सियासती** बगावत केवल कांग्रेस के भीतर नहीं हुई है। कांग्रेस के बागियों को टिकट देने पर भाजपा में भी बगावत की चिंगारी सुलग रही है। दो विधानसभा सीटों पर तो भाजपा को छोड़कर आए नेताओं को कांग्रेस ने विधानसभा उपचुनाव में अपना प्रत्याशी बनाया है। सुजानपुर में पिछला विधानसभा चुनाव भाजपा टिकट पर लड़े रणजीत सिंह राणा अब कांग्रेस के प्रत्याशी हैं। गगरेट में भाजपा ने कांग्रेस के बागी चैतन्य शर्मा को टिकट दिया है। इससे नाराज भाजपा नेता पूर्व विधायक राकेश कालिया ने पार्टी छोड़ दी है। अब राकेश कालिया कांग्रेस पार्टी के चुनाव चिन्ह पर उपचुनाव में भाग्य आजमा रहे हैं। हालांकि, राकेश कालिया पहले कांग्रेस के ही सिपाई रहे हैं और इसी पार्टी से दो बार विधायक भी रह चुके हैं।

# वीरभद्र ने किया था पिता का अपमान इसलिए छोड़ी थी पार्टी : अनिल शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी

**प्रदेश** का मंत्री होने के बाद भी मैंने पार्टी छोड़ी, क्योंकि राजा वीरभद्र सिंह ने मेरे पिता जी की उम्र का लिहाज भी नहीं किया और मंच से उन पर अपनी पूरी भड़ास निकाल दी। मैंने पुत्र धर्म निभाते हुए कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा ज्वॉइन की और मुझे मान-सम्मान मिला।

यह बात मंडी के भ्यूली में सदर हलके के पन्ना प्रमुख सम्मेलन में सदर विधायक अनिल शर्मा ने कही। उन्होंने मंडी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य को नसीहत दे डाली। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के बारे में बोलने के लिए आपका कद नहीं है।

अभी आप नए-नए मंत्री बने हैं। आपको अभी बड़ा बनने में समय लगेगा, इसलिए आप अपने कद को देखते हुए ही किसी पर टिप्पणी करें। जयराम ठाकुर प्रदेश के मुख्यमंत्री रह चुके हैं और वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष हैं। विक्रमादित्य सोच समझकर बोलें।




पन्ना प्रमुख सम्मेलन के दौरान मंच पर मौजूद विधायक अनिल शर्मा, कल्पना सैनी, गोविंद, विनोद व अजय राणा।

**दिलचस्प** मंडी लोकसभा सीट पर क्वीन बनाम किंग, तो कांगड़ा में दोनों दलों ने ब्राह्मणों पर खेला दांव

# हिमाचल में भाजपा के सामने कांग्रेस के नए चेहरे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में इस बार का लोकसभा चुनाव बेहद रोचक होने वाला है। प्रदेश की सभी चारों सीटों पर भाजपा का मुकाबला कांग्रेस के नए चेहरों से होगा।

हमीरपुर लोकसभा सीट पर भाजपा से केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के खिलाफ कांग्रेस ने सतपाल रायजादा पर दांव खेला है। कांगड़ा लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा को उतारकर चुनावी रण को रोचक बना दिया है। इनका मुकाबला भाजपा के राजीव भारद्वाज से होगा। कांगड़ा सीट पर दोनों दलों ने ब्राह्मण चेहरों पर भरोसा जताया है। खास बात यह है कि कांग्रेस के दोनों उम्मीदवार अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। 71 वर्षीय आंनद शर्मा हिमाचल से दो बार राज्यसभा सांसद रहे हैं। वह यूपीए सरकार के दो कार्यकालों में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। शिमला के मूल निवासी आंनद शर्मा को कांगड़ा से उतारने के कांग्रेस आलकमान के फैसले को चौंकाने वाला माना जा रहा है। मंडी में भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को टिकट दी है। वहीं, कांग्रेस की ओर से विक्रमादित्य सिंह के उतरने से चुनाव हाई प्रोफाइल व रोमांचक बन गया है। इस सीट पर वीरभद्र परिवार का वर्चस्व रहा है। वीरभद्र की पत्नी प्रतिभा सिंह मंडी सीट से वर्तमान सांसद हैं। विक्रमादित्य सिंह रामपुर सियासत के राजा हैं। ऐसे में इस सीट पर क्वीन बनाम किंग का मुकाबला होगा।


### भाजपा ने दो और कांग्रेस ने चारों सीटों पर बदले उम्मीदवार

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सभी चारों सीटों पर बड़े अंतर से जीत हासिल की थी। बावजूद इसके पार्टी ने यहां दो उम्मीदवार बदल दिए हैं। मंडी से पूर्व उम्मीदवार व सांसद रहे रामस्वरूप शर्मा के निधन के कारण कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाया है। कांगड़ा सीट पर किशन कपूर की जगह संगठन से जुड़े राजीव भारद्वाज चुनाव मैदान में हैं। जिन दो सीटों में भाजपा ने अपने मौजूद उम्मीदवारों पर भरोसा जताया है, उनमें हमीरपुर से अनुराग ठाकुर और शिमला से सुरेश कश्यप हैं। अनुराग ठाकुर हमीरपुर से लगातार चार बार जीत चुके हैं। शिमला से सुरेश कश्यप दूसरा लोकसभा चुनाव जीतने के इरादे से मैदान में हैं।

### तीन सीटों पर मुख्यमंत्री सुक्खू की पसंद के उम्मीदवार

**कांग्रेस** उम्मीदवार तय करने में हाईकमान ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पसंद का ध्यान रखा है। कांगड़ा से उतारे गए आनंद शर्मा स्व. वीरभद्र सिंह के सियासी विरोधियों में रहे हैं। हमीरपुर से अनुराग के खिलाफ उम्मीदवार चयन करने में भी सुक्खू की पसंद चली और रायजादा को टिकट दिलाई है। शिमला से विनोद सुल्तानपुरी भी सीएम सुक्खू के करीबी हैं। एकमात्र मंडी सीट ही ऐसी है, जहां वीरभद्र परिवार फिर चुनाव मैदान में है। इस सीट से कांग्रेस उम्मीदवार बनाए गए विक्रमादित्य ने पिछले दिनों सीएम सुक्खू के साथ मतभेद के चलते कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था, हालांकि बाद में वापस ले लिया था।

## हैप्पी बर्थडे



परागपुर के अमित वालिया को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें


बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

### नशे के सौदागरों पर कांगड़ा पुलिस का शिकंजा

# कांगड़ा बाईपास हनुमान मंदिर के नजदीक कार के डैशबोर्ड से 10 ग्राम हेरोइन बरामद

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा पुलिस एक बार फिर नशा तस्करों पर भारी पड़ी है। जानकारी के अनुसार कांगड़ा बाईपास बाणगंगा के पास हनुमान मंदिर के नजदीक एक कार के डैशबोर्ड से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। इस मामले की पुष्टि डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने की है।



उन्होंने बताया कि कांगड़ा थाने की पुलिस टीम ने मंगलवार देर रात एक ऑल्टो कार को चेंकिंग के लिए रोका तो उस कार में बैठे दो युवकों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुई। जिससे की पुलिस टीम को उक्त युवकों पर शक हुआ और जब पुलिस ने कार की जांच की तो कार के डैशबोर्ड में से 10 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।

उन्होंने बताया कि पुलिस थाना कांगड़ा में एनडीपीएस अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपी योल के रहने वाले हैं और पहले भी नशे की तस्करी में सक्रिय रूप से शामिल रहे हैं। उन्होंने बताया कि उक्त युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि नशे के सौदागरों को बख्शा नहीं जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# मतदान केंद्रों में दिव्यांगों के लिए होगी रैंप की सुविधा : हेमराज

## उपायुक्त ने नंदरूल और राजल में पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण

- सुलभ शौचालय, पेयजल का प्रबंध करने के दिए निर्देश
- कहा- मॉडल पोलिंग स्टेशन भी किए जाएंगे स्थापित
- 29 पोलिंग बूथ महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने बुधवार को कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के राजल तथा नंदरूल पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों को बुजुर्गों, महिलाओं व दिव्यांगों की सुविधा के लिए मतदान केंद्रों में रैंप, सुलभ शौचालय, पेयजल व उचित प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इस संबंध में शिक्षा विभाग, पंचायतीराज विभाग के अधिकारियों को पोलिंग बूथों की स्थापना के लिए चुनाव आयोग के दिशा निर्देशानुसार आवश्यक प्रबंधों की रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक विस क्षेत्र में दो-दो तथा ज्वालामुखी, देहरा, जसवां-परागपुर में तीन-तीन मॉडल पोलिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। कांगड़ा जिला के विभिन्न विस क्षेत्रों में 29 पोलिंग बूथ महिलाओं द्वारा संचालित किए जाएंगे इसके साथ ही आठ पोलिंग स्टेशन दिव्यांगों तथा धर्मशाला का दाड़ी बूथ युवाओं द्वारा संचालित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन-2024 प्रक्रिया निष्पक्ष तथा शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न करवाने के लिए नोडल अधिकारी भी तैनात किए गए हैं जिसमें कानून व्यवस्था के लिए एसपी कांगड़ा तथा एसपी नूरपुर, स्वीप के लिए एडीसी, ईवीएम प्रबंधन के लिए एडीएम, आदर्श आचार संहिता एमसीसी के लिए एडीएम, परिवहन के लिए डीएम एचआरटीसी, दिव्यांगजनों के लिए जिला कल्याण अधिकारी को नोडल आफिसर तैनात किया गया है। इस अवसर पर एसडीएम ईशांत जस्वाल भी उपस्थित थे।



पोलिंग बूथों के निरीक्षण के दौरान उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा एवं अन्य अधिकारी।

### बड़ा भंगाल के लिए सहायक मतदान केंद्र बनाने का भेजा प्रस्ताव

कांगड़ा जिला के दुर्गम क्षेत्र बड़ा भंगाल के मतदाताओं के लिए बीड़ में सहायक मतदान केंद्र खोलने का प्रस्ताव निर्वाचन विभाग को भेजा जाएगा। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी हेमराज बैरवा ने बुधवार को उपायुक्त कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि बड़ा भंगाल के मतदाताओं के लिए पहले की ही तरह बीड़ में सहायक मतदान केंद्र स्थापित करने को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने अपनी सहमति जताई है जिसके आधार पर ही निर्वाचन आयोग को सहायक मतदान केंद्र का प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### मूहल स्कूल का 12वीं का परिणाम सराहनीय



**गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मूहल में प्लस टू बोर्ड परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा। सभी छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में पास हुए है। स्कूल प्रधानाचार्य राकेश कुमारी उपप्रधानाचार्य निश्चिंत ठाकुर ने कहा कि 12 छात्राओं ने 400 से अधिक अंक अर्जित किए हैं। इनमें अवंतिका ने 478 अंक, नेहा नरोत्रा ने 474 अंक, दिव्यांशी ने 468 अंक, दीक्षा ने 457 अंक, ज्योति ने 450 अंक, अंशिका ने 445 अंक, प्राची ने 418 अंक, प्रिया चौधरी ने 416 अंक, पायल ने 410 अंक, पल्लवी ने 406 अंक, सिमरन ने 401 अंक, सिया ने 401 अंक प्राप्त किए है। इस शानदार सफलता के लिए स्कूल प्रधानाचार्य राकेश कुमारी ने सभी छात्रों को बधाई दी है।

### ममता कटवाल ने नियुक्ति पर जताया आभार



**गरली।** ग्राम पंचायत चौली की पूर्व प्रधान ममता कटवाल को जसवां-परागपुर ब्लॉक कांग्रेस महिला संगठक अध्यक्ष की जिम्मेदारी से नवाजा गया है। ममता ने चौली में पंचायत प्रधान रहते हुए अनेक सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर समाज व कांग्रेस पार्टी में अपनी अलग पहचान बनाई है। ममता की कर्मठता और जुझारूपन के कारण उन्हें यह जिम्मेदारी मुख्य संगठक प्रदेश कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष अनुराग शर्मा द्वारा सौंपी गई है। इससे अगामी लोकसभा चुनावों में तमाम महिलाओं का जोश व मनोबल और भी ज्यादा बढ़ेगा। महिला संगठन की जिला ब्लॉक अध्यक्ष ममता ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संगठन की यह पहल स्वागत योग्य है और जो भी जिम्मेदारी प्रदेश सरकार द्वारा मुझे सौंपी गई है उस पर खरा उतरुंगी। उन्होंने इस नियुक्ति पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पार्टी अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, सुरेंद्र सिंह मनकोटिया, अनुराग शर्मा आदि नेताओं का आभार व्यक्त किया है।

### परागपुर स्कूल को दिए 25000 रुपए



परागपुर स्कूल की प्रधानाचार्य को 25 हजार का चेक देती सुरेश कुमारी।

**गरली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल परागपुर से वर्ष 2022 में सेवानिवृत्त हुई सुरेश कुमारी प्रवक्ता राजनीति शास्त्र ने बुधवार को इसी स्कूल के रख रखाव के लिए 25000 रुपए दान दिए। सुरेश कुमारी ने 25 हजार रुपए का चेक स्कूल प्रधानाचार्य सीमा कौशल को भेंट किया। स्कूल प्रधानाचार्य की मौजूदगी में समस्त स्टाफ ने इस नेक कार्य के लिए सुरेश कुमारी का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि सुरेश कुमारी ने इस स्कूल में लगभग सात वर्ष तक लगातार अपनी सेवाएं दी थी। प्रधानाचार्य ने उन्हें आश्वसत किया कि इस पैसे का उचित प्रयोग किया जाएगा।

# गगल में विंगर ने स्कूटी को मारी टक्कर, दो की मौत

- पुलिस ने मंडी में पकड़ा विंगर का चालक

**अनंत ज्ञान, गगल**

पुलिस थाना गगल के अंतर्गत मंगलवार देर रात गगल में हिमाचल टिंबर के पास स्कूटी नंबर एचपी 40 ई 8564 को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दी गई व टक्कर के बाद मौके से फरार हो गया। इस टक्कर में स्कूटी सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए।

दोनों सड़क किनारे पड़े थे, जिन्हें एंबुलेंस के माध्यम से टांडा ले जाया गया जहां डॉक्टर ने उन दोनों को को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान सौरभ कुमार पुत्र मांगो राम निवासी गगल और शुभम पुत्र रुमेल सिंह निवासी कठमा के रूप में हुई है। इस मामले की पुष्टि गगल पुलिस थाना के प्रभारी नारायण सिंह ने की है। उन्होंने बताया की मंगलवार रात को स्कूटी पर जा रहे दो लड़के जिन्हें पठानकोट से आ रही विंगर गाड़ी ने टक्कर मारी और मौके से चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया था। उस चालक को मंडी में पकड़ लिया है। चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

प्रभारी ने बताया कि पुलिस की टीम मंडी रवाना हो गई है। इस संदर्भ में गगल पुलिस ने विंगर गाड़ी व चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की छानवीन कर रही है।

# भाजपा में शामिल होते ही झूठ बोलने में माहिर हो गए सुधीर शर्मा: मल्ली

## कहा- हार के डर से खो चुके हैं मानसिक संतुलन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सुधीर शर्मा भाजपा में शामिल होते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के तमाम बड़े नेताओं की तर्ज पर झूठ बोलना सीख गए हैं। झूठ बोलने और अनाप-शनाप बयानबाजी करने के प्रशिक्षण में उन्होंने इतनी जल्दी महारत हासिल कर कमाल कर दिया है। धर्मशाला के चैतड़ू में बन रहे आईटी पार्क का निर्माण कार्य बंद होने का कोरा झूठ सुधीर शर्मा ने बोला। इंदिरा गांधी प्यारी बहन सुख सम्मान योजना के विषय में सुधीर शर्मा ने झूठ बोला। सुधीर शर्मा ने पुरानी पेंशन योजना की बहाली पर भी झूठ बोला है जबकि प्रदेश के सभी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन के दायरे में ला दिया गया है। केंद्रीय विश्वविद्यालय की धर्मशाला में स्थापना को लेकर भी सुधीर शर्मा झूठ बोल रहे हैं।

यह तंज हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव, लोकसभा एवं उपचुनाव मीडिया को-ऑर्डिनेटर पुनीत मल्ली ने कसा है। उन्होंने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि सुधीर शर्मा भाजपा के झूठ में रंग गए हैं और पूर्व मुख्यमंत्री जयराम की तर्ज पर लगातार झूठ बोल कर हास्य के पात्र बन रहे हैं। मल्ली ने कहा कि सुधीर शर्मा ने पुलिस अधीक्षक शिमला को भी एक मीडिया हाउस से बातचीत में धमकी तक दे डाली और दर्शा दिया कि वह बदले की राजनीति करते हैं।

उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और पार्टी से की गद्दारी पर शायद अब पछता रहे हैं, इसलिए बौखलाहट में झूठ और अनाप-शनाप बयानवाजी कर रहे हैं। पार्टी और धर्मशाला की आम जनता से गद्दारी के बाद भी सुधीर शर्मा यह उम्मीद कैसे कर सकते हैं कि उनके द्वारा अपमानित हुई धर्मशाला की जनता उनका समर्थन करेगी।

### आनंद शर्मा को उम्मीदवार बनाने पर प्रसन्न

**डरोह।** आनंद शर्मा को कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार बनाए जाने से सुलह विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है। जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं सुलह कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष किशोरी लाल मेहता, जितेंद्र धरवाल, प्रमोद सिंह मेहता, होशियार सिंह मेहता, रामेश्वर, सुरेंद्र कुमार, अमर नाथ चौधरी, राजेश ठाकुर, कश्मीर सिंह राणा ने एक संयुक्त बयान में कहा कि आनंद शर्मा कांग्रेस के राष्ट्रीय स्तर के नेता हैं। कांग्रेस ने उन्हें कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया है जो कि जनता के लिए गौरव का विषय है। किशोरी लाल मेहता ने कहा कि सुलह हलके में पालमपुर के समीप चाय बोर्ड का कार्यालय आनंद शर्मा ने ही केंद्र में मंत्री के कार्यकाल में खुलवाया था।

# लोअर लंबागांव में कुएं में फंसे बैल को किया रेस्क्यू



कुएं में फंसे बैल को बाहर निकालते लोग।

**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर**

तीन दिन से कुएं में फंसे बैल को लोगों ने निकालने में सफलता हासिल की है। यह मामला जयसिंहपुर के अंतर्गत लोअर लंबागांव का है।

लोअर लंबागांव कुंज्जेशवर महादेव के साथ लगते श्मशानघाट की कुछ दूरी पर बने 20 फुट गहरे सूखे कुएं में पिछले तीन दिनों से फंसे हुए बैल को बुधवार सुबह मोटिवेशन फिटनेस क्लब के सदस्यों, लोअर लंबागांव ग्राम पंचायत के प्रधान सुमन मेहरा, लंबागांव वेटरेनरी अस्पताल के कर्मचारियों, जयसिंहपुर अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों व स्थानीय लोगों द्वारा रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। लोअर लंबागांव ग्राम पंचायत प्रधान सुमन मेहरा ने कुएं में बैल फंसे होने की सूचना जयसिंहपुर अग्निशमन विभाग को दी, उसके बाद कड़ी मशक्कत के बाद सूखे कुएं से बैल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। अब बैल पूरी तरह से सुरक्षित है। (अनंत ज्ञान)

# अनिल को शाखा संपर्क प्रमुख, शक्ति चंद राणा को शाखा संस्कार प्रमुख चुना

- भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला की कार्यकारिणी का विस्तार

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

भारत विकास परिषद शाखा बैजनाथ पपरोला के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रीतम भारती, महासचिव अनुज आचार्य एवं वित्त सचिव हरीश अरोड़ा ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए विभिन्न प्रकल्पों एवं कार्यक्रमों के लिए संयोजक दायित्वधारियों की नियुक्ति कर दी है। इसमें शाखा संपर्क प्रमुख अनिल नंदा, शाखा संस्कार प्रमुख शक्ति चंद राणा, सेवा प्रमुख डॉ. देवेंद्र सूद, प्रांतीय मीडिया प्रभारी संजय सोनी, महिला एवं बाल विकास संयोजिका राविता भारद्वाज, राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता संयोजक डीआर ठाकुर, भारत को जानो प्रतियोगिता संयोजक शक्ति चंद राणा, गुरुवंदन छात्र अभिनंदन संयोजक विपीन भारद्वाज, नशा निवारण संयोजक डॉ. वीरेंद्र कौल, संपर्क प्रमुख अनिल नंदा, स्वच्छता अभियान संयोजक संजय सोनी, रक्तदान शिविर संयोजक डॉ. अनिल भारद्वाज, स्वास्थ्य शिविर संयोजक डॉ. विक्रम राणा, सिलाई केंद्र संयोजक संजय सोनी, शहीदी दिवस समारोह संयोजक शक्ति चंद राणा, संस्कार प्रमुख शक्ति चंद राणा, पर्यावरण संरक्षण संयोजक पवन कौंडल, प्रचार प्रसार संयोजक पवन चौधरी, योग शिविर कार्यक्रम संयोजक प्रवीण शर्मा और व्यक्तित्व विकास शिविर संयोजक नवनीत को महत्वपूर्ण गतिविधियों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

### धीरा स्कूल का रिजल्ट शत-प्रतिशत

**डरोह।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धीरा का जमा दो का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस उपलक्ष्य पर प्रधानाचार्य सुशील कुमार ने समस्त स्टाफ को बधाई दी। विज्ञान संकाय में आंचल ने 500 में से 435 अंक लेकर प्रथम, द्वितीय स्थान पर पारुल ने 500 में से 432 अंक लिए तथा शिवांग भारद्वाज ने 500 में से 419 अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। कॉमर्स संकाय में अर्शित सूद 500 में से 462 अंक लेकर प्रथम, कृष राणा 423 अंक लेकर द्वितिय, जबकि तृतीय स्थान पर मनीषा रही जिसने 500 में से 412 अंक प्राप्त किए।

**मेला** इस बार महिला कुश्ती रहेगी विशेष आकर्षण का केंद्र

# झंडा रस्म के साथ बड़ोई मेले का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, चामुंडा**

श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम के साथ लगते गांव बड़ोई में तीन दिवसीय मेले का झंडा रस्म के साथ शुभारंभ हुआ। मेला कमेटी के सभी सदस्यों और ग्रामीणों द्वारा माता चामुंडा देवी और नंदीकेश्वर महादेव में विधिवत्त पूजा-अर्चना की गई।



बड़ोई में तीन दिवसीय मेले के शुभारंभ पर मौजूद मुख्य अतिथि व अन्य।

मेले के पहले दिन नेता सुभाष चंद्र नर्सिंग कॉलेज के किशोरी लाल मेहता, साईं यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर तुषार पुंज ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मेले के उत्थान के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से वाइस चांसलर तुषार पुंज ने 31000 और किशोरी लाल मेहता ने 21000 की धनराशि दी। मेला कमेटी के प्रधान वॉबी गोस्वामी ने बताया कि मेला कमेटी द्वारा दो मई तक मेला करवाया जा रहा है।

मेले में दुकानदारों और ग्राहकों के लिए पानी और बिजली का विशेष प्रबंध किया गया है। मेले का माहौल खराब करने वालों और शरारती तत्वों पर पुलिस और मेला कमेटी की कड़ी नजर रहेगी। मेला ग्राउंड के अंदर कोई भी फोर व्हीलर चौपहिया वाहनो की एंट्री पूर्णता बंद रहेगी। इस बार महिला कुश्ती विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। पुरुषों की कुश्ती के फाइनल विजेता को 25 हजार और उपविजेता को 17 हजार रुपए नकद राशि दी जाएगी। इसके अतिरिक्त महिलाओं और पुरुषों की रस्साकस्सी प्रतियोगिता भी करवाई जाएगी। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान वॉबी गोस्वामी, उपप्रधान ईश्वर दास चौधरी, सेक्रेटरी रोहित शर्मा, कैशियर सुरिंद्र, सुभाष लाड्डू, पूर्व मेला कमेटी प्रधान मदन गोस्वामी, पवन सुखवाल, अनीश दीक्षित, पंकज गोस्वामी, प्रीतम चंद, तिलक दिक्षित, अशोक भट्ट,अजीत प्रधान, अनूप ठाकुर, पंकज ठाकुर, अंकुश ठाकुर, सुभाष चौहान,अमित चौहान, रवि दास आदि उपस्थित रहे।



# नूरपुर से कोपड़लाहड़ के लिए दौड़ी ट्रेन, सफल रहा ट्रायल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल ट्रैक पर दूसरे चरण का ट्रायल बुधवार को हुआ। बुधवार सुबह नूरपुर रोड से दो डिब्बों के साथ रेल इंजन दौड़ा। दो डिब्बों के साथ यह रेल इंजन कोपड़लाहड़ तक गया। इसके बाद पूरे डिब्बों के साथ ट्रायल होगा। ट्रायल सफल रहने के बाद नूरपुर रोड से बैजनाथ पपरोला के लिए ट्रेन शुरू हो जाएगी।

वहीं, बैजनाथ पपरोला से भी नूरपुर रोड तक ट्रेन चलेगी। रेलवे विभाग के अनुसार जल्द ही ट्रेन चल सकती है। बता दें कि पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे ट्रैक पर 26 अप्रैल को नूरपुर रोड से कोपड़लाहड़ तक रेल इंजन दौड़ा था। पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल ट्रैक पर जोगिंद्रनगर से कोपड़लाहड़ तक ट्रैक पहले ही क्लेयर है और ट्रेन दौड़ रही है। नूरपुर रोड से कोपड़लाहड़ तक ट्रेन बंद है। कोपड़लाहड़ से गुलेर रेलवे स्टेशन के बीच बरसात में भूस्खलन के चलते ट्रैक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। ट्रैक की मरम्मत के बाद नूरपुर रोड से पहले चरण के ट्रायल का आयोजन किया गया था। इसमें नूरपुर रोड से कोपड़लाहड़ तक रेल इंजन चलाया गया। पहले चरण के ट्रायल के सफल होने के बाद डिब्बों के साथ बुधवार को ट्रेन का दूसरा ट्रायल किया गया। ट्रायल सफल रहने पर नूरपुर रोड से जोगिंदर नगर ट्रैक पर ट्रेन दौड़ेगी। पठानकोट से नूरपुर रोड तक ट्रक चक्की पुल से टूटने से बंद है। पुल का काम जारी है।



पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेल ट्रैक पर दूसरे चरण के ट्रायल के दौरान दौड़ती रेलगाड़ी।

**▶ पूरे डिब्बों के साथ ट्रायल सफल रहने पर नूरपुर से बैजनाथ को शुरू होगी सेवा**

# हुंडई मोटर को 85,000 देने के आदेश

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

**▶ उपभोक्ता की शिकायत पर आयोग ने की कार्रवाई**

चढ़ी निवासी वरुण शर्मा पुत्र पाल शर्मा की शिकायत पर निर्णय सुनाते हुए उपभोक्ता आयोग ने कंपनी को क्लेम देने के आदेश जारी किए हैं। शिकायतकर्ता ने 29 नवंबर 2022 को सेंट हुंडई, घुरकड़ी, तहसील कांगड़ा से 9,80,000 रुपए में हुंडई की वेन्यू कार खरीदी थी। शिकायतकर्ता के अनुसार कुछ महीने के अंदर ही 16 फरवरी 2023 को गाड़ी के क्लस्टर में प्रॉब्लम आ गई, जिसकी शिकायत वरुण शर्मा ने सेंट हुंडई के शोरूम घुरकड़ी में की जिस पर सर्विस मैनेजर ने उपभोक्ता को गाड़ी को शोरूम में लाने के लिए कहा। उपभोक्ता की गाड़ी की जांच करने के बाद सर्विस मैनेजर ने बताया कि इसकी सॉफ्टवेयर अपग्रेडेशन के बाद यह प्रॉब्लम ठीक हो जाएगी। वहीं इस दौरान अपग्रेडेशन प्रक्रिया फेल हो गई और गाड़ी में इग्निशन से संबंधित एक नई दिक्कत आ गई।

कंपनी ने उपभोक्ता को बताया कि इसके क्लस्टर और इग्निशन में प्रॉब्लम है, एवं गाड़ी को सेंट हुंडई के शोरूम में ही छोड़ना पड़ेगा। उपभोक्ता को कोई भविष्य में आने-जाने के लिए दिक्कत न हो इसलिए कंपनी ने एक विकल्प के रूप में एक गाड़ी भी प्रोवाइड करवाई। हुंडई इंश्योरेंस कंपनी ने गाड़ी को ठीक करने के लिए 73 दिनों का समय लिया, सेंट हुंडई कंपनी ने 10 मई 2023 को उपभोक्ता को गाड़ी ठीक करके वापस कर दी। पेशे से अधिवक्ता वरुण शर्मा ने सात मार्च 2023 को उपभोक्ता न्यायालय धर्मशाला में अपनी शिकायत प्रस्तुत की थी, एवं न्यायालय ने पाया कि जिस दिन कंपनी ने पार्ट की रिक्वायरमेंट अपनी अन्य कंपनी को भेजी, उस दिन से गाड़ी ठीक होने तक जिसमें न्यायालय ने कंपनी में समय पर पार्ट का न पहुंचना लापरवाही का कारण बताया। इस कारण उपभोक्ता को परेशानी का सामना करना पड़ा एवं उपभोक्ता न्यायालय की तीन सदस्य पीठ, हेमांशु मिश्रा, नारायण ठाकुर,आरती सूद ने डिफिशिएंसी इन सर्विसेस का हवाला देते हुए शिकायतकर्ता को 85,000 रुपए हुंडई मोटर इंडिया कंपनी के द्वारा देने के आदेश दिए। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### ठगी के आरोपी का पता किया ट्रेस

**धर्मशाला।** ढाबे में खाने के ऑर्डर के नाम पर हजारों रुपए की ठगी मामले में साइबर पुलिस बैंक की संबधित ब्रांच की आधिकारिक लैटर का इंतजार कर रही है। सूत्रों की मानें तो बैंक से ठगी के दिन 40000 रुपए की निकासी करने वाले भोपाल के व्यक्ति का पता ट्रेस कर लिया गया है। इस मामले में बैंक की संबधित ब्रांच से आधिकारिक पत्र आने के बाद पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर सकती है। उधर धर्मशाला स्थित एएसपी साइबर प्रवीण धीमान ने बताया कि साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है। बैंक से आरोपी की डिटेल तलब की गई है ताकि ठगों तक पहुंचा जा सके।

### खटेड़ स्कूल में ओलंपियाड परीक्षा आयोजित

**गगल।** महर्षि विद्या मंदिर पब्लिक स्कूल खटेड़ में बुधवार को हिंदी, अंग्रेजी और विज्ञान की ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य अरुण शर्मा ने बताया कि इसमें पांचवी से लेकर 11वीं तक के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें कुछ विद्यार्थियों का परिणाम बहुत अच्छा आया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया।

### अवैध खनन पर एक लाख जुर्माना वसूला

**डाडासीबा।** ग्राम पंचायत अमरोह में स्वां खड्ड में देर रात अवैध खनन कर रही पोकलेन को कब्जे में लेकर संसारपुर टैरस पुलिस ने एक लाख रुपए जुर्माना वसूल किया है। अमरोह पंचायत के समस्त ग्रामवासी स्वां खडड में हो रहे अवैध खनन से काफी परेशान थे। जब देर रात पोकलेन अवैध खनन कर रही थी तो संसारपुर टैरस पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई संजय शर्मा व टीम ने अमरोह पंचायत प्रधान तरसेम लाल व स्थानीय लोगों के सहयोग से पोकलेन को अवैध खनन करते हुए पकड़ लिया। इस दौरान पोकलेन ड्राइवर मौके से रात को पोकलेन को छोड़कर भाग गया। वहीं संसारपुर टैरस चौकी इंचार्ज संजय शर्मा ने अवैध खनन पर एक लाख का जुर्माना किया गया। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने कहा कि अवैध खनन पर एक लाख जुर्माना वसूल किया है व अवैध खनन पर कार्रवाई जारी रहेगी।

### फाटा जंगल में 6.62 ग्राम चिट्टा बरामद

**पालमपुर।** पुलिस थाना पालमपुर के तहत फाटा जंगल में सागर निवासी घुग्गर खिलडू तहसील पालमपुर से 6.62 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सोनाली ने झटका क्लासिक क्वीन का खिताब

**बैजनाथ।** उपमंडल की तरेहल पंचायत के गांव नागटा की रहने वाली सोनाली शर्मा ने एक बार फिर मॉडलिंग की दुनिया में लोहा मनवाते हुए मिस यूनिवर्स क्लासिक क्वीन का खिताब अपने नाम किया। अप्रैल के अंत में हुए मिस एंटरटेनमेंट के एमडी मीट संधू द्वारा मिस एंड मिसेज नॉर्थ इंडिया और मिस एंड मिसेज यूनिवर्स क्लासिकल का शो रॉयल पार्क रिजॉर्ट जीरकपुर में करवाया गया,जिसमें सोनाली शर्मा ने मिस यूनिवर्स इंडिया क्लासिकल क्वीन का खिताब अपने नाम किया और अपना और अपने प्रदेश व क्षेत्र का नाम रोशन किया। सोनाली शर्मा के पिता तिलक राज शर्मा, माता रजनी शर्मा और भाई साहिल ने बताया कि सोनाली ने कड़ी मेहनत करके यह खिताब अपने नाम किया है।

### डीएवी तियारा में हुआ अलंकरण समारोह

**गगल।** डीएवी पब्लिक स्कूल तियारा में बुधवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को विभिन्न कार्यभार सौंपे गए। तेजस हेड ब्वॉय, राधिका हेड गर्ल, सुम्मुख डिसिप्लिन हेड ब्वॉय, शायना डिसिप्लिन हेड गर्ल, शिवांगी ईको क्लब कप्तान, नंदिनी, अक्षित खेल कप्तान, लक्ष्य, समक्ष, अभिजीत, राशिता, सुहेल, वीरेश, राजवीर, अर्पित को विभिन्न सदनों महात्मा हंस राज सदन, स्वामी दयानंद सरस्वती सदन, महात्मा आनंद स्वामी सदन,गुरुदत्त सदन के हाउस कप्तान चुना गया। स्पोर्ट्स अध्यापक कुलभूषण ने विद्यार्थियों को शपथ दिलाई और प्रधानाचार्या एकता अत्री ने विद्यार्थियों को हर गतिविधि में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

### झूठ की गारंटियों पर टिकी कांग्रेस: सुधीर

**धर्मशाला।** झूठ की गारंटियों पर टिकी कांग्रेस सरकार लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है, लेकिन लोग कांग्रेस की असलियत को अब भलीभांति समझ चुके हैं। यह आरोप प्रेस को जारी बयान में धर्मशाला से भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता आए दिन बयान दे रहे हैं कि भाजपा ने महिलाओं के 1500 रुपए में अड़गा डाल दिया, लेकिन ये बातें सरासर निराधार हैं क्योंकि असली बात यह है कि कांग्रेस की नीयत में खोट है, इसलिए प्रदेश सरकार ने इस झूठी मुहिम को पहले नहीं जारी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार को पता था कि लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, इसलिए एक सुनियोजित साजिश के तहत 1500 रुपए के फार्म भरने का ड्रामा ऐसे समय में शुरू किया गया, जब आचार संहिता लगने वाली थी। सुधीर शर्मा ने कहा कि धर्मशाला की पहचान देश दुनिया भर में है। इसलिए धर्मशाला को और विकसित करना मेरी पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि लोगों को बेहतर सुविधाएं दिलाना ही मेरा पहला कर्तव्य है, जिसे मैं हर हाल में पूरा करने को प्रयासरत हूं।

# कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गैंग लीडर

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

कोतवाली में मोबाइल स्टोर में चोरी मामले के आरोपी गैंग लीडर को पुलिस ने बुधवार को अदालत में पेश किया, जहां से उसें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस रिमांड के दौरान पूछताछ के आधार पर इसके अन्य साथियों को पकड़ने के लिए जल्द ही पुलिस बिहार जा सकती है। धर्मशाला में गिरोह के छह से सात सदस्य चोरी की घटना को अंजाम देने आए थे। पूछताछ में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली मामले में चोरी की प्लानिंग वही थी जो इस गिरोह की रहती है।

चादरों के प्रयोग के कारण इस गैंग को घोड़ासन गिरोह के अलावा चादर गैंग भी कहा जाता है। इस कुख्यात गांव के चोर गिरोह पहले निशाना बनाए जाने वाली दुकान या शोरूम की रेकी करने के बाद शटर ऊंचा कर गिरोह के पतले-दूबले सदस्य जिसको मार्शल कहते हैं को दुकान में प्रविष्ट करवाते हैं तथा इसके बाद वहीं चादर तान के सो जाते हैं। दुकान के अंदर घुसते तथा बाहर निकलते वक्त ये शातिर चादरें समेटने लगते हैं ताकि लोगों को इसकी भनक न लग सके। कोतवाली में हुई चोरी के मामले में भी मोड्स आपरेंडी यही रही तथा बिहार के घोड़ासन गिरोह के ये चोर धर्मशाला में लाखों के मोबाइल चोरी कर शातिर बिहार जा पहुंचे। धर्मशाला पुलिस की पूछताछ में सामने आया है कि चोरी किए गए मोबाइल फोन और अन्य कीमती इलेक्ट्रॉनिक सामान को नेपाल ले जाकर बेचते थे, जिससे वो सर्विलांस से ट्रैक नहीं हो पाते थे। इस गैंग के सदस्यों का एक जगह ठिकाना नहीं रहता था, इस कारण से इनकी आसानी से गिरफ्तारी संभव नहीं हो पाती। (अनंत ज्ञान)

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

### पूछताछ के आधार पर और होंगे गिरफ्तार

चोर राजूदास को 11 दिन के ज्यूडिशियल रिमांड मिलने की पुष्टि करते हुए धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पूछताछ के बाद गिरोह के दूसरे सदस्यों को भी गिरफ्तार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ये कुख्यात चोर गिरोह देश के कई राज्यों में विशेषकर मोबाइल शोरूमों को निशाना बनाता है तथा नेपाल जाकर छिप जाता है और मोबाइल भी नेपाल में बेच दिए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस चोरी के मोबाइल बरामद करने के लिए पूछताछ कर रही है।

# टांडा डिस्पेंसरी में दवाइयां होने के बावजूद बाहर से खरीदनी पड़ रही

## प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल में हालात बद से बदतर, मरीज हो रहे परेशान

**आशीष दमीर, टांडा**

**▶ लोगों ने अस्पताल प्रशासन पर लगाया कमीशनखोरी का आरोप**

**▶ कम्युनिस्ट पार्टी ने एडीसी को ज्ञापन सौंप दी चेतावनी**



प्रदेश के दूसरे सबसे बड़े अस्पताल टांडा मेडिकल कॉलेज के हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। अस्पताल की डिस्पेंसरी में दवाइयां होने के बावजूद मरीजों को दवाइयां नहीं दी जा रही हैं, जिसके चलते मरीजों को बाहरी मेडिकल स्टोर से मंहगे दामों में इन्हें खरीदना पड़ रहा है। टांडा अस्पताल के ढुलमुल रवैये से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

टांडा अस्पताल में इलाज के लिए पहुंचे लोगों ने कमीशनखोरी का आरोप लगाया है। लोगों ने बताया कि यहां पर दवाइयां सिर्फ रसूखदारों व जान पहचान वालों को ही दी जाती हैं, उनके लिए तो बकायदा डिस्पेंसरी के द्वार तक खोल कर अंदर बुला कर उन्हें सेवाएं प्रदान की जाती हैं। ऐसे में यहां मुख्य तौर पर साइक्रिटिस्ट विभाग में आने वाले रोगी जोकि पहले से ही मानसिक रूप से स्थिर नहीं होते ऐसे में इनको यहां मिलने वाली दवाइयां जो काफी महंगी बताई जाती है जिसके यहां पर्याप्त होने के बावजूद उन्हें यह दवाइयां नहीं दी जाती हैं। वहीं अस्पताल के मल्टी स्पेशलेटी विभाग जहां हृदय रोग व अनु ओपीडी भी है वहां पर भी आलम ऐसा ही है, जहां डॉक्टरों द्वारा मरीजों को एक माह की दवाई लिखी जाती है किंतु उन्हें 15 दिन की दवाई ही दी जाती है, ऐसे में यहां आने वाले मरीजों को माह में दो बार दूरदराज से किराया खर्च कर यहां दवाइयों के लिए आकर धक्के खाने को मजबूर होना पड़ता है। इसके साथ ही यहां पर कैल्शियम, ब्लड प्रेशर और खाली पेट वाली पेंटाप्रोजोल इत्यादि का भी न होने का हवाला दिया जाता है। बस इतना कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है कि दवाइयां अभी खत्म है, इनकी सप्लाई भी नहीं आ रही है। इसलिए बाहर से ले लें जबकि हकीकत कुछ और ही होती है। (अनंत ज्ञान)

### एमएस कार्यालय में करें संपर्क: डॉ. मिलाप



इस बारे में टांडा मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. मिलाप शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मामला ध्यान में आया है। यदि किसी भी मरीज को ऐसी परेशानी होती है तो वह सीधा एमएस कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

### मामला ध्यान में आया है: मुनीश कुमार

इस बारे में चीफ फार्मासिस्ट व स्टोर इंचार्ज मुनीश कुमार का कहना है कि दवाइयों की सप्लाई तो यहां समय पर होती है। यदि किसी कारणवश ऐसा हुआ है तो अब मामला ध्यान में आया है तो पता किया जाएगा। कौन सी दवाइयां यहां पर उपलब्ध नहीं हैं, उनको भी जल्द पूरा किया जाएगा ताकि भविष्य में लोगों को ऐसी परेशानी न हो।

# नगरोटा बाजार में हांफी एचआरटीसी की बस

**तरुण चौधरी, नगरोटा बगवां**

**▶ जाम लगने से यात्रियों को करना पड़ा परेशानी का सामना**

नगरोटा शहर के ओल्ड बस स्टैंड के पास बुधवार को एचआरटीसी की बस हांफ गई। जानकारी के अनुसार बैजनाथ एचआरटीसी डीपो की बस पठानकोट से बैजनाथ जा रही थी, लेकिन अपने गंतव्य तक पहुंचने से पहले ही बंद हो गई। बस चालक का मानना है कि बस का इंजन ज्यादा गर्म होने के कारण उससे धुंधा निकला, जिससे बस बंद हुई है। इसके चलते सवारियों को भी परेशानी उठानी पड़ी। बीच बाजार में बस खराब होने के कारण काफी देर तक ट्रैफिक जाम लग गया, जिसे ट्रैफिक पुलिस ने सुचारु करवाया। (अनंत ज्ञान)



शहर के ओल्ड बस स्टैंड के पास खराब हुई एचआरटीसी की बस।

# कोटला की शहनाज दौड़ी सबसे तेज

**अनंत ज्ञान। कांगड़ा**

शाहपुर पुलिस द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रैत में आयोजित दो दिवसीय खेल मेला मंगलवार को संपन्न हो गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के तौर पर उपमंडल अधिकारी शाहपुर करतार चंद ने शिरकत की। उन्होंने विजेताओ को पुरस्कार और स्मृति चिन्ह देकर समानित किया। थाना प्रभारी शाहपुर सुरजीत राणा ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक शालिनी अग्निहोत्री के निर्देशानुसार इस खेल मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लड़कों के बैडमिंटन में राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल भटेछ ने जीत हासिल की और सिहवां स्कूल दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों में घरोह स्कूल प्रथम और कल्याड़ा दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों की 200 मीटर दौड़ में कोटला की शहनाज पहले, रेहलू की प्रिया दूसरे और कोटला की अकशाना तीसरे स्थान पर रही। लड़कों की हाफ मैराथन में रैत का आर्यन प्रथम, दरगेला का कुनाल दूसरे व घरोह का सचिन तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों के वॉलीबाल मुकाबले में रैत स्कूल पहले और दरगेला दूसरे स्थान पर रहा। लड़कों के वॉलीबाल में रैत प्रथम, रजोल दूसरे स्थान पर रहा। लड़कों के कबड्डी मुकाबले में हारचक्कियां प्रथम और रैत दूसरे स्थान पर रहा। लड़कियों के कबड्डी मुकाबले में कल्याड़ा स्कूल प्रथम ओर रैत स्कूल दूसरे स्थान पर रहे।



# होशियारपुर के रफी ने जीती बड़ी माली

**लंबागांव।** पंचायत बंदाहू के कलहूं गांव में सिद्ध बाबा कपिल मुनी छिंज मेले का समापन बड़े दंगल के साथ हुआ। बड़ी माली में होशियारपुर के रफी पहलवान ने जवाली के रजत पहलवान को हराकर माली अपने नाम की। विक्रम राणा ने मुख्यातिथि व महंत कृष्णा पुरी महाराज विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित रहे। कमेटी द्वारा विजेता पहलवान को 7100 रुपए व उपविजेता को 6100 रुपए का नकद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यशपाल चौहान, शौकीन सिंह, दुर्गा सिंह, सुदर्शन चौहान, किशोर, शमशेर सिंह, कुलवंत चौहान मौजूद रहे।

# शाहपुर महाविद्यालय में रजत कुमार को किया सम्मानित



**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में बुधवार को सीडीएस में पूरे भारत वर्ष में प्रथम स्थान पर रहने वाले महाविद्यालय के छात्र रजत कुमार को सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. विश्वजीत सिंह ने कहा कि शाहपुर महाविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है कि पूरे भारत वर्ष में किसी छात्र ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह स्थान रजत ने मेहनत, प्रतिभा व सहनशीलता से प्राप्त किया है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के लिए एक ऐसे रास्ते का निर्माण किया है जो उन्हें उच्च शिखर की और अग्रसित करेगा। इससे पूर्व भी उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, सेना व अन्य स्थानों में भी महाविद्यालय के छात्रों ने विभिन्न स्थान प्राप्त किए है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग ने भी रजत को शुभकामनाएं दीं।

### सनातन को बचाना बहुत जरूरी: डॉ. अशोक

**बैजनाथ।** भारतीय जनता पार्टी चिकित्सक प्रकोष्ठ (आयुष) के प्रदेश संयोजक डॉक्टर अशोक शर्मा ने कहा कि आज संस्कृति को बचाने के लिए सनातन को बचाना बहुत जरूरी है। डॉक्टर शर्मा बुधवार को चिकित्सक प्रकोष्ठ की बैठक के बाद पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज भाजपा को छोड़कर बाकी सभी दलों ने अपनी कुर्सी के लिए अपनी पुरानी संस्कृति को भी दांव पर लगा दिया जो देश के लिए बहुत ही घातक है।

# बारहवीं के परिणाम में होलीफेथ स्कूल पठियार के बच्चों ने गाड़े सफलता के झंडे

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

होलीफेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार का रिजल्ट इस साल भी बेहतर रहा। स्टूडेंट्स ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। उन्होंने अपनी मेहनत के बूते सफलता के झंडे गाड़ दिए हैं। स्कूल के तीन विद्यार्थी जाइशा अरोड़ा, राहुल चौधरी और पीयूष कपूर पूरे नगरोटा बगवां ब्लॉक में प्रथम रहे। इन होनहार छात्रों की सफलता से स्कूल प्रबंधन और माता-पिता फूले नहीं समा रहे हैं। छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय स्कूल शिक्षकों को दिया। स्कूल के शिक्षकों ने बताया कि उन्होंने जितनी मेहनत करवाई बच्चों ने उससे दोगुनी मेहनत की, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। जब बच्चे अपनी मेहनत का क्रेडिट हम टीचर्स को देते हैं तो उससे हम बहुत गौरवान्वित होते हैं। हमें अपने बच्चों पर नाज है। स्कूल के नौ बच्चों ने नब्बे प्रतिशत से ज्यादा नंबर लिए हैं। बीस बच्चों ने अस्सी प्रतिशत अंक लिए। स्कूल के बाकी बच्चे भी अच्छे नंबरों में पास हुए हैं। 70 प्रतिशत से नीचे किसी भी स्टूडेंट के नंबर नहीं आए हैं। होनहार बच्चों को स्कूल प्रबंधन की तरफ से गिफ्ट भी दिए जाएंगे।



होलीफेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार के होनहार शिक्षकों के साथ।

**खेलकूद** | नगर परिषद मैदान कांगड़ा में तीन दिवसीय पुलिस खेल मेले का समापन

# शाहपुर को हराकर पुलिस टीम बनी वॉलीबाल विजेता

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

नगर परिषद मैदान कांगड़ा में बुधवार को तीन दिवसीय पुलिस खेल मेले का समापन हो गया। समापन समारोह में एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल और विजिलेंस एसपी बलवीर सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि कांगड़ा पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान को लेकर तीन दिवसीय पुलिस खेल मेले का आयोजन किया। इसमें बैडमिंटन, वॉलीबाल और बास्केटबाल प्रतियोगिताएं करवाई गई। इस खेल मेले में आयोजित सभी खेलों में लगभग 19 टीमों ने भाग लिया। बैडमिंटन और वॉलीबाल के फाइनल मुकाबले पिछले मंगलवार को करवा दिए गए थे और बुधवार को बास्केटबाल का फाइनल मैच कांगड़ा जूनियर और कांगड़ा सीनियर टीमों के बीच खेला गया। इसमें जूनियर टीम ने सीनियर टीम को हराया।

बैडमिंटन डबल में एसपी विजिलेंस बलबीर सिंह और रमेश चंद विजेता रहे। थाना प्रभारी कांगड़ा संजीव कुमार और मनमोहन सिंह उपविजेता रहे। इसके साथ ही वॉलीबाल का मैच पुलिस टीम और शाहपुर के बीच खेला गया। इसमें पुलिस की टीम विजेता रही और उपविजेता शाहपुर की टीम रही। उन्होंने कहा कि इन खेलों के आयोजन करने का उद्देश्य आज के युवाओं को नशे से दूर रखना है। विजिलेंस एसपी बलवीर द्वारा खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सब को एकजुट होकर नशे के खिलाफ लड़ना होगा, तभी नशे को जड़ से खत्म कर सकेंगे। ऐसी खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन से आने वाली युवा पीढ़ी का ध्यान खेलों की तरफ बढ़ेगा और नशे की तरफ घटेगा। एसडीएम कांगड़ा ने अपनी संबोधन में कहा कि पुलिस द्वारा यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है ऐसे कार्यक्रमों में हम सभी को बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए, ताकि हम आने वाली युवा पीढ़ी को नशे से बचा सके। ऐसे कार्यक्रम पंचायत स्तर में अन्य संस्थाओं को भी करने चाहिए। (अनंत ज्ञान)



नगर परिषद मैदान में खेल मेले के समापन पर खिलाड़ी व अन्य।

## न्यूज ब्रीफ

### बेरी में मतदाताओं को किया जागरूक



**सुजानपुर।** स्वीप प्रोग्राम के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक जागरूकता शिविर ग्राम पंचायत बेरी में लगाया गया। शिविर में बीडीओ राजेश्वर भाटिया ने ग्रामीणों को आने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में वोट देने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत के प्रधान व वार्ड मेंबर के अलावा अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

### अरुण बने गरीब असहाय संस्था के प्रधान

**भरेड़ी।** गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की मासिक बैठक संस्था के प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें नई कार्यकारिणी को चुना गया। प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा, उपप्रधान पीसी सैणी, बीसी कौशल, कोषाध्यक्ष रमेश चंद शर्मा, सचिव कर्म चंद सहगल, सहसचिव जगदीश चंद शर्मा, प्रेस सचिव बरफी राम, कानूनी सलाहकार विनोद कुमार को चुना गया है, जबकि अवतार सिंह, सिमरो कौशल, कश्मीर सिंह, मिलखी राम, बलवीर सिंह इत्यादि को मनोनीत सदस्य बनाया गया है। संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। सैणी ने बताया कि यह सभी सदस्य दो वर्षों के लिए चुने गए हैं।

### ईस्ट प्वाइंट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**भरेड़ी।** भोरंज के तहत ईस्ट प्वाइंट पब्लिक स्कूल सुलगवान में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिसमें विज्ञान संकाय में पूजा कुमारी ने 472 अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कनिष्का ने 467 अंक लेकर दूसरा और प्रियांशी रांगड़ा व रिजवान ने 464 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान संकाय के अन्य सभी बच्चों ने 400 से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। कला संकाय में आदित्य ने 437 अंक प्राप्त कर प्रथम व तान्या ने 399 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य रमन वर्मा ने सभी मेधावियों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

### बच्चों को पर्यावरण सुरक्षित रखने के दिए टिप्स



**सुजानपुर।** ईईपी कार्यक्रम के तहत एक मई से 5 जून तक पर्यावरण विभाग द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौरी के एनएसएस, ईको क्लब और स्कॉट एंड गाइड यूनिट्स के प्रतिभागियों द्वारा लगभग 5 किलो प्लास्टिक इकट्ठा किया गया। ईको क्लब प्रभारी राजेंद्र सिंह ने बच्चों को हवा में घुले प्लास्टिक व पानी में घुले प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की और जानकारी दी। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी कुलभूषण सिंह ने बच्चों को पर्यावरण को सुरक्षित रखने बारे जानकारी दी। इस अवसर पर संजीव कुमार, रामनाथ, मीना देवी, रेनू बाला उपस्थित रहे।

### नेरी में शोधकर्ता प्रस्तुत करेंगे अपने व्याख्यान

**रंगस।** ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी और भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर विषय पर 4 व 5 मई को दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन शोध संस्थान नेरी में किया जाएगा। जिसमें हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और मध्य प्रदेश से शोधकर्ता हिमाचल प्रदेश की संस्कृति से संबंधित विभिन्न विषयों पर शोध पत्र प्रस्तुत करेंगे। राष्ट्रीय परिसंवाद के संयोजक डॉ. कर्म सिंह ने बताया कि 4 मई को परिसंवाद के उद्घाटन सत्र में प्रसिद्ध इतिहासवेत्ता एवं अखिल भारतीय इतिहास संकलन समिति योजना के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा मुख्यातिथि होंगे तथा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सदस्य सचिव डॉ. ओम उपाध्याय कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर की कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष ननोटी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगी, जबकि 5 मई को समापन सत्र में मुख्यातिथि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर के निदेशक प्रो. हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी होंगे तथा प्रो. ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष, डॉ. यशवंत सिंह परमार पीठ, हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। प्रो. गजेंद्र सिंह अध्यक्ष अफ्रीकी अध्ययन विभाग दिल्ली यूनिवर्सिटी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहेंगे। परिसंवाद के संयोजक डॉ. कर्म सिंह ने बताया कि इस राष्ट्रीय परिसंवाद में लगभग 150 शोधकर्ता एवं विद्वान शोध पत्र वाचन, परिचर्चा एवं समीक्षा में सहभागिता करेंगे।

### केंद्रीय विद्यालय ने ओलंपियाड में झटके 31 स्वर्ण पदक

**हमीरपुर।** स्वर्ण पदक एवं पदक तालिका में पाया सर्वोच्च स्थान शैक्षिक सत्र 2023-24 के दौरान हुए सिल्वर जोन ओलंपियाड की नौ प्रतिस्पर्धाओं गणित, विज्ञान, अंग्रेजी भाषा, हिंदी भाषा, सामाजिक अध्ययन, सामान्य ज्ञान, सूचना विज्ञान अभ्यास, तर्क एवं योग्यता तथा एसटीईएम विषयों में भाग लेते हुए केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर के स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 31 स्वर्ण, 21 रजत एवं 12 कांस्य पदक अपने नाम करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। छात्रा मिशेल ने कुल पांच स्वर्ण पदक झटकते हुए पदक तालिका में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। इशिता शर्मा, मिशेल, शौर्य गुलेरिया, वान्वी शाक्य, करण राणा, शैलश्री, रिदम ठाकुर, कनिका, विवान शर्मा, आरुष गौतम आदि ने रजत एवं अंशिका शर्मा, विधि सेन, यशवर्धन लखनपाल, रवि आदि ने कांस्य पदक अपने नाम करते हुए उत्कृष्टता का परिचय दिया। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की छात्रा कीर्ति लखनपाल ने अखिल भारतीय हिंदी ओलंपियाड में राज्य भर में प्रथम स्थान पाकर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा लगभग 300 स्टूडेंट्स को सहभागिता प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। प्राचार्य सुनील चौहान ने प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को पदक एवं उत्कृष्टता प्रमाण पत्र प्रदान देकर सम्मानित किया।

### बिल जमा नहीं कराया तो कटेगा कनेक्शन

**सुजानपुर।** विद्युत उपमंडल सुजानपुर के अंतर्गत आने वाले सभी अनुभागों में से लगभग 29 लाख रुपए की राशि अभी जमा नहीं हुई है। एसडीओ गोपाल भाटिया ने बताया कि वे बिजली उपभोक्ता जिन्होंने पिछले महीने के अपने बिजली के बिल जमा नहीं करवाएं हैं वे अपने बिजली के बिलों का भुगतान 9 मार्च से पहले जमा करवा दें, नहीं तो इसके बाद बिना सूचना दिए बिजली काट दी जाएगी।

# खुलासा : हमीरपुर में 17 से ज्यादा सफाई कर्मचारी टीबी के मरीज !

## जांच में हुआ खुलासा, 98 सफाई कर्मचारियों का विशेष जांच टीम ने मशीन से किए एक्स-रे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर नगर परिषद एरिया में 17 के करीब सफाई कर्मचारियों को टीबी जैसे गंभीर रोग की जकड़न में पाया गया है। बुधवार को आयोजित किए गए एक विशेष हेल्थ कैंप में 98 सफाई कर्मचारियों के टेस्ट किए गए, इसमें महंगी एक्स-रे मशीन से उनके छाती के एक्स-रे लिए गए।

पहली दफा अपनी तरह के इस कैंप में यदि 17 से ज्यादा सफाई कर्मचारी सस्पेक्टेड पाए गए हों, तो फिर यह गंभीर विषय है, लेकिन नगर परिषद हमीरपुर ने इसका बीड़ा उठाकर अब इनकी पूरी जांच करने का मन बनाया है। इनके शरीर के टीवी रोग से संबंधित अब लक्षणों पर आधारित सारे टेस्ट किए जाएंगे, ताकि यहां कंफर्म हो सके कि इन्हें किस तरह का उपचार अब शुरू किया जाए। इनके इलाज का खर्चा नगर परिषद उठेगी।





सफाई कर्मचारी टाउन हॉल में जांच करवाते तथा अपनी बारी का इंतजार करते हुए।

करीब 40 लाख की लागत वाली जी विशेष एक्स-रे मशीन से टाउन हॉल के भीतर उनके स्वास्थ्य की जांच का सिलसिला शुरू हुआ और शुरू में ही 5 से 10 मामले फेफड़ों की बीमारी से संबंधित पाए गए तो कई कर्मचारी इस जांच से बचने के लिए वहां से खिसक लिए, लेकिन जब उन्हें समझाया गया, तो वे वापस लौट आए। बारी-बारी से सफाई कर्मचारियों के एक्स-रे लिए गए। उनके अन्य टेस्ट भी हुए।

इनकी सारी रिपोर्ट तैयार करके अलग-अलग फाइल बनाई जा रही है, ताकि जिन सफाई कर्मचारियों में टीबी रोग के लक्षण एक्स-रे में पाए गए हैं। उनके बाकी के सारे टेस्ट किए जाएं, उसी के बाद कंफर्म हो पाएगा कि इन्हें अब किस तरह की दवाई शुरू की जाए। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं नगर परिषद के ईओ

**नगर** परिषद के ईओ अजमेर ठाकुर का कहना है कि पहली मर्तबा इस महंगी मशीन से सफाई कर्मचारियों के एक्स-रे करवाए गए हैं और जो संदिग्ध पाए गए हैं उनके अब आगे के सारे टेस्ट होंगे, इनका इलाज नगर परिषद करवाएगी।

> हाई रिस्क वाले कर्मचारियों के टेस्ट इस मशीन से किए जाते हैं। आज के मुख्य 13 कर्मचारी चेस्ट की समस्या वाले पाए गए। चार अन्य तरह की बीमारी वाले। बलगम लिए गए हैं, ताकि आगे की जांच मुकम्मल को सके। कुल 17 सफाई कर्मचारी सस्पेक्टेड पाए गए हैं।
> -डॉ. आरके अग्निहोत्री, सीएमओ

## सीएम व पीडब्ल्यूडी मंत्री दे रहे केंद्र के पैसों पर अलग-अलग बयान : जम्वाल



हमीरपुर में पत्रकार वार्ता करते हुए विधायक राकेश जम्वाल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हिमाचल में जिस तरह कांग्रेस के विधायकों में असंतोष फैल रहा है उससे साफ जाहिर है 4 जून के बाद भारी उथल-पुथल होगी। आने वाले लोकसभा और विधानसभा उपचुनावों में जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करेगी और केंद्र में बीजेपी की फिर से सरकार बनेगी।

यह बात प्रदेश भाजपा के प्रवक्ता एवं विधायक राकेश जंवाल ने पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में विकास के कार्य रुके हुए हैं, कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। पीडब्ल्यूडी मंत्री कह रहे हैं कि करोड़ों रुपए उन्होंने सड़कों के लिए केंद्र सरकार से लाया है, जबकि मुख्यमंत्री कह रहे एक भी पाई नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि 6 विधायकों को सीपीएस बनाया गया है बहुत जल्द हाईकोर्ट से उनका भी फैसला आने वाला है उसके बाद कांग्रेस में असंतोष और ज्यादा बढ़ेगा।

उन्होंने कहा कि कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से आनंद शर्मा को प्रत्याशी बनाया गया है हिमाचल के साथ लंबे समय से लगाव नहीं रहा, जब वह मंत्री थे तो उन्होंने हिमाचल के लिए कुछ नहीं किया। शिमला से विधानसभा चुनाव लड़ा था वहां भी हार गए थे। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था चरमरा चुकी है। इस मौके पूरे विधायक विजय अग्निहोत्री, नरेंद्र अत्री, अंकुश दत्त, शर्मा, विकास शर्मा, अजय रिंटू भी मौजूद थे।

## घड़ोह स्कूल में अलंकरण समारोह दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, धनेटा**

लेफ्टिनेंट नरैण मेमोरियल पब्लिक स्कूल घड़ोह में अलंकरण समारोह दिवस मनाया गया, जिसमें पहली से दसवीं कक्षा तक के बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। बच्चों द्वारा अति-मनमोहक गणेश वंदना और नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में रमन, भाभा, कलाम सदन की उद्घोषणा की गई।



विभिन्न सदन बनाने के बाद बच्चे सामूहिक क्षेत्र में।

सदनों के कप्तान और उपकप्तान नियुक्त किए गए। रमन सदन से कप्तान रितेश, भाभा सदन के कप्तान कृतिका, कलाम सदन के कप्तान अनीश चुने गए। चुने हुए बच्चों ने अपने कर्तव्यों को पूरी निष्ठा के साथ निभाने की शपथ ली। प्रधानाचार्या श्रीमती सुमन शर्मा ने बच्चों को अपनी जिम्मेदारी को निभाते हुए आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया और बच्चों को मन लगाकर पढ़ने और खेलने का संदेश देते हुए इस समारोह का समापन किया।

## बलेटा की तनु 12वीं की परीक्षा में प्रदेशभर में 10वें स्थान पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

हमीरपुर के बलेटा खुर्द की तनु ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में प्रदेशभर में दसवां स्थान हासिल किया है। होनहार बच्ची की पढ़ाई के लिए आशीष शर्मा ने आर्थिक मदद की है। विधायक आशीष शर्मा ने गरीब बच्चों के उत्थान व उनकी पढ़ाई के लिए क्षेत्र के करीब असहाय बच्चों व उनके परिवारों को छात्रवृत्ति व पेंशन लगाई है।



विधायक आशीष शर्मा बेटी तनु को सम्मानित करते हुए।

तनु राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सनाही की छात्रा है। उसने कला संकाय में चौथा स्थान हासिल किया है। उसके पिता सुनील कुमार पेंटर का काम करते हैं। तनु आईएएस अधिकारी बनना चाहती है। उसने कहा कि वह रोजाना छह से सात घंटे पढ़ाई करती है। उसने विधायक आशीष शर्मा का भी आभार व्यक्त किया है। वहीं विधायक आशीष शर्मा ने बच्ची को शाल, टोपी और नकद इनाम देकर सम्मानित किया। उन्होंने तनु को अगामी पढ़ाई के लिए भी हर सहयोग करने का आश्वासन दिया।

### 4 मई तक वोटर कार्ड बनवाने का मौका : अमरजीत सिंह



**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव के मद्देनजर मतदाता सूचियों में नाम दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 4 मई निर्धारित की गई है। इस वर्ष पहली अप्रैल को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा या किन्हीं कारणों से छूटे अन्य पात्र लोग 4 मई तक अपने बूथ लेवल अधिकारी के पास या तहसीलदार अथवा एसडीएम कार्यालय में फार्म-6 पर आवेदन करके अपने नाम मतदाता सूचियों में दर्ज करवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वोटर हेल्पलाइन ऐप और वोटर पोर्टल-वोटर्स.ईसीआई.जीओवी.इन के माध्यम से भी फार्म-6 पर आवेदन किया जा सकता है। 4 मई के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### हिम गुरुकुल के बच्चों ने शूटिंग चैंपियनशिप में झटके छह पदक

**जाहू।** जिला स्तरीय ओपन शूटिंग चैंपियनशिप 2024 का आयोजन करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी हमीरपुर में संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता जिला हमीरपुर राइफल एसोसिएशन के सौजन्य से करवाई गई। 10 मीटर एयर पिस्टल एयर राइफल पुरुष और महिला प्रतियोगिता में विद्यालय के 16 बच्चों ने भाग लिया , उनमें से 6 बच्चों ने मेडल हासिल किए । इसमें जतिन चौहान एवम् यशिका ठाकुर ने गोल्ड ,अंशिका ने सिल्वर और कार्तिक शर्मा,कृतिका राणा, देवांशी ने ब्रॉन्ज मेडल हासिल किए। इस दौरान स्कूल प्रबंधक श्री राजेश सिंह ठाकुर ने कहा कि बच्चों का प्रदर्शन बहुत ही शानदार रहा , विद्यालय की तरफ से समय -2 पर बच्चों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया जाता है । स्कूल स्टाफ एवम् बच्चों ने स्कूल पहुंचने पर पदक विजेताओं का जोरदार स्वागत किया।

### डीएवी स्कूल में मिथिल हेड ब्वॉय व साक्षी हेड गर्ल चुनी

**नादौन।** डीएवी भड़ोली स्कूल में विद्यार्थी परिषद अलंकरण समारोह कार्यक्रम का आयोजन प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा के दिशा-निर्देश में किया गया। नए सत्र को सुचारु रूप से चलाने, छात्रों में नेतृत्व का गुण विकसित करने के उद्देश्य से छात्र प्रतिनिधियों का चुनाव किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्यातिथि ने स्टूडेंट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आप देश के भविष्य हैं। इस अवसर पर हेड ब्वॉय मिथिल और हेड गर्ल साक्षी और डिप्टी हेड गर्ल वैष्णवी डिप्टी हेड ब्वॉय प्रणव को चुना गया।

### बुजुर्ग को अज्ञात वाहन चालक ने मारी टक्कर, फरार

**हमीरपुर।** कोट गांव में अज्ञात वाहन चालक द्वारा 84 वर्ष के बुजुर्ग को टक्कर मारकर फरार हो गया है। इस घटना में बुजुर्ग को काफी चोटें आई हैं व बुजुर्ग को गांव वालों की मदद से मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले जाया गया। जहां पर बुजुर्ग का इलाज करने के बाद पीजीआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया है। बुजुर्ग के बेटे पवन कुमार ने पुलिस थाना हमीरपुर में एफआईआर दर्ज करवाई है कि मेरे पिता बकरियां चराने के लिए कोट गांव के पास जंगल में गए थे और घर वापस आते समय किसी अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मारकर घायल कर दिया जिसे मेडिकल कॉलेज हमीरपुर ले गया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें चंडीगढ़ रवाना कर दिया।

## हमीर भवन की ओपीडी में पूरा दिन लटका रहा ताला

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

डीसी ऑफिस के पीछे हमीर भवन में स्थापित आयुर्वेदिक ओपीडी में बुधवार को पूरा दिन ताला लटका रहा। जिससे ओपीडी में आने वाले मरीजों को उपचार नहीं मिला और मरीजों को बिना उपचार के ही घर वापस जाना पड़ा। यहां तक की ओपीडी में तैनात फोर क्लास कर्मचारी मौजूद था।

यही नहीं पहले भी यहां पर डॉक्टर के ओपीडी में न आने की शिकायतें मिल चुकी हैं, हालांकि ओपीडी में ड्यूटी रोस्टर के अनुसार डॉक्टर की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन फिर भी डॉक्टर ओपीडी में नहीं आते हैं। कई बार तो फोर क्लास कर्मचारी सुबह ओपीडी खोलता है और डॉक्टर के न आने पर शाम को बंद करके घर चला जाता है। इससे पहले भी डॉक्टरों के न होने की शिकायतें मेडिकल सुपरिंटेंडेंट के पास पहुंच चुकी हैं, लेकिन फिर भी कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।





### डॉक्टर के न आने से बिना इलाज करवाए लौटे मरीज

हमीर भवन में स्थापित ओपीडी का विशेषकर बुजुर्ग लोगों को मिलता आ रहा है यहीं नहीं जो लोग जिला आयुर्वेद अस्पताल नहीं जा पाते वह यहां पर अपनी जांच करवाकर दवाई ले लेते हैं। बता दें कि आयुर्वेदिक विभाग की ओपीडी सुबह 9 से 4 बजे तक खुली रहती है। इस ओपीडी में डॉक्टर की प्रतिदिन ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन डॉक्टर के न होने पर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी अपनी ड्यूटी निभाती है। बुधवार को न डॉक्टर और फोर क्लास कर्मचारी पहुंचा, जिससे पूरा दिन ओपीडी में ताला लटका रहा। इलाज करवाने पहुंचे मरीजों व तीमारदारों ने स्वास्थ्य विभाग की आयुर्वेद विभाग की कार्य प्रणाली पर गहरा असंतोष जताया है। लोगों का कहना है कि जनता को मिलने वाली स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा से इस तरह का खिलवाड़ बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस बारे में आयुर्वेदिक अस्पताल के स्वास्थ्य अधीक्षक दलीप सिंह ने बताया कि डॉक्टर की ड्यूटी तो लगाई गई और ओपीडी बंद नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस बारे में डॉक्टर पूछा तो उन्होंने बताया कि मंथली रिपोर्ट तैयार करने आयुर्वेदिक अस्पताल आए हैं। (अनंत ज्ञान)

## राजेश्वरी कॉलेज के प्रशिक्षुओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हमीरपुर।** राज राजेश्वरी कॉलेज ऑफ एजुकेशन भोटा द्वारा तीन दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस तीन दिन के भ्रमण पर प्रशिक्षुओं ऋषि विशिष्ट मंदिर, माता हिडिंबा मंदिर मनाली, शिशु, कोकसर व अटल टनल रोहतांग मुख्य आकर्षण के केंद्र रहे। इस भ्रमण में 41 स्टूडेंट्स सहित 5 स्टाफ सदस्य भी शामिल थे। प्रशिक्षु अध्यापकों ने अपनी संस्कृति के विषय के संबंध में प्रत्यक्ष जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राज कुमार धीमान ने प्रशिक्षु वर्ग ने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक भ्रमण एक ज्ञानोपार्जन का कार्य भी करते हैं व यह सभी क्रियाएं शिक्षा का एक महत्वपूर्ण भाग है।





## सतपाल रायजादा लोकसभा चुनाव में करेंगे खानापूर्ति : विनोद ठाकुर

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**



हिमाचल को विश्व के नक्शे पहुंचाने का काम सिर्फ अनुराग ठाकुर ने ही किया है, वहीं उन्होंने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र और हिमाचल की पहचान देश भर में बनाई है। कांग्रेस के सतपाल रायजादा प्रत्याशी सिर्फ खानापूर्ति के लिए चुनाव में उतरे हैं। यह बात भाजपा जिला सचिव विनोद ठाकुर ने कही।

उन्होंने कहा कि अनुराग इस बार जीत का चौका मारकर पांचवीं बार सांसद बनेंगे। उन्होंने कहा कि अनुराग ने केंद्र से हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के लिए 25 नए नेशनल हाईवे अरबों रुपए का सड़कों का निर्माण करवाया, 13 नई ट्रेन, वंदे भारत एक्सप्रेस मिली। हिमाचल से अयोध्या तक आस्था एक्सप्रेस ऊना से मथुरा, उज्जैन होते हुए इंदौर तक की सीधी रेलगाड़ी ऊना से हरिद्वार के लिए सीधी रेलगाड़ी, 700 करोड़ रुपए की लागत से 66 मेगावाट का धोला सिद्ध हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट आदि कई उपलब्धियां गिनाईं। यह सब अनुराग ठाकुर की नीति और उनकी प्रदेश और देश के लिए राष्ट्रहित सोच का नतीजा है।

## धौलासिद्ध प्रोजेक्ट में सीटू ने मनाया मजदूर दिवस

**अनंत ज्ञान, नादौन**

धौलासिद्ध प्रोजेक्ट में सीटू ने जिला स्तरीय मई दिवस का कार्यक्रम मनाया। मई दिवस की शुरुआत इकाई के अध्यक्ष नवीन कुमार ने लाल झंडा फहरा कर की। सीटू के राष्ट्रीय सचिव डॉ. कश्मीर सिंह ठाकुर ने आज के दिन इतिहास और महत्व पर विस्तार से बात मजदूरों के बीच में रखी।



धौलासिद्ध प्रोजेक्ट में मजदूरों को संबोधित करते कश्मीर सिंह।

उन्होंने कहा कि आज ही के दिन 1 मई 1886 को अमरीका के शिकागो शहर में दुनिया में पहली बार 8 घंटे काम को लेकर मजदूरों ने पहली हड़ताल की थी, इसलिए उस हड़ताल को कुचलने के लिए तत्कालीन वहां की सरकार ने पूंजीपतियों के इशारों पर हड़ताल को कुचलने के लिए दमन चक्र चलाया और आठ मजदूर नेताओं को फांसी पर लटका दिया और उसके बाद पूरी दुनिया में यह मांग बलवती होती गई और मजदूरों के संघर्ष के आगे सरकारों को नतमस्तक होना पड़ा और आज भारत में सहित दुनिया के अधिकांश देशों में काम के लिए आठ घंटे सुनिश्चित किए। मजदूरों ने संगठित होकर और संघर्षों के बल पर सुरक्षा के लिए कई श्रम कानून बनवाए, परंतु मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद मजदूरों पर लगातार हमले तेज किए हैं और लंबे संघर्षों और कुर्बानियों के बाद बनाए गए सभी श्रम कानूनों को समाप्त करके चार नए लेबर कोड बनाए हैं।

उन्होंने जोर देकर कहा कि मोदी सरकार मजदूरों के शोषण से ध्यान भटकाने के लिए मजदूरों में फूट डालो और शासन करो की नीति के चलते सांप्रदायिक आधार पर मजदूरों को बांटना चाहती है। उन्होंने सांप्रदायिकता और मोदी सरकार को उखाड़ फेंकने का मजदूरों से आह्वान किया। इकाई के महासचिव संतोष कुमार ने भी मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा कि मजदूरों को हर चीज को हासिल करने के लिए लड़ना ही पड़ता है। सीटू के जिला सचिव जोगिंद्र कुमार ने मजदूरों को मई दिवस के मौके पर शपथ दिलाई और मजदूरों से संघर्ष तेज करने का आह्वान किया।

**शिकंजा** दुकानदारों को दी चेतावनी, दोबारा अतिक्रमण किया तो फिर होगी कार्रवाई

## बस स्टैंड में दुकानदारों पर चला प्रशासन का डंडा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

स्थानीय प्रशासन द्वारा बस स्टैंड पर निर्मित दुकानों के आगे नाली पर किए गए अतिक्रमण को हटाने बुधवार को कार्रवाई की गई। अतिक्रमण को हटाने के लिए नगर परिषद कर्मचारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने अतिक्रमण को हटाया।

इस अवसर पर मौजूद नगर परिषद की गाड़ी में अतिक्रमणकारियों द्वारा बाहर रखे गए सामान को भी जब्त कर लिया। बुधवार दोपहर बाद एसडीएम सुजानपुर डॉ. रोहित शर्मा, तहसीलदार प्रवीण ठाकुर, नगर परिषद ईओ संजय कुमार नगर परिषद कर्मियों के साथ बस स्टैंड पर पहुंचे तथा बस स्टैंड पर दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने के साथ उनके द्वारा नालियों पर दिए गए अतिक्रमण को जब्त कर लिया।



अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई करते नगर परिषद के कर्मचारी।

इस अवसर पर संजय कुमार ने कहा कि नगर परिषद द्वारा समय-समय पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को अतिक्रमण न करने को चेतावनी भी दी जाती थी, लेकिन दुकानदार इस चेतावनी को भी अनदेखा कर रहे थे, जिस पर यह कार्रवाई की गई। बस स्टैंड पर बनाई गई दुकानों के आगे नाली पर दुकानदारों ने किया है अतिक्रमण, मुख्य बस स्टैंड पर नगर परिषद द्वारा दुकानों का निर्माण किया गया है। इन दुकानों के आगे नाली पर जाला लगाया गया है। दुकानदारों ने इस जाले पर अपना सामान सजा रखा है।

> अतिक्रमण हटाने के लिए कई बार दुकानदारों को कहा गया, लेकिन दुकानदार नहीं माने। उन्होंने बताया कि दुकानदारों के न मानने पर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि दोपहर बाद मौके पर पहुंचे तथा अतिक्रमण हटाते हुए दुकानदारों का सामान जब्त किया। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।
> -संजय कुमार, ईओ, नगर परिषद सुजानपुर।

# एसडीएम टीम के साथ खुद फील्ड में उतरें : डीसी

## ऊना जिले में 18-19 आयु वर्ग के सभी युवाओं का पंजीकरण सुनिश्चित बनाने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त जतिन लाल ने ऊना जिले में 18-19 आयु वर्ग के सभी युवाओं का मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि पंजीकरण के लिए 4 मई अंतिम तिथि है, ऐसे में सभी एसडीएम अपनी पूरी टीम के साथ खुद फील्ड में उतरें। पंजीकरण से छूटे प्रत्येक पात्र युवा को चिन्हित करके लक्षित प्रयास करें। यह सुनिश्चित करें कि हरेक पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। वह जिले में चुनावी तैयारियों की समीक्षा को लेकर बुधवार को ऊना के जिला परिषद सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

जतिन लाल ने कहा कि जिले में उच्च शिक्षण व औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे 18-19 आयु वर्ग के सभी युवाओं का पंजीकरण तय बनाएं। अपने क्षेत्र में ऐसे प्रत्येक शिक्षण संस्थान का व्यक्तिगत दौरा करें और पंजीकरण के छूटे हर पात्र युवा का नाम मतदाता सूची में दर्ज करें। शिक्षण संस्थान प्रमुखों से इस आशय का प्रमाण पत्र लें कि उनके संस्थान में पात्र युवाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कर लिया गया है।


चुनावी तैयारियों की समीक्षा को लेकर आयोजित बैठक में जिलाधीश व अन्य अधिकारी।

बता दें, जो युवा एक अप्रैल, 2024 को 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूर्ण कर चुके हैं, वे अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवाने के पात्र हैं। बैठक में अधिकारियों को चुनावों की संपूर्ण प्रक्रिया से अवगत कराते हुए उन्हें बिंदुवार नामांकन, मतदान, मतों की गिनती व परिणामों की घोषणा तक की सारी प्रक्रिया तथा ईवीएम व वीवीपैट के उपयोग व रखरखाव से जुड़े प्रोटोकॉल की संपूर्ण जानकारी दी गई। बैठक में चुनाव आयोग के तय प्रोटोकॉल पर विस्तार से चर्चा एवं शंका व जिज्ञासा समाधान किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनावों के सुचारु निष्पादन में चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन तय बनाने को कहा। चुनावी कर्मियों को पूरी तरह प्रशिक्षित करें। उन्हें चुनावी दायित्वों को लेकर पूर्ण स्पष्टता हो ताकि किसी भी तरह की संशय की गुंजाइश न रहे। उन्होंने सभी एसडीएम को बूथ स्तरीय प्रबंधन योजना और असेंबली स्तरीय प्रबंधन योजना प्राथमिकता पर तैयार करने को कहा। सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर ऑफिसर, पीआरओ और एपीआरओ समेत सभी चुनाव कर्मियों का प्रशिक्षण ठीक से कराएं। बैठक में एसपी राकेश सिंह ने जिले में पुलिस विभाग के प्रबंधों की विस्तार से जानकारी दी।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर, एएसपी संजीव भाटिया, एसडीएम ऊना विश्वमोहन देव चौहान, एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, एसडीएम हरोली राजीव ठाकुर, एसडीएम अंब विवेक महाजन, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार सुमन कपूर व नायब तहसीलदार अजय शर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मतदान केंद्रों पर उपलब्ध हों सभी सुविधाएं

**जतिन** ने कहा कि जिले में 516 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें 51 क्रिटिकल मतदान केंद्र हैं। पुलिस वहां प्रोटोकॉल के अनुरूप सुरक्षा बलों की तैनाती सुनिश्चित करे। इसके अलावा एसडीएम अपने क्षेत्र में मतदान केंद्रों का दौरा कर के सुनिश्चित कर लें कि वहां मतदाताओं के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। गर्मियों के दृष्टिगत वहां छायादार स्थान हों। मतदान केंद्रों पर पेयजल, रैंप, मेडिकल किट सहित सारी जरूरी व्यवस्था हो तथा मतदाताओं की मदद के लिए वालंटियर तैनात रहें।

### नामांकन 7 से 14 मई तक : जतिन लाल

**जिला** निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि लोकसभा चुनाव समेत विधानसभा उपचुनावों के लिए नामांकन 7 से 14 मई तक होंगे। लोकसभा के लिए नामांकन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी डीसी हमीरपुर के पास होगी। वहीं, गगरेट तथा कुटलैहड़ के उपचुनावों के लिए संबंधित उपमंडल के एसडीएम निर्वाचन अधिकारी बनाए गए हैं। नामांकन उन्हीं के कार्यालय में लिए जाएंगे। 11 और 12 मई को अवकाश के दिन नामांकन नहीं होंगे। अन्य दिनों के साथ साथ 10 मई को भी नामांकन लिए जाएंगे। 15 मई को नामांकनों की छंटनी की जाएगी। 17 मई को 3 बजे तक नामांकन वापस लिए जा सकेंगे, उसी दिन 3 बजे के बाद उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह जारी कर दिए जाएंगे। पहली जून को मतदान होगा और 4 जून को मतगणना की जाएगी।

# अभय बने साहसिक खेल एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, ऊना**

बंगाणा उपमंडल के रायपुर मैदान से संबंधित अभय पराशर हिमाचल एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। ऊना जिले के साथ लगती गोबिंदसागर झील के नजदीक स्थित होटल सी रॉक के प्रबंध निदेशक अभय पराशर साहसिक खेल गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। उनकी इस क्षेत्र में अनुभव को देखते हुए हिमाचल एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष चुना गया है।



हिमाचल एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अभय पराशर ने कहा कि एसोसिएशन का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश को एडवेंचर स्पोर्ट्स हब बनाना है। हिमाचल प्रदेश को विश्व पर्यटन मानचित्र पर उभारने के लिए हिमाचल एडवेंचर्स वाटर एंड ऐरो एलाइड स्पोर्टस एसोसिएशन कार्य करेगी।

इसके अलावा हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के लिए बेहतरीन एडवेंचर स्पोर्ट्स उपलब्ध करवाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपनी स्थलाकृति और इलाके के कारण ट्रेकर्स, पर्वतारोहियों और रोमांच की भावना के अन्य उत्साही भक्तों के लिए एक स्वर्ग है। साहसिक खेल जैसे ट्रैकिंग, पर्वतारोहण, रॉक-क्लाइंबिंग और हेली-स्कीइंग, हैंग ग्लाइडिंग, स्कीइंग, वॉटर स्कीइंग सहित वॉटर स्पोर्ट्स, रिवर-राफ्टिंग, फिशिंग, गोल्फ कोर्स इत्यादि स्पोर्ट्स को हिमाचल प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रोत्साहित किया जाएगा।

### यातायात नियमों की अवहेलना पर काटे चालान

**ऊना।** जिला पुलिस ऊना द्वारा यातायात के नियमों की अवहेलना करने पर कुल 129 वाहनों के चालान किए हैं। इनसे जुर्माने के रूप में कुल 27,900 रूपये वसूल किए गए हैं। वहीं, सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर 12 व्यक्तियों का चालान धुम्रपान निषेध अधिनियम के तहत किया गया है। जुर्माने के रूप में कुल 1200 रुपए वसूल किए गए हैं।

### बारिश से किसानों की गेहूं की फसल खराब

**ऊना।** किसानों को मौसम की मार के कारण लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। कभी सूखे के कारण तो कभी भयंकर तूफान से तो कभी अंधड़ भरी बारिश से। ऊना जिले में अगर गेहूं की फसल की बात करें तो रविवार व सोमवार को हुई बारिश से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। सैकड़ों किसानों की गेहूं की फसल खराब हो गई तो वहीं खेतों में पड़ा पशुचारा बारिश की भेंट चढ़ गया।

बारिश के कारण ऊना जिले में सूखे के कारण करीब पांच हजार हेक्टेयर भूमि में गेहूं की फसल प्रभावित हुई थी। इसके बाद पीला रतुआ पड़ने से भी सैकड़ों किनाल भूमि पर फसल को नुकसान हुआ था। इसके बाद भयंकर अंधड़ भरी बारिश से 40 फीसदी किसानों की गेहूं की फसल खेतों में ढह गई। अब जब किसानों ने गेहूं की फसल की कटाई शुरू की तो बारिश होने से किसानों की सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। इसके बाद जिन किसानों कंबाइन से गेहूं की फसल की कटाई करवाई थी, उन किसानों ने अभी दूसरी मशीन से पशुचारा खेतों से लेना था। परंतु बारिश होने से खेतों में गेहूं की ऊपर-ऊपर से कटाई के बाद शेष खड़ा पशुचारा खराब हो गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### कॉमर्स में निकिता, साइंस में केशव सूद प्रथम



**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने बताया कि हमारे स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। कॉमर्स में निकिता शर्मा ने 468 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, मीनाक्षी शर्मा ने 424 अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा तमन्ना ने 329 अंक हासिल करके तृतीय स्थान हासिल किया। साइंस संकाय में केशव सूद ने 472 अंक लेकर प्रथम स्थान, अदिति ने 436 अंक लेकर द्वितीय और चाहत शर्मा ने 431 अंक प्राप्त करके साइंस में तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, आर्ट्स में पल्लवी ठाकुर ने 367 अंक प्राप्त करके प्रथम, साहिल ने 351 अंक हासिल करके द्वितीय और निहार ने 344 अंक प्राप्त करके तृतीय स्थान हासिल किया। प्रधानाचार्य राजेश शर्मा ने सभी अध्यापकों और अभिभावकों व बच्चों को प्लस टू का वार्षिक परीक्षा परिणाम अच्छा आने पर बहुत बधाई दी। इस अवसर पर ओम राज, मनोज कालिया, राजीव ठाकुर, आविंद्र जसवाल अमरपाल, पूनम शर्मा सहित स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### चुनाव में भागीदारी सुनिश्चित करने का लिया संकल्प

**बंगाणा।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में मतदान के लिए लोगों को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए आज अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में हस्ताक्षर अभियान तथा छात्रों की वोटर आईडी की रजिस्ट्रेशन करवाई गई। हस्ताक्षर अभियान में महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी छात्रों ने चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कुटलेहड़ 45 विधानसभा स्वीप के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर सिकंदर नेगी ने बताया कि लोगों को जागरूक करने के लिए स्वीप के माध्यम से विभिन्न तरह के एक्टिविटी, सोशल मीडिया व प्रचारकों का प्रयोग किया जा रहा है। स्वीप अर्थात् सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा और निर्वाचक सहभागिता भारत निर्वाचन आयोग का कार्यक्रम है जो देश के नागरिकों, निर्वाचकों और मतदाताओं को निर्वाचन प्रक्रिया के बारे में जागरूक करता है। लोकतंत्र में मताधिकार किसी भी व्यक्ति की सबसे बड़ी ताकत होती है। हमें प्रत्येक चुनाव में मतदान करके एक जिम्मेदार नागरिक का परिचय देना चाहिए।


स्वीप के तहत बंगाणा कॉलेज में मतदाता जागरूकता का संदेश देते छात्र।


### स्पोर्ट्स हॉस्टल के लिए खिलाड़ियों का चयन 6 से



खेल छात्रावास ऊना।

**ऊना।** युवा सेवा एवं खेल विभाग हिमाचल प्रदेश की ओर से खेल छात्रावास ऊना में वर्ष 2024-25 के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसमें 6 मई को कुश्ती व वॉलीबाल तथा 7 मई को हॉकी व जूडो खेल से संबंधित (लड़कों) खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इसमें जो भी खिलाड़ी खेल छात्रावास के लिए चयनित होंगे, उन्हें रहने, खाने-पीने की मूलभूत सुविधाएं प्रदेश सरकार से मुहैया करवाई जाएंगी। खिलाड़ी जो भी वर्ग इस चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने आएंगे, उन्हें अपना ओरिजिनल जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, स्पोर्ट्स सर्टिफिकेट इत्यादि दस्तावेज साथ लेने होंगे तथा उनकी एक फोटोकॉपी व दो पासपोर्ट साइज फोटो भी लेकर आएं। चयन प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शुरू होगी। यह जानकारी जिला खेल अधिकारी उत्तम डोड ने उपलब्ध करवाई। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाती हैं।

### मजदूर परिवारों को आग से बचने के दिए टिप्स


मजदूर दिवस पर अग्निकांड के विभिन्न कारणों की जानकारी देते गणमान्य।

**संतोषगढ़।** मजदूर दिवस पर प्रेस क्लब हरोली की ओर से अग्निशमन विभाग टाहलीवाल एवं टाहलीवाल थाना के संयुक्त तत्वावधान में आग से बचने के लिए बाथू के पिछड़े एरिया में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में थाना टाहलीवाल के एसएचओ अशोक कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब हरोली के प्रधान गणपति गौतम ने की। अग्निशमन अधिकारी सुनील दत्त ने प्रवासी लोगों से जागरूकता का संकल्प दिलवाते हुए कहा कि अगर सावधानी नहीं बरती गई तो अग्निकांड भारी पड़ सकता है। एसएचओ अशोक कुमार ने कहा कि यह जरूरी नहीं कि आग सिर्फ चूल्हे की चिंगारी से ही लग सकती है। आग लगने के कई कारण हो सकते हैं। इसमें शार्ट सर्किट, गैस सिलेंडर से गैस रिसाव मुख्य कारण होते हैं। उन्होंने लोगों को बिजली के जर्जर तार को बदलने एवं गैस पाइप को प्रति छह महीने में बदलने की नसीहत दी। इस अवसर पर प्रेस क्लब हरोली के दिनेश गौतम, महासचिव नवीन महें, विजय कुमार, सुलिन्द्र सिंह चोपड़ा, नरेश सिंघा, हरमेश चंद, धर्मचंद, अमन राणा सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गगरेट से कांग्रेस ने किया प्रचार अभियान का आगाज

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

हिमाचल प्रदेश में हो रहे छह विधानसभा उपचुनावों में सबसे हॉट सीट बने विधानसभा क्षेत्र गगरेट से बुधवार को कांग्रेस ने अपने प्रचार अभियान का विधिवत आगाज कर दिया है। गगरेट के भंजाल गांव में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के नेतृत्व में आए तीन विधायकों ने यहां चुनाव प्रचार को धार देने का प्रयास करते हुए चुनावी हुंकार भरी।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने प्रचार अभियान का आगाज करते हुए भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा पर कई राजनीतिक प्रहार किए तो उन्होंने गगरेट से ही मंडी संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत पर भी जमकर निशाने साधे। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि पिछले चौदह महीने में गगरेट में क्या-क्या चल रहा है, इसकी शिकायतें उन तक भी पहुंची हैं। भले ही हम यह कहें कि नैतिक तरीके से सरकार को गिराने का षड्यंत्र रचकर छह विधायकों ने अपने नैतिक पतन का सबूत दिया, लेकिन गगरेट विधानसभा क्षेत्र के लिए लोगों के लिए बहुत अच्छा हुआ जो चौदह माह बाद ही उन्हें राहत की सांस लेने का मौका मिला। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार चैतन्य शर्मा जिला परिषद चुनाव जीतने के बाद बीच में ही इसे छोड़ गए। इसके बाद विधायक बनने के चौदह माह बाद ही विधायक नहीं रहे, उससे साफ है कि उनकी किस्मत में राजनीति है ही नहीं, अन्यथा वह ऐसा कदम कभी न उठाते। उन्होंने कहा कि भाजपा के साथ मिलकर सरकार गिराने की साजिश कभी पूरी नहीं होगी। भाजपा के सपने तब पूरे होंगे, जब भाजपा छह के छह उपचुनाव जीतेगी, लेकिन कांग्रेस को सरकार बचाने के लिए महज एक विधायक चाहिए और गगरेट की जनता का मूड देख कर लग रहा है कि वह एक विधायक को कांग्रेस को गगरेट से ही मिल जाएगा।



जनसभा में मंत्री हर्षवर्धन, सुदर्शन बबलू, संजय रत्न, राकेश कालिया व अन्य नेता।

### चैतन्य शर्मा की किस्मत में राजनीति नहीं : हर्षवर्धन

कांग्रेस ने ऊना से ही जुझारू नेता को लोकसभा प्रत्याशी बनाया है, इसलिए ऊना के लोग दिल खोलकर उनका साथ दें। उन्होंने मंडी से भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत को लपेटते हुए कहा कि भाजपा ने ऐसे-ऐसे उम्मीदवार दिए हैं, जिन्हें इतिहास का ज्ञान नहीं है। कंगना रणौत कभी नेता जी सुभाष चंद्र बोस को देश का प्रथम प्रधानमंत्री बताती हैं तो कभी देश को 2014 में आजादी मिलना बताती हैं, ऐसे लोग संसद में जाकर क्या करेंगे।

# उपचुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से लड़ना चाहता हूं : राकेश कालिया

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

विधानसभा क्षेत्र गगरेट के उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व विधायक राकेश कालिया ने कहा कि पिछले चौदह माह में गगरेट क्षेत्र लूट का अड्डा बना रहा। यहां पकौड़े वाले से लेकर दिहाड़ीदार तक को नहीं बख्शा गया।

उन्होंने कहा कि एक पूर्व आईएएस अधिकारी ने अपने पितरों की धरती तक को बदनाम कर दिया।

उन्होंने कहा कि भलाई इसी में है कि वह लोगों के पैसे वापस करें और अपने तंबू उखाड़ कर अपने बेटे सहित यहां से चले जाएं। राकेश कालिया बुधवार को भंजाल गांव में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वह इस उपचुनाव को बिलकुल शांतिपूर्ण तरीके से लड़ना चाहते हैं, लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में जिस प्रकार भाजपा के लोगों के साथ गुंडागर्दी हुई, उनकी गाड़ियां तोड़ी गईं। पूर्व विधायक के पीएसओ तक को धमकाया गया और भगाया गया। अगर इस उपचुनाव में कांग्रेस के किसी कार्यकर्ता के साथ ऐसा करने का प्रयास किया गया तो हर ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा।

### घर से नाबालिग युवती लापता

**ऊना।** मैहतपुर के समीप एक गांव में नाबालिग युवती घर से ही लापता हो गई है। यह युवती गांव के स्कूल में जमा दो की छात्रा थी। जमा दो के परीक्षा परिणाम में इस युवती की एक विषय में कंपार्टमेंट आई थी। युवती के स्वजनों ने बताया कि वे मजदूरी के लिए घर से बाहर गए थे कि शाम को देखा तो बेटी घर से लापता थी। पिता की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया लगता है कि कोई नामालूम व्यक्ति इसकी बेटी को बहला-फुसला कर कहीं ले गया है।

# संतोषगढ़ में 29वां विशाल भगवती जगराता 4 को


झंडा चढ़ाने की रस्म पूरी करते भक्त और आयोजक

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

स्थानीय नगर में 29वां विशाल भगवती जागरण पुरानी पानी की टंकी शनि मंदिर संतोषगढ़ में 4 मई को करवाया रहा है। इस उपलक्ष्य में पूजा अर्चना कर झंडा चढ़ाया गया।

नौजवान कल्याण केंद्र संतोषगढ़ के प्रधान विनोद पुरी ने बताया कि इस जागरण में मां की ज्योति मां वैष्णो देवी से लाई जाएगी और शाम सवा सात बजे प्रज्जलित होगी। जागरण में लविश लव व बंटी शहजादा मां का गुणगान करेंगे। वहीं, रविवार को भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए आप सभी आमंत्रित हैं। इस अवसर पर भूषण परलाद, मुकेश पुरी मंगू, योगेश पुरी, राहुल कौशल, नीतिश पुरी, पंकज पुरी, साहिल सच्चर, राहुल शर्मा, गिरीश सोनी, नरेश पुरी, रोबिन राणा, रोहित, साहिल सेनी, नवजोत सिंह, नरिंद्र, वंश, पुष्कर, तेजस्वी, समीर, राजेश कौशल, नीरज शर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

# 16 को भराड़ू व 30 मई को सगनेहड़ में आएगी एलपीजी गैस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

### इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर का मई माह का रूट चार्ट जारी

इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर का माह मई का रूट चार्ट जारी कर दिया गया है। एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि 2 मई को द्रुब्बल, लडवाण, जोन, लोअर जोन, कुनकर, चडोंझ, नागण, बनवार, लोअर चडोंझ, सलेरा व फोगला जबकि 3 मई को कुराटी, पीपली, कुठेहड़ा, सुंआ, बैला, रोहटा सपैड़ू, सरमाणा, अलमरा, खड़ीहार, कुठेहड़ा, लंगारा व लांगणा में एलपीजी गैस का वितरण किया जाएगा।

इसी तरह 4 मई को झमेहड़, चक्का, चक्का से कढेरनू, पाबो बनौण, त्रैम्बली, गोंथला, लखनोट व नगर परिषद जोगिंद्रनगर में एलपीजी गैस का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 6 मई को नागनाला, द्राहल, अप्पर समौहली, बसाही, मकरीड़ी व भडयाड़ा, 7 मई को निचला भड़याड़ा, कमेहड़, चल्हारग, बल्ह, बनौण, जोल, जगैहड़ा, जौली, मच्छयाल, कुफरू, मोरचक्का, मचकेड़ा, टिकरू, बल्ही, ककडैना व दरकोटी, 8 मई को नगर परिषद् जोगिंद्रनगर, 9 मई को मोहनघाटी, रड़ा भखेड़, ऐहजु, सूकाबाग, चौंतड़ा, बीड रोड़, मटरू, सूजा, काथला व लोअर सेरी तथा 10 मई को अपरोच रोड, कूपड़, शानन, हरनाला, हार, आरठी, निचला गरोड़ू, छपरोट में रसोई गैस (एलपीजी) का वितरण किया जाएगा।


मनीश, एसडीएम

11 मई को जिमजिमा, बृजमंडी, हराबाग, छानग, गलू, दुल, बनाड़, गलू पट्ट व नप जोगिंद्रनगर, 13 मई को बालकरूपी, घमरेड़, मझवाड़, दारट बगला, भरोलू वाया जालपा रोड़, अपर घमरेहड़, मकड़ैना व सजानका मोहल्ला, 14 मई को सेरू, जलपेहड़, बनाई हार, झलवाण, पहलून, भटठा, मसौली, धरूं लिंक रोड, खुदर, छतर, हार झलवान, सेरू स्कूल से खवौड़ा, सूद बस्ती व नप जोगिंद्रनगर, 15 मई को मझारनू, कुफरू, स्यूरी, नेर, बस्सी, मनोह, मच्छयालु भलैंदरा, भुझडू, बडौण, कुंडूनी व बनेहड़, 16 मई को भराडू, बिहूं, टिक्कर, छाम्ब, गडूही, कस, लोअर कस, बटोहलू, कोठी, आलगावाड़ी व सरस्वती स्कूल तथा 17 मई को नगर परिषद जोगिंद्रनगर में एलपीजी गैस का वितरण होगा। वहीं, 18 मई को सैंथल, लोअर चौंतड़ा, चौंतड़ा, राजा चौकी, द्रौबड़ी, सगनेहड़, कोहरा, भाला रिहड़ा, चांदनी, सांलग, टटानका व डूहकी, 20 मई को घट्टा, मोहनघाटी, रड़ा भखेड़, ऐहजू, रोपड़ी कलैहड़ू, गाहरू, लकरेहड़, दुरुब्बल, लडवाण, चक्का, बसाही, चल्हारग, मकरीड़ी, द्राहल व मोर डूहग भरोहन, 21 मई को मटरू, सूजा, भजराला, खौली, भटवाड़ा, संद्राहल, कुराटी, पीपली, कुठेहड़ा, सुआ व रोहटा सपैडू, 22 मई को स्यूण, बदेहड़, ठारू, भैरू, चांजड़ा, सतैन, अप्पर मचकेहड़, अपरोच रोड, शानन, बृज मंडी, हराबाग, गलू, जिम्म जिमा व आरठी, 23 मई को बीड़ रोड़, मचकेहड़, सुकाबाग, पस्सल, बीड़ कालोनी, टिकरी मुशैहरा, खज व चौगान में तो वहीं 24 मई को चौंतड़ा, तिब्बती कॉलोनी, सगनेहड़, बालकरूपी, मझवाड, दारट बगला, सेरू व बनाई, 25 मई को बजगर, लदरूंही, भडयाड़ा, बरनाहूं, धनैतर, पातकू, अपर ढ़ेलू, खलेही, हरड़ बेहडू, डकबगड़ा, भगेहड़, गदयाड़ा व घोड़न, 27 मई को नप जोगिंद्रनगर, झलवाण, भट्ठा, मसौली, छतर लिंकरोड, मकड़ैना, 28 मई को ढ़ेलू, योरा, टिकरू, भचकेहड़ा, भालारिड़ा, आड़ू, सांलग, चांदनी, ठठरी व बलोहल, 29 मई को डोहग, सारली, सैंथल, पड़ैन, कोहरा, द्रौबड़ी, मझारनू, नेर, बस्सी, मनोह, भराडू, बिंहू, कस, बडोण व लोअर चौंतड़ा, 30 मई को राजा चौकी, त्रामट, सगनेहड़ हार, सरौली तथा 31 मई को नप जोगिंद्रनगर तथा लोअर सेरी में वितरण किया जाएगा। उक्त स्थानों में किसी कारणवश गाड़ी नहीं पहुंच पाती है तो अगले दिन सप्लाई दी जाएगी।

**अभियान** जो खुद दलबदलू परिवार का सदस्य, वह दल बदल पर दे रहे भाषण : भुट्टो

# कांग्रेस को दिल्ली से लाने पड़ रहे प्रत्याशी : देवेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विस क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी बताएं कि जब उनके पिता स्व. रामनाथ शर्मा आजाद और हिविकां से चुनाव लड़ते थे, तो क्या उनके बेटे अलग रहते थे। खुद दलबदलू की राजनीति करने वाले हमारे पर आरोप लगा रहे हैं, जबकि आरोप लगाने वाले खुद बड़े आरोपी हैं और अब जनता में ईमानदारी का पटका पहन कर लोकप्रियता हासिल करने का ढोंग कर रहे हैं।

ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कुटलैहड़ के पंचायत वुधान, धयुंग्ली, कोहड़रा पंचायतों में जन संपर्क अभियान के तहत संबोधन में कहे। भुट्टो ने कहा कि हम साफ सुथरी राजनीति पर विश्वास करते हैं और हमने राज्यसभा चुनाव में सरेआम भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में सुक्खू सरकार के पोलिंग एजेंट को दिखाकर मतदान किया है, फिर हम कहां से धोखेबाज बन गए हैं। उन्होंने कहा कि कुटलैहड़ के कांग्रेस प्रत्याशी कभी भाजपा कार्यकर्ताओं को, कभी कर्मचारियों को, कभी दुकानदारों को सुक्खू सरकार की धौंस दिखाकर डरा-धमका रहे हैं, लेकिन ऐसे राजनीति करके कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है, क्योंकि कुटलैहड़ की जनता ने भाजपा के पक्ष में समर्थन देने का मन बना लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी भाजपा कार्यकर्ताओं को डराना धमकाना छोड़ दें। कुटलैहड़ के किसी भी मतदाता का अपमान सहन नहीं होगा।


जन संपर्क अभियान के दौरान देवेंदर भुट्टो अपने समर्थकों के साथ प्रचार करते हुए।

भुट्टो ने कहा कि जब राज्य में आपदा आई थी, तो मेरे कुटलैहड़ की देव तुल्य जनता ने 35 लाख के करीब फंड सीएम राहत कोष के लिए अर्जित करवाया था और हमने अपनी निजी आय से दो लाख सीएम रिलीफ फंड में दिए थे, लेकिन आरोप लगाने वाले बताएं कि राज्य में आपदा आने पर उन्होंने क्या सरकार या जनता की मदद की है। भुट्टो ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विस क्षेत्र के प्रभारी और सीएम के करीबी कहने वालों में डेढ़ वर्ष में कुटलैहड़ की क्या मदद की है। यह जनता में सार्वजनिक करें।

कांग्रेस पार्टी डूबता जहाज बन चुकी है और डूबते जहाज में कोई भी सवारी बैठना पसंद नहीं करती है, इसलिए कांग्रेस पार्टी को लोकसभा चुनाव लड़वाने के लिए पैराशूट नेता दिल्ली से लाने पड़ रहे हैं। कांगड़ा लोकसभा में कांग्रेस ने पैराशूट नेता चुनावी मैदान में उतारा है। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा, सूरम सिंह, बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य, दलजीत शर्मा, कैप्टन प्रीतम सिंह, अभय राणा, अरुण मनकोटिया, अभिनाश शर्मा के अलावा स्थानीय प्रधान-उपप्रधान बीडीसी सदस्य एवं दर्जनों भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लोकगीतों से दिया शत प्रतिशत मतदान का संदेश



घनारी में लोगों को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत संदेश देते प्रतिभागी।

**अनंत ज्ञान, ऊना**

ऊना जिले में लोकसभा के आम चुनाव तथा 2 विधानसभा उपचुनावों में सबकी सहभागिता से अधिकतम मतदान तय बनाने को ऊना जिला प्रशासन स्वीप के तहत के अभिनव प्रयोगों से मतदाताओं को जागरूक करने में लगा है।

विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में गगरेट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बस अड्डा गगरेट तथा बस अड्डा घनारी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें पूर्वी कला मंच के कलाकरों ने लोकगीतों व लघु नाटिका के माध्यम से लोगों को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

वहीं, उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि पहली जून को मतदान के दिन जिले में सभी मतदाता अपने घरों से निकलें और अपने मताधिकार का उपयोग करें। सशक्त लोकतंत्र के लिए सभी मतदाता सही तरीके से अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके लिए जन जागरूकता पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

## संपादकीय

# डीपफेक का चलन

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के एडिटेड वीडियो मामले में सियासी घमासान तेज हो गया है। भाजपा ने चुनावी माहौल में इसे मुद्दा बना लिया है और कांग्रेस पर वीडियो वायरल करने का आरोप लगाया है। शाह कह रहे हैं कि उन्होंने जो बोला था, उसकी रिकॉर्डिंग उनके पास है। वीडियो असली या है नकली, इसकी जांच करना पुलिस के लिए नाक का सवाल बन गया है। मामले की जांच आठ राज्यों तक फैल चुकी है और सोलह लोगों को नोटिस भेजा गया है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सफाई दी है कि वह कांग्रेस का सोशल मीडिया अकाउंड ऑपरेट नहीं करते हैं। दिल्ली पुलिस का आरोप अप्रासंगिक है। कुछ वर्षों से सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव के साथ ही गलत सूचनाओं और फर्जी सामग्री की भी जैसे बाढ़ आ गई है।

फोटोशॉप की हुई तस्वीरों और फर्जी वीडियो से अफवाहें फैलाई जाती हैं। शोधकर्ताओं और पत्रकारों को तो इनकी असलियत का पता लगाना बेहद जरूरी होता है। यू-ट्यूब, ट्विटर, फेसबुक जैसे सोशल नेटवर्क और फाइल शेयर करने के विभिन्न प्लेटफार्मों से भेजे गए वीडियो की सामग्री का सत्यापन करना आज के समय में बड़ी चुनौती बन गया है। पुराने जमाने में जब ब्लैक एंड व्हाइट फोटो खींचे जाते थे, उससे जीवन की पारदर्शिता और खूबसूरती प्रकट होती थी या यूं कहें कि वास्तविक सौंदर्य के दर्शन होते थे, जिससे मन को सुकून मिलता था। समय ज्यों-ज्यों आगे बढ़ता गया, दुनिया रंगीन होती गई। कई तरह के रंगों से भरे चित्रों और फिल्मों ने सबको प्रभावित किया। मोबाइल क्रांति आई तो जैसे जमाना ही बदल गया। दरअसल, यह सब उलट-पुलट मोबाइल की वजह से ही हो रहा है।

हालांकि मोबाइल कई मायनों में बहुत सारी महत्वपूर्ण जानकारियां भी उपलब्ध करवाता है, लेकिन शरारती तत्वों का ज्यादातर ध्यान मोबाइल तकनीक का इस्तेमाल गलत चीजें प्रस्तुत करने की ओर जा रहा है, जो कि बेहद चिंता का विषय है। अब सवाल यह है कि इस नामुराद बीमारी से पार पाया कैसे जाए। मोबाइल से हर लम्हे को कैद कर लेना हर किसी का शौक बन गया है। लोग इसके आदी हो गए हैं और अब सोशल मीडिया की तकनीकों ने जीवन के मायने ही बदल दिए हैं। क्या सही है, क्या गलत, क्या सच है, क्या झूठ, यह समझना मुश्किल हो गया है। जबसे डीपफेक वीडियो का चलन बढ़ा है, तबसे ऐसा लगता है जैसे जीवन ही संकट में पड़ गया है। इंटरनेट यानी अंतर्जाल विशाल समुद्र की भांति है, जिसमें डूबकर पार पाना मुश्किल है। इसके साथ जीना जितना आसान हो गया है, उतना ही जीवन को मुश्किल बनाता जा रहा है। लोग अपने फायदे के लिए मानवता को दरकिनार करने लगे हैं। संवेदनाएं खत्म हो रही हैं।

इंसान स्वार्थ के वशीभूत होकर दूसरों को धोखा देने से जरा भी नहीं हिचकता। डीपफेक बनाने वाले बहुत एक्सपर्ट होते हैं। वे इसे इतनी कुशलता से बनाते हैं कि फर्क करना मुश्किल हो जाता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग करके डीपफेक टेक्नोलॉजी के जरिए किसी के भी शरीर पर किसी का चेहरा लगा दिया जाता है। जो डीपफेक वीडियो बनाते हैं, उससे सोशल मीडिया कंपनी को काफी फायदा होता है। लोग देखकर खुश होते हैं। वीडियो एक-दूसरे को भेजकर वायरल किया जाता है। लाखों व्यूअर्स मिलते हैं। सवाल यह है कि क्या हम खुद भी डीपफेक की जांच कर सकते हैं। हालांकि ऐसा कोई आसान फार्मूला नहीं है, जिसके सहारे हर वीडियो को सत्यापित किया जा सके। किसी वीडियो की मूल फाइल नहीं मिलने पर उसे सत्यापित करना लगभग असंभव हो सकता है। इसके बावजूद कई ऐसे तरीके हैं, जो आपको किसी वीडियो की सामग्री के सत्यापन में मदद कर सकते हैं, लेकिन इस सारी प्रक्रिया में समय बहुत लग जाता है। किसी भी वीडियो को उसकी वास्तविकता जाने बिना भेजने से पहले उसकी सच्चाई जानने की आवश्यकता है। समझदारी का प्रयोग किया जाना चाहिए। अपनों पर विश्वास बनाए रखें और जागरूक रहें। समाज को स्वस्थ रखने के लिए वास्तविकता को जाने बिना किसी को दोषी न मानें।

# कोविशील्ड पर फैला 'भ्रम या हकीकत'?

कोविशील्ड वैक्सीन टीका लगवाने वाले लोग दहशत में हैं। क्या इसकी वजह कोरोना वैक्सीन निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका का साइड इफेक्ट को लेकर कोर्ट में सरेआम कबूल कर लेना है? बीते एकाध दिनों से पूरे संसार में इसी को लेकर चर्चा हो रही है। भारत में ही नहीं, बल्कि विश्व में कोरोना के बाद कुछ ऐसा हुआ है कि कम उम्र और बिलकुल तंदरुस्त और चंगे भले इंसानों को अचानक हार्टअटैक होना आरंभ हुआ। सांस्कृतिक मंचन हो, या शादी-ब्याह, पार्टी समारोह... लोगों का नाचने के दौरान गश खाकर गिरना और उसके तुरंत बाद मौत हो जाने की अनगिनत कहानियां हैं।

करीब दो-तीन साल में हुई ऐसी मौतें पहेली बनी हुई हैं। अब संदेह और गहरा गया है। ऐसा दावा है कि ये सब कोविशील्ड टीके के साइड इफेक्ट के चलते हो रहा है। भ्रम है या हकीकत? ये तो भगवान ही जाने, पर कोविशील्ड कंपनी का खुलासा यह दर्शाता है कि भविष्य में भी टीकाधारकों को साइड इफेक्ट हो सकता है। इस वैक्सीन के इस्तेमाल के आंकड़ा देखें तो सिर्फ भारत में ही एक अरब 17 करोड़ का है, जिसे कोरोना के बाद लोगों ने बचाव को ध्यान में रखकर लगवाए थे। पूरे संसार की बात करें, तो यह आंकड़ा अढ़ाई से तीन अरब तक पहुंचता है।

गौरतलब है कि कोविशील्ड कंपनी एस्ट्राजेनेका ने जब से ब्रिटिश कोर्ट में जज के समक्ष स्वीकारा है कि उनके टीके के इस्तेमाल से 'ब्लड क्लॉटिंग' यानी खून के थक्कों के जमने की प्रबल संभावनाएं हैं, तब से चारों तरफ हंगामा कटा हुआ है। कंपनी की इस स्वीकारता से संसार भर में कोविशील्ड का टीका लगवाने वालों में दहशत का माहौल है। लोग डरे हुए हैं। लोग चिकित्सकों से परामर्श करने में लगे हुए हैं। हालांकि, तसल्ली इस बात की है कि भारत के लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। भारतीय चिकित्सा तंत्र ने इसे मात्र भ्रम ही बताया है। उन्होंने फिलहाल वैक्सीन को सुरक्षित बताते हुए भरोसा दिया है कि अगर साइड इफेक्ट देखें भी तो उस पर काबू पाने में हमारा हेल्थ सिस्टम सक्षम है। सरकार की ओर से भी यही बताया गया है, पर लोगों के भीतर बैठ चुका डर निकलने का नाम नहीं ले रहा।



लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एस्ट्राजेनेका का मामला कोर्ट तक पहुंचा कैस, यह जानना भी जरूरी है। दरअसल, ब्रिटिश नागरिक जैमी स्कॉट ने एस्ट्राजेनेका कंपनी के कोर्ट में खदेड़कर मुकदमा दर्ज करवाया था। उन्होंने अप्रैल-2021 में कोविशील्ड के टीके लगवाए थे, जिसके बाद वह स्थायी तौर पर मस्तिष्क से क्षतिग्रस्त हो गए। जैमी स्कॉट समेत कई अन्य कई लोग भी थ्रोम्बोसिस नामक दुर्लभ बीमारी से ग्रस्त हो गए। तभी इन सभी ने मिलकर कंपनी के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवा दिया। इसके बाद इस दिग्गज दवा कंपनी ने कोर्ट में वैक्सीन के कारण गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं पैदा होने की बात स्वीकार ली। कोर्ट ने कंपनी को प्रभावित लोगों को 10 करोड़ पाउंड हर्जाना देने का आदेश भी दिया है। इस खुलासे के बाद कोविड-19 की अन्य वैक्सीन जैसे फाइजर, मॉडर्ना भी सवालों के घेरे में हैं। ये कंपनियां भारत में उस वक्त खूब एक्टिव थीं, इन्हें भी अपने टीकों के संबंध में अब जवाब देना होगा, क्योंकि मसला वैश्विक स्तर पर गरमा चुका है।

मालूम हो, जब कोरोना कहर बरपा रहा था, पूरी दुनिया इसके चपेट में थी, तब कोविशील्ड को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा इजाद किया गया। वैसे कम ही लोग जानते होंगे कि काविशील्ड नाम भारत ने ही दिया था। एस्ट्राजेनेका वैक्स जोब्रिया टीके का निर्माण भारतीय फार्मा कंपनी 'सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया' यानी एसआईआई ने भी अपने स्तर से किया था। टीका बनने के बाद बाकायदा उसका ट्रायल हुआ। सबसे पहले चूहों पर प्रयोग किया गया। इसके बाद एकाध गंभीर मरीजों को टीका लगाया गया, जिसका रिजल्ट बेहतरीन पाया गया, फिर, डब्ल्यूएचओ की स्वीकृति मिली। इसके बाद भारतीय वैज्ञानिकों और चिकित्सकों के संयुक्त पैनल की देखरेख में मुकम्मल पड़ताल हुई, तब कहीं जाकर टीकों को मरीजों में लगवाना आरंभ हुआ।

हां, इतना जरूर है कोविशील्ड को ब्रिटेन में आनन-फानन में नियमों के विरुद्ध जल्दबाजी में बिना ट्रायल के लोगों को टीका देना शुरू कर दिया गया था। यह बात भी वहां की हुकूमत ने कोर्ट में स्वीकारी है। इसलिए एस्ट्राजेनेका का यह कहना सच साबित होता है कि वैक्सीन बहुत दुर्लभ मामलों में टीटीएस का कारण बन सकती है। चिकित्सकों के मुताबिक इसे लंबे ट्रायल की आवश्यकता थी, जो उस वक्त नहीं किया गया। इसकी जवाबदेही फार्मा कंपनी की ही बनती है। जब उन्हें यह पता था कि इसके दुष्परिणाम भविष्य में अच्छे नहीं होंगे? तो क्यों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत उन्होंने दी। कई ऐसे सवाल हैं, जिन्हें बिंदुवार तरीके से अब एस्ट्राजेनेका कंपनी को ही देने होंग, ऐसे में भारतीय डॉक्टरों को चाहिए, अगर इस टीके से साइड इफेक्ट की उन्हें जरा भी संभावना दिखती है तो उसका तोड़ बिना किसी देरी के खोजना शुरू कर देना चाहिए। कोरोना से जब संसार तकरीबन-तकरीबन हार चुका था। सभी को अपने जीवन को बचाने के लिए जूझना पड़ रहा था। तब, एस्ट्राजेनेका ने वैश्विक साझेदारों के साथ वैश्विक स्तर पर वैक्सीन की तीन बिलियन खुराक बनाई। सरकारों ने उन्हें बाकायदा लक्ष्य दिया था। जल्दबाजी हुई थी, जिसे स्वीकारा जा चुका है। उन्हीं की भांति भारत में भी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने कोविशील्ड टीके का उत्पादन युद्धस्तर पर किया और उन्हें भारत सरकार को सौंप दिया। कोरोना वायरस की रोकथाम के लिए एस्ट्राजेनेका ने ऑक्सफोर्ड के साथ मिलकर कोविड वैक्सीन बनाई थी।

वहीं, भारत में वैक्सीन बनाने वाली कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ने एस्ट्राजेनेका के साथ समझौता करके कोविशील्ड वैक्सीन बनाई। इसके बाद देश में आधे से अधिक लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई। कुछ अन्य कंपनियों की वैक्सीन को भी लोगों ने लगवाया था, लेकिन असर सबका एक जैसा ही दिखाई पड़ता है। हालांकि, भारत के वैज्ञानिक और चिकित्सक इस मत में कतई नहीं हैं कि अचानक हुई मौतों का संबंध कोरोना के टीकों से है, पर ब्रिटिश कोर्ट के मामले ने विशेषज्ञों को नए सिरे से सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारतीय चिकित्सक भी इसकी खोज में लग गए हैं। यहां, जिम्मेदारी अब हुकूमत की बनती है कि लोगों के मन में कोविशील्ड को लेकर पनप चुके डर को कैसे भी दूर करें?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मुस्लिम बेटियां और 'शरीयत' की बेड़ियां

देश में एक बार फिर शरीयत एक्ट पर बहस शुरू हो गई है। यह चर्चा इन दिनों इसलिए सामने आई, क्योंकि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली बेंच के सामने केरल निवासी महिला ने अर्जी दाखिल की है। याचिकाकर्ता ने न्यायालय को बताया, वह एक अलग तरह की स्थिति में अपने को पाती है। क्योंकि भाई को डाउन सिंड्रोम बीमारी होने से वह असहाय हैं, किंतु उनकी देखभाल मेरे द्वारा ही हो रही है।

अन्य सामाजिक दायित्व भी मैं बखूबी निभा ही रही हूं, किंतु शरीयत कानून 'मुस्लिम पर्सनल लॉ (शरीयत) एप्लीकेशन एक्ट 1937' में पुत्री को बेटे से आधी संपत्ति मिलती है। इस स्थिति में पिता बेटी को एक तिहाई संपत्ति दे सकते हैं, शेष दो तिहाई उन्हें बेटे को देनी होगी। अब यदि भविष्य में भाई के साथ कोई परेशानी होती है, तो फिर भाई के हिस्से वाली संपत्ति पर पिता के भाइयों के परिवार का भी दावा बन जाएगा।



लेखिका : डॉ. निवेदिता शर्मा
एमपी बाल संरक्षण आयोग की सदस्य

उक्त महिला यहां अपने लिए न्याय चाहती है और हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम की तरह ही भाई के नहीं होने की स्थिति में या होते हुए भी बराबर से अपने लिए पैतृक संपत्ति में से हक चाहती है। यहां कानून की दिक्कत यह है कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की धारा-58 के तहत संपत्ति के बारे में घोषणा की जा सकती है, लेकिन मुस्लिम पर लागू नहीं है। पर्सनल लॉ कहता है कि मुस्लिम शख्स एक तिहाई से ज्यादा संपत्ति वसीयत के जरिये नहीं दे सकता है। इसके साथ ही वर्तमान में यह एक बड़ा प्रश्न भी सामने आ खड़ा हुआ है कि मुस्लिम परिवार में पैदा होने के पश्चात भी यदि कोई इस्लाम को नहीं मानते तो क्या उन पर भी ये शरीयत एक्ट लागू होगा? निश्चित तौर पर इस प्रश्न का उत्तर देश के एक बहुत बड़े वर्ग को चाहिए जो पैदा तो इस्लाम में हुआ है, किंतु उसकी आस्था कहीं भी इस मजहब के प्रति नहीं है।

यह खुशी की बात है कि वर्तमान में ही सही इस विषय पर विचार तो शुरू हुआ। अब यदि कोई मुस्लिम परिवार में पैदा होने के बावजूद इस्लाम में यकीन नहीं रखता तो उस पर शरीयत कानून लागू नहीं होना चाहिए, बल्कि भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम लागू होना चाहिए । इस मांग पर सुनवाई करने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सहमति दे दी है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

कविता




## बिकने लगे बाजार में

शिव सन्याल, जवाली

*बिकने लगे बाजार में, धर्म और ईमान।*
*कितना सस्ता हो गया, देखो रे इंसान।।*
*शर्म हया किस को यहाँ, नंगों का व्यापार।*
*अब तो यहाँ जमीर तक,बिकने लगे बाजार।।*
*बिकने को औकात है, कैसे भूखे लोग।*
*भीतर मन को लग गया, लोलुपता का रोग।।*
*कैसे धन संचित करें, बन जाएं धनवान।*
*बिकने लगे बाजार में, हैं नकली मिष्ठान।।*
*बदल रहे हैं रोज ही, महँगाई के रंग।*
*सब के अपने भाव हैं, जनता सुन कर दंग।।*
*हर दिल में है धर गया, नफरत अरु तकरार।*
*रिश्ते मीठे अब कहाँ, पहले जैसा प्यार।।*
*झूठों की मंडी लगी, कीमत पैसा आज।*
*बेपर्दा अब लाज है , कितनी बुरी है बात।।*

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

**सत्यजीत रे** का जन्म 2 मई, 1921 में कोलकाता में हुआ था। उनकी पहली ही फिल्म को तकरीबन एक दर्जन अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजा गया था। वह चार्ली चैप्लिन के बाद सिनेमा से जुड़े अकेले ऐसे शख्स थे, जिन्हें ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने 'डॉक्टरेट' की मानद उपाधि से सम्मानित किया था। वह कान्स, वेनिस, बर्लिन और ऑस्कर सरीखे दुनिया के प्रतिष्ठित फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित होने वाले अकेले भारतीय फिल्मकार थे। अपने पूरे करियर में उन्हें 32 बार राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिले। 'भारत रत्न' पाने वाले वह अब तक के एकमात्र फिल्म निर्देशक हैं। सत्यजीत रे इस मायने में भी अलग थे कि उनकी फिल्मों का कलेवर 'ललित कलाओं के कोलाज' सरीखा होता था।



सत्यजीत रे
जन्म : 2 मई, 1921
मृत्यु : 23 अप्रैल, 1992

शायद यही वजह है कि मशहूर अमरीकी फिल्म निर्देशक मार्टिन स्कॉर्सेसी ने कहा भी है 'रे की फिल्मों में काव्य और सिनेमा को मिलाने वाली रेखा एक-दूसरे में घुलीमिली सी नजर आती है।' सत्यजीत रे की फिल्में अपनी विषय-वस्तु और प्रस्तुति में नायाब होने के साथ-साथ संगीत प्रयोग के लिहाज से भी उल्लेखनीय रही हैं। फिल्मकार होने के साथ-साथ सत्यजीत रे की पहचान एक सफल लेखक के रूप में रही है।

यह सच है कि देश और दुनिया में सत्यजीत रे के अनगिनत प्रशंसक हैं। मसलन हिंदी सिनेमा के दिग्गज निर्देशक श्याम बेनेगल ने अपने एक इंटरव्यू में कहा है 'उनकी फिल्मों को देखकर मैंने अपने बारे में सोचना सीखा है। उनकी मृत्यु 23 अप्रैल, 1992 को हुई थी, जिसका सीने जगत को काफी नुकसान हुआ।

# तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से पड़ रहा ज्यादा

संयुक्त राष्ट्र संघ की विश्व मौसम विज्ञान संस्था ने एशिया में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों पर एक रिपोर्ट जारी की है, जिसमें यह बात सामने आई है कि वैश्विक तापमान वृद्धि का प्रभाव एशिया में विश्व औसत से ज्यादा पड़ रहा है। इस क्षेत्र में कई देशों में आज तक का अधिकतम तापमान दर्ज किया गया है, जिसके कारण इस महाद्वीप में 2023 में 90 लाख लोग बाढ़ और तूफान से प्रभावित हुए। दो हजार लोग काल का ग्रास बन गए। जलवायु परिवर्तन ने बाढ़, सूखे और तूफानों की घटनाओं को न केवल बढ़ाया है, बल्कि उनकी भयानकता को भी बढ़ाया है, जिसका दुष्प्रभाव वहां के समाज, अर्थव्यवस्था, और मानव जीवन पर पड़ा है।

1960-1990 के दौर के मुकाबले तापमान वृद्धि की दर लगभग दौगुनी हो गई है। 2023 में जहां एक ओर सूखा पड़ा, वहीं दूसरी ओर भयानक बाढ़ आई। चीन की बाढ़ और भारत में सूखे से 65 बिलियन डॉलर का आर्थिक नुकसान होने का अनुमान लगाया गया है। चीन में 140 सालों का वर्षा का रिकॉर्ड टूट गया। वहीं, दक्षिण पश्चिमी चीन भारी सूखे की चपेट में रहा। भारत में लू के कारण 100 लोगों की मौत हो गई और सिक्किम का तीस्ता-3 बांध बाढ़ की चपेट में आकर ध्वस्त हो गया और 100 लोग अपनी जान गंवा बैठे। बढ़ते तापमान के कारण इस तरह की घटनाओं के बढ़ने की संभावना है। भारत और बांग्लादेश में लू की संभावनाओं में 30 गुना वृद्धि की आशंका पैदा हो गई। एशिया के तेज गति से बढ़ते तापमान के चलते इसके ग्लेशियर भी खतरे में पड़ गए हैं। तापमान वृद्धि से समुद्र का जल भी ज्यादा गर्म हो रहा है, जिसके कारण भारी बारिश और समुद्री तूफानों का खतरा बढ़ा है। पिछले चार दशक में अरब सागर में समुद्री तूफानों की संख्या में डेढ़ गुना वृद्धि हुई है और तूफानों की घातकता भी बढ़ी है।



लेखक : कुलभूषण उपमन्यु
जल-जंगल-जमीन के मुद्दों के पैरोकार

जुलाई और अगस्त 2023 में हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भारी बारिश के कारण भूस्खलन के कारण हुई भारी तबाही का भी रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, जिसको भारत सरकार ने आपात स्थिति घोषित किया। इन स्थितियों से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन के विषय में भी काफी कुछ करने की जरूरत पर रिपोर्ट में प्रकाश डाला गया है। हालांकि भारत ने इस विषय में कुछ मानकों पर अच्छी प्रगति की है, फिर भी काफी कुछ किए जाने की जरूरत है। पूर्व चेतावनी व्यवस्था में सुधार करके आपदाओं में होने वाली हानि को 30 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। रिपोर्ट में आर्थिक असमानता के चलते जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के और ज्यादा चिंताजनक होने की बात कही गई है। जाहिर है कि बढ़ते तापमान का प्रत्यक्ष डंक उन गरीब लोगों को भुगतना पड़ता है, जिनके पास आवास की व्यवस्था नहीं है या जिन्हें दैनिक मजदूरी पर निर्भर रहना पड़ता है या वह किसान जिनकी फसल खुले में ईश्वर भरोसे रहती है। उनके लिए जलवायु अनुकूलन व्यवस्था खड़ी करना भी संभव नहीं होता। बढ़ते तापमान से फसलों की उत्पादकता पर भी विपरीत प्रभाव पड़ने के कारण खाद्य सुरक्षा पर भी खतरा पैदा होने की संभावना बन सकती है। इस दिशा में जलवायु की विपरीत स्थितियों को झेलने में सक्षम फसलों और फसल किस्मों पर ज्यादा शोध और प्रचार-प्रसार की जरूरत है। इस दिशा में पुराने समय में प्रचलित श्री धान्य फसलों कोदा, रामदाना, स्वांक, बाजरा आदि का प्रचार-प्रसार करके अच्छी पहल की जा रही है, किंतु कार्बन उत्सर्जन करने वाली ऊर्जा उत्पादन तकनीकों और बड़े प्रोजेक्टों, खनन परियोजनाओं के कारण वनों के विनाश से कार्बन प्रदूषण क्षमता में आ रही कमी की चुनौतियां यथावत बनी हैं और बढ़ भी रही हैं।

पिछले 15 वर्ष में भारत में 3 लाख हेक्टेयर वन भूमि का उपयोग इस तरह की बृहदाकार योजनाओं के लिए बदला जा चुका है और यह क्रम सतत रूप से जारी है। इतनी चिंताजनक स्थिति के बावजूद वर्तमान आम चुनाव में यह मुद्दा जनता के बीच महत्वपूर्ण नहीं बन सका है। पर्यावरण से जुड़े दिवसों पर चेतना रैली निकालने, कुछ अच्छे नारे लगाने, भाषण प्रतियोगिता आयोजित करने या ज्यादा से ज्यादा चुनाव मैनिफेस्टो में पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े वादे उछालने तक हम सीमित होते जा रहे हैं। इसलिए राजनीतिक दल भी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लेते हैं। हिमालय के नाजुक परिस्थिति संतुलन के दृष्टिगत यह मामला हिमालय में और भी ज्यादा संगीन हो जाता है, किंतु हम प्राकृतिक आपदा का बहाना गढ़कर आत्मसंतुष्टि कर लेते हैं या खुद को धोखा देते रहते हैं, जबकि हम सब समझते हैं कि जलवायु परिवर्तन मानव निर्मित गलतियों का नतीजा है। फिर भी हम न तो आत्मसंयम से अनावश्यक वस्तुओं, पदार्थों के उपयोग से बचना चाहते हैं, न ही सरकारों के सामने अपनी पर्यावरण विषयक चिंताओं को रखकर दबाव बनाकर नीतिगत बदलाव की मांग रखना चाहते हैं।

सरकारें अपने आप विकास को सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर से नाप कर आगे बढ़ती हैं, उन्हें पर्यावरण जैसे मुद्दे उतने लुभावने नहीं लगते। दुनिया भर में सरकारें जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दों पर टालमटोल करते हुए, शर्माते हुए कुछ थोड़ा बहुत कार्य करती रहती हैं। कुछ गंभीरता जब आपदाएं आती हैं, तब दिखाई देती है। धीरे-धीरे प्रकृति के ऊपर दोषारोपण करके समस्या भूल जाते हैं। वैश्विक स्तर और हिमालय के स्तर पर जलवायु परिवर्तन की चुनौती के कारण बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के चलते अब समय आ गया है जब कि इस मुद्दे पर आम जनता और राजनीतिक दलों को चुनावी राजनीति के केंद्र में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के मुद्दे को लिया जाना चाहिए, ताकि सरकार गठन के बाद इस मुद्दे पर समुचित कार्य किया जा सके और सरकारों की जवाबदेही भी तय हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**भारत** को अपने मूल लोकतांत्रिक सिद्धांतों को मजबूत बनाने के लिए अपनी युवा शक्ति का भरपूर इस्तेमाल करना चाहिए और राजनीति और लोकतंत्र में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना चाहिए। हाल ही में महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की ओर से पेश की गई एक रिपोर्ट के मुताबिक राज्य में 18 और 19 साल के महज 7,90,000 युवा मतदाता के रूप में पंजीकृत हैं, जबकि राज्य में इस आयु वर्ग के युवाओं की संख्या 42,09,000 है।

राज्य की कुल जनसंख्या में 18-19 साल के युवाओं की संख्या 4.5 प्रतिशत है, लेकिन इस आयु वर्ग में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या राज्य की आबादी का महज 0.6 प्रतिशत है। राज्य भर के विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में नियमित रूप से मतदाता पंजीकरण अभियान चलाए जाने के बावजूद 18-19 आयु वर्ग में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या में मामूली सुधार हुआ है, जहां नवंबर 2022 में ऐसे मतदाताओं की संख्या कुल आबादी का 0.3 प्रतिशत थी, वहीं अप्रैल 2023 के लिए यह आंकड़ा 0.6 प्रतिशत था। चूंकि, मतदाता पंजीकरण एक जीवंत, समावेशी और मजबूत सहभागिता वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था की पहली सीढ़ी है, ऐसे में मतदान के प्रति युवाओं की उदासीनता के कारणों को दूर करना जरूरी है। इसके लिए प्रदेश सरकारों और केंद्र सरकारों को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की जरूरत है।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# मुक्त व्यापार को लेकर बढ़ता जा रहा दबाव

मुक्त व्यापार को लेकर दबाव का सिलसिला बढ़ता जा रहा है। इस साल की शुरुआत में यूरोप में विशाल किसान आंदोलन हुए। 27 यूरोपीय देशों में से 24 किसी न किसी स्तर पर विरोधों का सामना कर रहे हैं। इन आंदोलनों में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स (एफटीए) को 'उखाड़ फेंकने' का आह्वान कर रहे थे, जिसकी वजह से यूरोप में भोजन व फल-सब्जियां सस्ते हो गए व घरेलू किसानों की आजीविका सुरक्षित करना मुश्किल हो रहा था। फ्रांस अकेले अपनी फल और सब्जी की जरूरत का 71 प्रतिशत आयात करता है। भारत में, किसान आंदोलन 2.0 मुख्य रूप से कृषि उपज के लिए कानूनन बाध्यकारी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की मांग कर रहा है और इसकी अन्य मांगों में भारत को विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) से हटने के लिए कहना भी शामिल है।

अमेरिकी वित्त समिति की हालिया सुनवाई में सीनेटरों के सवालों का जवाब देते हुए, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कैथरीन टाई ने कहा 'हम कड़ी मेहनत करने वाले अमेरिकी परिवारों और समुदायों, विशेष रूप से हमारे ग्रामीण समुदायों के लिए बाजार खोल रहे हैं। बातचीत के माध्यम से हमारे प्रशासन ने पिछले तीन वर्षों में नए कृषि बाजारों तक 21 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की पहुंच सुनिश्चित की है,' और आगे कहा, 'इसमें वृद्धिमान बाजार भारत के साथ 12 टैरिफ श्रेणियां शामिल हैं, जो अमेरिकी निर्यातकों के लिए तरक्की का मौका हैं।' मेहनतकश अमेरिकी परिवारों और ग्रामीण समुदायों की सुरक्षा को लेकर अमेरिका की रुचि समझी जा सकती है, लेकिन भूमंडलीकरण के तहत हर देश को उन दसियों हजारों किसानों की आजीविका की भी रक्षा करनी चाहिए, जो दुनिया के किसी और हिस्से में सस्ते आयातों के चलते तबाह हो जाते हैं।



लेखक : राकेश दुबे
स्वतंत्र टिप्पणीकार

एक बार जर्मन किसानों से भी कमोबेश इसी तरह का प्रश्न पूछा गया था, जो दक्षिणी जर्मनी के लैंड्सफुहल में एक फार्म हाउस में डिनर के दौरान जीएटीटी निर्यातकों के एक छोटे समूह से मिलने आए थे। यह 1990 के दशक के मध्य में किसी समय का वाकया है। 'तब खा गया था आप सरप्लस खाद्यान्न का उत्पादन करते हैं जिसके लिए आप दक्षिण में एक स्थायी बाजार की तलाश कर रहे हैं, लेकिन शायद आपको इस बात का अहसास नहीं है कि आप यहां जो सरप्लस अनाज पैदा करेंगे, वह भारत जैसे देशों में लाखों छोटे और सीमांत किसानों को उनके खेतों से दूर कर देगा। उन व्यापार वार्ताकारों के उलट, जो नष्ट हो रही कृषि आजीविका के बारे में दूर-दूर तक चिंतित हुए बिना, आजकल व्यापार वार्ता की अगुवाई करते हैं, वहां किसानों से जो उत्तरआया था, वह अत्यधिक समर्थन प्रदान करने वाला था। भारतीय किसानों के साथ एकजुटता व्यक्त करते हुए उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा था कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं थी कि उनका अधिशेष खाद्यान्न भारत में आजीविका को नष्ट कर देगा।

अब अमेरिका को भी उस असर का आकलन करना चाहिए, जो बादाम, अखरोट और सेब समेत अन्य चीजों पर प्रतिरोधात्मक आयात शुल्क वापस लेने के बाद भारत पर पड़ेगा। रिपोर्टों के अनुसार 20 प्रतिशत आयात शुल्क वृद्धि वापस लेने के बाद जब पहली खेप भारत के लिए रवाना हुई तो सिएटल बंदरगाह पर उत्सव मनाया गया। भारत वाशिंगटन के सेब के लिए 120 मिलियन डॉलर का बाजार प्रदान करता है, जिससे अमेरिका में 68,000 सेब उत्पादक किसानों को लाभ होगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नवंबर 2023 में आयात शुल्क आंशिक रूप से वापस लेने के एक महीने के भीतर 19.5 मिलियन डॉलर मूल्य के वाशिंगटन सेब भारत भेजे गए।

यूएस कांग्रेस की सुनवाई में एक सीनेटर को यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि भारतीय गेहूं सब्सिडी कीमतों को बिगाड़ रही है और इससे अमेरिकी किसानों को नुकसान हो रहा है। एक अन्य सीनेटर ने चावल सब्सिडी के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि अगर चावल सब्सिडी डब्ल्यूटीओ के मापदंडों के भीतर होती, तो इससे अमेरिकी धान किसानों के लिए 850 मिलियन डॉलर के व्यापार के अवसर खुल जाते। ये सीनेटर भारत में एमएसपी व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं जिसके तहत खासकर पंजाब और हरियाणा में गेहूं और चावल उत्पादक किसान, उच्च सुनिश्चित कीमतों से लाभान्वित होते हैं। अमेरिका ने बार-बार कहा है कि भारत किसानों को उत्पाद-विशेष के लिए समर्थन की 10 प्रतिशत की सीमा से अधिक एमएसपी भुगतान करके डब्ल्यूटीओ की शर्तों का उल्लंघन करता है। आश्चर्यजनक तौर पर, ये आक्षेप बार-बार उस देश द्वारा लगाए जाते हैं, जो दुनियाभर के कपास उत्पादकों को हानि पहुंचाने के लिए अपने देश के कपास उत्पादकों को दी जाने वाली भारी-भरकम सब्सिडी को बंद करने में विफल रहा हो।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस के ऑब्जर्वर कल जोगिंद्रनगर व सरकाघाट में

**मंडी।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं मंडी लोकसभा क्षेत्र के आब्जर्वर संजय दत्त तीन मई को जोगिंद्रनगर व सरकाघाट में बैठकें करेंगे। उनके तयशुदा कार्यक्रम की तहत वह सुंदरनगर से जोगिद्रनगर पहुंचेंगे। वहां पर 10 बजे पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। उसके बाद सड़क मार्ग से 2:15 बजे सरकाघाट में बैठक करेंगे।

### मंडी जोन कनिष्ठ अभियंता के चुनाव 5 को

**पधर।** हिमाचल प्रदेश कनिष्ठ अभियंता संघ मंडी जोन के द्विवार्षिक चुनाव लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता के सभागार मंडी में 5 मई को 11 बजे सुनिश्चित किए गए हैं। मंडी जोन के प्रेस सचिव देव राज ने बताया कि सभी कनिष्ठ अभियंता चुनाव में उपस्थिति दर्ज करवाएंगे, उसके बाद ही नई कार्यकारिणी का गठन होगा।

### केंद्र सरकार को सत्ता से बाहर करने का ऐलान

**मंडी।** सीटू जिला कार्यालय मंडी में मजदूर दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रेहड़ी-फड़ी यूनियन, फोरलेन व सीटू ने हिस्सा लिया। इस दौरान जिला महासचिव राजेश शर्मा, राज्य सचिव जगदीश ठाकुर, नौजवान सभा राज्य अध्यक्ष सुरेश सरवाल ने अपनी बात रखी। वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा सरकार द्वारा 44 श्रम कानून को बदलकर 4 श्रम संहिताओं को बना दिया गया है। मजदूरों को बंधुआ मजदूर बनाने की तरफ यह सरकार बढ़ रही है। आने वाले समय में जनता विरोधी और मजदूर विरोधी मोदी सरकार को सत्ता से बाहर उखाड़ फेंकना है। इसके साथ ही मांगों को लेकर एक घोषणा पत्र को भी जारी किया गया और आने वाले समय में सभी मजदूर यूनियनों ने मिलकर संघर्ष करने का फैसला लिया। इस मौके पर सीटू जिला महासचिव सचिव राजेश शर्मा जगदीश ठाकुर, सुरेश, गोपेंद्र आदि ने हिस्सा लिया।

### शिवाबदार व घराण में बताया मतदान का महत्व

**पधर।** स्वीप कार्यक्रम के तहत नोडल अधिकारी डॉ. कल्याण चंद मंडोत्रा की अध्यक्षता में द्रंग विधानसभा क्षेत्र के गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल शिवाबदार और घराण में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल में छात्र -छात्राओं के लिए नारा लेखन और पेटिंग प्रतियोगिता भी करवाई गई और सेल्फी प्वाइंट भी लगाया गया। उन्होंने कहा कि मत प्रतिशत बढ़ाने में युवा एवं नए मतदाताओं की अहम भूमिका है। ऐसे में सभी युवा मतदाताओं से भारी संख्या में मतदान में भाग लेने का आह्वान किया।

### समीर मिस्टर व देवांगी को चुना मिस फेयरवेल

**जोगिंद्रनगर।** आयुर्वेदिक फार्मास्यूटिकल साइंसेज कॉलेज जोगिंद्रनगर के छात्रों ने अपने सीनियर्स को एक भव्य जश्न में विदाई दी। इस दौरान मिस्टर फेयरवेल के रूप में समीर ठाकुर को चुना गया और देवांगी को मिस फेयरवेल, करिश चंदेल को मिस्टर पर्सनैलिटी, स्वेता वर्मा को मिस पर्सनैलिटी विशाल चंदेल को स्टूडेंट्स ऑफ द ईयर के रूप में चुना गया। फेयरवेल पार्टी में कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. राकेश थम्मन, शिक्षक और छात्र उपस्थित थे। विजय चौधरी प्रिंसिपल कम डीन राजीव गांधी आयुर्वेदा कॉलेज पपरोला बैजनाथ से मुख्य अतिथि के रूप इस समारोह में शिरकत की इस समारोह में स्पेशल अतिथि के रूप टेक चंद ठाकुर ने शिरकत की।

### पधर में वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट 6 को

**पधर।** एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने जानकारी बताया कि उपमंडल पधर में 6 मई को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट के लिए तिथि निर्धारित की गई है। ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग हार्डगलू मैदान में की जाएगी। स्लॉट 2 मई से खोल दिए जाएंगे तथा वाहनों की पासिंग के लिए संपूर्ण औपचारिकताएं जैसे फीस और टैक्स की ऑनलाइन रिसिप्ट ही मान्य होगी।

### दो मामलों में 67 बोतल पकड़ी अवैध शराब

**मंडी।** थाना सदर पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान राजेंद्र कुमार उर्फ राजू गांव हैरत तहसील कोटली के कब्जा से 7 बोतल ऊना नं.-1 बरामद की है और दुसरे मामले में थाना सदर के अंतर्गत जीवन लाल गांव कुसुम डाकघर सलेतर तहसील सदर के कब्जा से 60 बोतल ऊना नं.-1 बरामद की है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि दोनो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# खनन माफिया पर खाकी सख्त, 48 चालान कर वसूले 3.50 लाख रुपए

## पुलिस थाना धनोटू के प्रभारी गगन सिंह खनन माफिया पर लगातार कर रहे सर्जिकल स्ट्राइक

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**



सब इंस्पेक्टर गगन सिंह रनायक से **विशेष बातचीत**

मंडी जिला के धनोटू पुलिस थाना क्षेत्र में फलफूल रहे अवैध खनन माफिया पर अब खाकी की कड़ी कार्रवाई से हडकंप मचा हुआ है। इसके तहत पुलिस थाना धनोटू में बीते 11 मार्च को बतौर एसएचओ पदभार संभालने के बाद सब इंस्पेक्टर गगन सिंह रनायक लगातार एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। इससे पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए खड्डों और प्लाटों से रेत और बजरी के अवैध तौर पर किए जा रहे खनन के कार्य की कमर तोड़ कर रख दी है।

अपने इस विशेष अभियान में अभी तक पुलिस थाना धनोटू ने खनन माफिया के 48 चालान करते हुए करीब 3.50 लाख रुपए की भारी भरकम राशि बतौर जुर्माना भी वसूली है। इसके अलावा पुलिस ने 3 चालान न्यायालय को भी प्रेषित कर दिए हैं। इसमें अवैध खनन को लेकर उपयोग में लाई जा रही एक जेसीबी मशीन से 50 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से जहां क्षेत्र में अवैध खनन पर अंकुश लगना शुरू हो गया है वहीं स्थानीय लोग भी कड़े एक्शन से पुलिस की सराहना कर रहे हैं। पुलिस ने क्षेत्र के डडोह, छलकी, डिनक, ढाबण सहित अन्य जगहों पर भी दबिश देकर अवैध खनन माफिया पर कड़ी कार्रवाई अमल में लाई है।

'अनंत ज्ञान' से विशेष वार्ता के दौरान पुलिस थाना धनोटू के एसएचओ सब इंस्पेक्टर गगन सिंह रनायक ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन के धंधे को लेकर काफी अधिक शिकायतें प्राप्त हुई थी। इस पर संज्ञान लेते हुए अवैध खनन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन से जहां खनिज संपदा का अवैध तरीके से दोहन किया जाता है। वहीं इस गैर वैज्ञानिक कटान के कारण क्षेत्र का भूजल स्तर भी नीचे जा सकता है। क्षेत्र में हालात इस प्रकार से हैं कि आने वाले समय अवैध खनन के कारण क्षेत्र में पेयजल के प्राकृतिक स्त्रोत समाप्त भी हो सकते हैं। पुलिस थाना धनोटू के थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर गगन सिंह रनायक मात्र 28 वर्ष के हैं। पुलिस विभाग में 22 वर्ष की आयु में बतौर सब इंस्पेक्टर के पद पर नियुक्ति मिलने पर अपने बैच के सबसे कम उम्र के अधिकारी भी रहे।

गगन सिंह ने कहा कि सब इंस्पेक्टर के तौर पर उन्होंने अपना प्रोबेशन पीरियड पुलिस थाना सदर शिमला व छोटा शिमला और पुलिस थाना ढली में निकाला है। उन्होंने कहा कि धनोटू पुलिस थाना में एसएचओ पदभार संभालने से पूर्व वे कुपवी और रामपुर बुशहर में भी थाना प्रभारी रह चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

### अवैध खनन के खिलाफ लोग भी करें पुलिस का सहयोग

थाना प्रभारी धनोटू गगन सिंह रनायक ने कहा कि क्षेत्र में अवैध खनन से आसपास के घरों को भी नुकसान पहुंच रहा है। प्राकृतिक संपदा के इस अवैध दोहन में लोगों द्वारा अपने खेतों को भी खननकर्ताओं को किराए या अघोषित लीज पर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में खनन विभाग के साथ मिलकर खनन माफिया को लोगों द्वारा माइनिंग के लिए अवैध रूप से खेत देने के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र के तहत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गगन सिंह ने कहा कि लोगों की जागरूकता और सहयोग से ही क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाई जा सकती है। इसलिए उन्होंने क्षेत्र वासियों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की है।

# कुफरी स्कूल की मैडम का डेपुटेशन रद्द

## अनंत ज्ञान में खबर छपते ही हरकत में आया शिक्षा विभाग, ग्रामीणों ने दी थी चेतावनी

**अनंत ज्ञान, पधर**

अनंत ज्ञान इंपैक्ट


कुफरी स्कूल से नौ माह पहले डेपुटेशन पर गई अध्यापिका आज तक नहीं लौटी
ग्रामीण डिप्टी डायरेक्टर दफ्तर का करेंगे घेराव
सीएम से डेपुटेशन प्रथा और ट्रांसफर पॉलिसी बदलने की मांग
चुनाव बहिष्कार की दी चेतावनी
नौ माह बाद भी अध्यापिका का डेपुटेशन नहीं हुआ

अनंत ज्ञान समाचार पत्र में छपी खबर।

पधर के कुफरी स्कूल से ज्वाइन करने के तुरंत बाद डेपुटेशन पर गई भाषा अध्यापिका का डेपुटेशन विभाग द्वारा रद्द कर दिया गया है। बता दें कि अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने इस मामले को प्रमुखता से उठाया था और खबर छपते ही शिक्षा विभाग हरकत में आया और भाषा अध्यापिका को कुफरी स्कूल में दोबारा ज्वाइनिंग दे दी है।

वहीं ग्रामीणों ने एक बार फिर मुख्यमंत्री सुक्खू और राज्यपाल से मांग की है कि डेपुटेशन प्रक्रिया को हमेशा के लिए बंद कर दिया जाए, क्योंकि इसका प्रयोग राजनीति पहुंच वाले लोग करते हैं और इसका हमेशा दुरुपयोग होता है।

उन्होंने कहा कि डेपुटेशन मकरापन का एक बड़ा उदाहरण बन चुकी है, इसलिए इस जख्म को नासूर बनने से रोकना होगा, नहीं तो प्रदेशभर में आंदोलन की धार और तेज हो जाएगी, क्योंकि ऐसे सैकड़ों मामले हैं। गौर हो कि भाषा अध्यापिका ने पहली बार स्कूल ज्वाइन किया था और उसके कुछ दिनों बाद अपना डेपुटेशन किसी अन्य स्कूल में करवा दिया था। कुफरी स्कूल में भाषा अध्यापिका का पद खाली होने से लंबे समय तक बच्चों की पढ़ाई बाधित रही,

जिसकी जिम्मेदारी ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर थोपी है, उसकी भरपाई के लिए ग्रामीण मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर न्याय की मांग करेंगे और दोषियों पर हर हाल में जुर्माना लगाने की मांग करेंगे, ताकि मुख्यमंत्री का व्यवस्था परिवर्तन प्रमाणित हो सके।

**लोगों की मांग- हमेशा के लिए बंद हो डेपुटेशन प्रक्रिया राजनीतिक पहुंच वाले लोग करते हैं इसका इस्तेमाल**

डेपुटेशन पर गई भाषा अध्यापिका का डेपुटेशन रद्द होने के बाद अध्यापिका ने कुफरी स्कूल में तुरंत ज्वाइन कर लिया है।
**-इंद्र सिंह, प्रधानाचार्य, कुफरी स्कूल।**

### शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं, भविष्य में न हो ऐसा :एसएमसी

**बच्चों** की पढ़ाई प्रभावित होने के कारण अविभावक और स्कूल प्रबंधन समिति ने डिप्टी डायरेक्टर कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी थी, जिसको देखते हुए विभाग की पाले खुली और अन्य कई डेपुटेशन को बचाने के लिए कार्रवाई कर दी। स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कश्मीर सिंह ठाकुर ने बताया कि बच्चों के अविभावकों का गुस्सा जायज है, क्योंकि पहले मैडम स्कूल में ज्वाइन करती है और उसके बाद डेपुटेशन करवा कर अन्य स्कूल में चली जाती है, जिस कारण हमारे बच्चों की पढ़ाई बाधित रही है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने सरकार व विभाग को चेताया कि दोबारा ऐसा न करें जिस कारण बच्चों को परेशानी हो।

# प्रदेश सरकार के छात्र विरोधी फैसलों से एसपीयू के छात्र दुखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लंबे समय से सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के अंतर्गत आने वाले छात्रों को विभिन्न दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि बुधवार के दिन जब शाहपुर हाइट इंस्टीट्यूट लॉ के छात्र अपनी समस्या लेकर सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी पहुंचे, तो विद्यार्थी परिषद ने उनकी समस्या को सुना और प्रशासन के समक्ष रखा।

हाइट इंस्टीट्यूट के छात्रों का कहना है कि उनके कॉलेज के नए छात्र और पुराने छात्र हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के अंतर्गत अपनी डिग्री कर रहे हैं, परंतु वे सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के अंतर्गत हैं। ऐसे में छात्रों को बहुत सी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

बता दें कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी और हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के परीक्षा शेड्यूल में बहुत बड़ा अंतर है इसका मुख्य कारण सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में स्टाफ की भारी कमी है। ऐसे में प्रति कुलपति ने छात्रों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्या का निवारण विश्वविद्यालय प्रशासन जल्द से जल्द करेगा।

इकाई अध्यक्ष हर्षित मिन्हास ने मीडिया से बातचीत में बताया कि ये सारी अव्यवस्था वर्तमान प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण हो रही है। रजिस्ट्रार का पद लंबे समय से खाली है और स्टाफ की भी भारी कमी है, जहां एचपीयू के परीक्षा विभाग में 150 से भी ज्यादा कर्मचारी हैं, वहां सरदार पटेल विश्वविद्यालय में मात्र 10 से 12 कर्मचारी ही कार्यरत हैं और विश्वविद्यालय के एमसीए, इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एवं पर्यावरण विभाग में स्थाई शिक्षक भी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में उन्होंने प्रदेश सरकार को उनकी शिक्षा विरोधी नीतियों को लेकर घेरा और सवाल खड़े किए।

**सारी अव्यवस्था सरकार की गलत नीतियों के कारण : हर्षित**

# जड़ोल स्कूल में लगे शिविर में जांचे 287 विद्यार्थियों के दांत

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर में सामूहिक चित्र में चिकित्सक व छात्र।

हिमाचल डेंटल कॉलेज सुंदरनगर के दंत चिकित्सकों की टीम ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जड़ोल में विश्व स्वास्थ्य माह के उपलक्ष पर एक विशेष निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर आयोजित किया।

शिविर में 287 छात्रों के दांतों की जांच की गई। चिकित्सकों ने दांतों को स्वस्थ रखने के विभिन्न तरीकों के बारे में बताया गया। यह शिविर डेंटल कॉलेज के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिंगला व डॉ. विकास जिंदल, प्रधानाचार्य डॉ. बलजीत सिंह के नेतृत्व में किया गया। शिविर में दंत चिकित्सक डॉ. साहिल नेगी, डॉ. अर्पण, डॉ. हिमानी, डॉ. हरमेहर मल्होत्रा, डॉ. डोरिशिया रानी, डॉ. दीपक, डॉ. हरकीरत कौर, डॉ. देबोरिशी दास, डॉ. दिव्यांशी आदि शामिल रहे।

# अधिवक्ताओं को दिया मतदान का संदेश

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


अधिवक्ताओं को मतदान का संदेश देते हुए स्वीप टीम।

विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने एवं मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए स्वीप टीम के सदस्यों ने सुंदरनगर कोर्ट में अधिवक्ताओं के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता की अलख जगाई।

इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने बताया कि स्वीप टीम ने सभी को मतदान के प्रति जागरूक करते हुए मतदाता जागरूकता के बनाए गए कट आउट के साथ सभी अधिवक्ताओं के साथ सेल्फी खींची और अपने सोशल मीडिया अकाउंट में अपलोड करने की बात कही। उन्होंने लोगों से आगामी चुनाव में बढ़-चढ़कर मतदान करने का आह्वान किया। स्वीप टीम सदस्यों में देवेंद्र कुमार, रजनीश गौतम, दिनेश सिंह, प्रवीण शर्मा, दिनेश शर्मा, नैना व भीमा उपस्थित रहे।

# नाहवींधार मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति के लिए 7 मई तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, करसोग**


एसडीएम करसोग।

करसोग के नाहवींधार पंचायत में 12 से 15 मई तक पहली बार जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाले चार दिवसीय नाहवींधार मेले के दौरान लोगों के मनोरंजन के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याएं व दिन के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाने हैं, जिनमें भाग लेने के लिए क्षेत्र के गायक कलाकार अपने आवेदन सीधे तौर पर मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम करसोग कार्यालय में भेज सकते हैं। मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम करसोग राज कुमार ने बताया कि जो कलाकार इस मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रमों और संध्याओं में अपनी प्रस्तुती देना चाहते है वह अपने आवेदन 7 मई, 2024 तक ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि कलाकारों की संख्या अधिक होने पर ऑडिशन के माध्यम से कलाकारों का अंतिम चयन मेरिट आधार पर किया जाएगा। एसडीएम ने बताया कि मेले में खेल प्रतियोगिताएं भी करवाई जा रही है, जिनमें बैडमिंटन, वॉलीबॉल और कबड्डी शामिल है। जो भी टीमें इन खेलों में भाग लेना चाहती है वह भी मेले से संबंधित खेल समिति से संपर्क करें।

# पैराडाइज पब्लिक स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत, सानिया प्रथम

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**


बेहतर नंबर लेने वाले छात्र-छात्राएं।

12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में पैराडाइज पब्लिक स्कूल सुंदरनगर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। नॉन मेडिकल संकाय के छात्रों में सानिया ने 93.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान, याना सैनी ने 89.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा पियूष ने 88.4 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

वहीं मेडिकल संकाय में सोनिया ने 90.4 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, हेमराज ने 86.2 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा संजना ने 81.8 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया है। अंग्रेजी विषय में सानिया और सुनीता ने 88 प्रतिशत अंक, फिजिक्स में सानिया ने 91 प्रतिशत अंक, केमिस्ट्री में सानिया और महक ने ने 90 प्रतिशत अंक, बायोलॉजी में हेमराज ने 98 प्रतिशत अंक, गणित में पियूष चौधरी ने 100 प्रतिशत अंक, फिजिकल एजुकेशन में कार्तिक ठाकुर ने 100 प्रतिशत और कंप्यूटर साइंस में सानिया, सोनिया, मेहक, सुनीता, याना, हेमराज, क्षितिज, नीतीश, विप्लव ने 99 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल का गौरव बढ़ाया है।

स्कूल के प्रधानाचार्य प्रकाश चंद, अध्यक्ष जय सिंह ने छात्रों और उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

### हथियार जमा न करवाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**पधर।** उपमंडल पधर के थाना प्रभारी अशोक कुमार ने कहा कि निर्वाचन क्षेत्र द्रंग ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंजीकृत सभी हथियार जमा करवाए जाने अति आवश्यक हैं।

थाना प्रभारी पधर ने लोगों से अपील की, जिनके पास पंजीकृत हथियार हैं वह तुरंत प्रभाव से अपने हथियार संबंधित थाना पधर में जमा करवाएं, अन्यथा बाद में पाए जाने पर उचित व सख्त कार्रवाई की जाएगी व उक्त धारक का हथियार भी जब्त कर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि दो दिन के अंदर जिनके पास हथियार है वो जमा करवा दें। इसके बाद ऑनलाइन इनके लाइसेंस नंबर व एड्रेस की छानबीन कर पुलिस उचित कार्यवाही करने जा रही है। एक फिर पधर पुलिस उन लोगों से आग्रह करती है कि जल्द अपने हथियार जमा करवाएं अन्यथा सजा भुगतने को तैयार रहें।

# एसडीएम ने युवाओं को दिलाई मतदान की शपथ

**सुनील शर्मा, गोहर**


सिरडा ग्रुप इंस्टीट्यूट नौलखा के प्रशिक्षुओं को मतदान की शपथ दिलाते एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह।

नाचन विधानसभा में 'मा भी पाणा वोट' अभियान के तहत नाचन स्वीप टीम द्वारा एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेत की अध्यक्षता में सिरडा ग्रुप इंस्टीट्यूट नौलखा के प्रशिक्षुओं को मतदान पर जागरूक किया गया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को 1 जून 2024 को मतदान करने की शपथ दिलवाई। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि जो युवा 18 साल के हो गए है या जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है वो भी 4 मई 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा लें।

इस दौरान मतदान की उपयोगता को समझाने के लिए संस्थान की बी फार्मेसी की प्रशिक्षु दीक्षा ने अपने दमदार भाषण से मतदान की उपयोगिता गिनवाई और संदेश दिया गया कि चुनाव प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भाग लें। हंसराज ने पहाड़ी गीत व देशभक्ति गीत, नर्सिंग प्रशिक्षु दिया, गुंजन, पायल और कंप्यूटर साइंस के प्रशिक्षु उदयभानु ने एकल नृत्य, और अंत में कविता और सहेलियों ने ग्रुप डांस प्रस्तुत किया। स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप ने मतदाता जागरूक गीत प्रस्तुत किया।

इस मौके पर स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर पवनजीत कश्यप, स्वीप टीम के सदस्य हेमराज, सुरेश, योगेश, सिरडा संस्थान की प्रिंसिपल पूनम चौधरी, डीन अजय शर्मा, संस्थान के स्टाफ सदस्य तथा लगभग 300 प्रशिक्षु उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा प्रत्याशी क्यों नहीं करतीं सार्वजनिक डिबेट : ब्रह्मदास चौहान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सुंदरनगर**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मदास चौहान के नाचन के धनोटू में पत्रकार वार्ता में कहा कि कंगना और अन्य भाजपा नेता जिस तरह से कांग्रेस उम्मीदवार के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहे हैं, वह निंदनीय है। इससे यह पता चलता है कि भाजपा बौखलाहट में है, क्योंकि जिस तरह से विक्रमादित्य को युवाओं, महिलाओं और बजुर्गों का आशीर्वाद मिल रहा है, उससे भाजपा परेशान है।

उन्होंने कहा कि कंगना विक्रमादित्य पर व्यक्तिगत प्रहार कर रही है, जबकि उसी तरह पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी आधारहीन बयानबाजी कर रहे हैं, जबकि उन्हें सार्वजनिक तौर पर डिबेट करने के लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी चुनौती दे चुके हैं, तो भाजपा प्रत्याशी को डिबेट करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू की गारंटियां ही प्रदेश की चार लोकसभा सीटों के अलावा 6 सीटों पर उपचुनाव में जीत दिलाएगी।

उन्होंने कहा कि मंडी सीट से विक्रमादित्य जिस तरह से जन मुद्दों को रख रहे हैं, वह भाजपा उम्मीदवार को रास नहीं आ रहा है। कांग्रेस संगठन मंडी लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी संजय दत्त की अगुवाई में मजबूती के साथ काम कर रहा है, उन्होंने कहा कि सीएम कहते हैं कि यह लड़ाई धनबल से है, क्योंकि भाजपा का प्रचार प्रसार धनबल पर ही चला हुआ है।

### अवैध डंपिग के खिलाफ मामला दर्ज

**मंडी।** थाना सदर के अंतर्गत विनय कुमार क्षेत्रीय अधिकारी एचपीपीसीबी ने पुलघराट से लेकर मंगवाई तक अनजान व्यक्तियों द्वारा अवैध और अवैज्ञानिक तरीके से मलबा की डम्पिंग की को लेकर मुकदमा दर्ज करवाया है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि अवैध रूप से मलबा फैंकने से जल निकायों के प्रदूषित होने की संभावना है जिससे पारिस्थितिकी संतुलन और पर्यावरण बिगड़ सकता है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी सागर चंद्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज हुआ है और आगे की जांच जारी है।

**जानकारी** बाल विवाह रोकने को लेकर आयोजित बैठक में एसडीएम ओमकांत ने दी जानकारी

# बाल विवाह करवाने वालों को होगी दो साल की सजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**


बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर।

एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है और यह गैर कानूनी है। इसकी रोकथाम के लिए कानूनी प्रावधानों के कार्यान्वयन के साथ-साथ समाज में जागृति लाने की आवयकता है। बाल विवाह करवाने या बढ़ावा देने में सहायक व्यक्तियों को दो साल तक की सजा और एक लाख रुपए तक का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं।

यह जानकारी उन्होंने बाल विवाह रोकने व बाल विवाह निशेध अधिनियम के प्रति जागरूक करने को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत 18 वर्ष के कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के को नाबालिग माना जाता है और नाबालिगों द्वारा किया गया विवाह गंभीर और गैर जमानती अपराध है। बाल विवाह के आयोजन से संबंधित जानकारी, जिलाधिकारी, उप मंडलाधिकारी, बाल विकास निषेध अधिकारी (सीडीपीओ), नजदीकी पुलिस थाना को देने या फिर पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व 1090 पर सूचित करने के लिए कहा, ताकि तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित हो सके। बाल विवाह की आशंका को देखते हुए लड़का-लड़की के बालिग होने की पुष्टि के लिए उनके जन्म तिथि से संबंधित कागजात देखने के लिए कहा।

एसडीएम ने महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग तथा पुलिस विभाग को ग्रामीण स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, महिला मंडलों एवं पंचायत प्रतिनिधियों के माध्यम से समाज के सभी लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के सभी प्रावधानों की जानकारी देने के निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### भरमाणी माता मंदिर क्षेत्र में ताजा बर्फबारी

**भरमौर।** मई के पहले दिन जनजातीय क्षेत्र भरमौर के भरमाणी माता मंदिर क्षेत्र में बर्फबारी हुई है, जिससे समूचे क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ गया है। मौसम में हुए बदलाव के चलते लोग भी अचरज में हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बर्फबारी होने से पूरा क्षेत्र शीतलहर की चपेट में है। जनजातीय क्षेत्र भरमौर की ऊंची चोटियों में भी हल्की बर्फबारी हुई।

### डलहौजी में मई में भी नहीं मिली गर्म कपड़ों से निजात

**डलहौजी।** मई महीने की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन इस महीने में अभी तक गर्म कपड़ों से निजात नहीं मिली है। बताते चलें कि पिछले दिनों मौसम के खराब होने से जहां जिला चंबा के जनजातीय क्षेत्र भरमौर की ऊंची पहाड़ियों तथा पांगी घाटी में ताजा हिमपात देखने को मिला तो वहीं, इसके विपरीत मैदानी इलाके में अभी भी गर्मी देखने को नहीं मिली है, जैसी होती रही है। इसका सीधा असर जिला के पर्यटन कारोबार पर भी पड़ा है। मौसम के अचानक से ऐसे बदलाव में ज्यादातर लोग बुखार, जुकाम एवं खांसी की चपेट में जाकर बीमार हो रहे हैं। इस वजह से स्थानीय अस्पतालों में मरीजों का तांता लगा हुआ है। नागरिक अस्पताल डलहौजी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि मौसम में अचानक तब्दीली होने की वजह से लोग बीमार होते जा रहे हैं, इसलिए लोगों को चाहिए कि बेशक मई महीना शुरू हो चुका है, लेकिन मौसम में अभी भी सर्दी बरकरार है। लोग भूलकर भी लापरवाही न करें और हल्का सा बुखार, जुकाम एवं खांसी की स्थिति में अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्रों में जाकर डॉक्टर से जांच करवा कर उचित दवाई लें।

### चंबा में 11 मई को लगेगी लोक अदालत

**चंबा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंबा द्वारा 11 मई को न्यायिक परिसर चंबा में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में आपराधिक मामलों को छोड़कर अन्य न्यायिक मामलों का समाधान किया जाएगा। यह जानकारी जिला पंचायत अधिकारी चंबा ने इस संबंध में समस्त खंड विकास अधिकारियों को जारी निर्देशों के माध्यम से दी है। उन्होंने बताया कि 11 मई को आयोजित की जा रही इस लोक अदालत के माध्यम से जिला की आम जनता अविलंब समाधान प्राप्त कर सकती है।

### व्यक्ति से 7 लीटर अवैध शराब बरामद

**सुंदरनगर।** बीएसएल थाना पुलिस के निहरी पुलिस चौकी के दल ने 7 लीटर अवैध शराब सहित एक व्यक्ति को धरा है। जानकारी के अनुसार निहरी पुलिस चौकी का दल कुलथी गांव में गश्त पर था। इस दौरान पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र में एक व्यक्ति शराब का अवैध कारोबार करता है। इस पर पुलिस ने एक रिहायशी मकान में छापामारी कर वहां से 7 लीटर अवैध शराब बरामद की है। डीएसपी भारत भूषण ने बताया पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी में इस मामले में कर्म सिंह निवासी गांव कुलथी डाकघर रकोल तहसील निहरी के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### सलापड़ में वृद्ध के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**सुंदरनगर।** सुंदरनगर के सलापड़ में मारपीट को लेकर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई प्राथमिकी में रतन लाल (75) निवासी गांव व डाकघर सलापड़ ने कहा है कि बुधवार को वह अपने घर जा रहा था तो राजकुमार व मनोज कुमार ने उसका रास्ता रोक कर मारपीट की और धक्का देकर गिरा दिया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बस में सवार यात्री से 542 ग्राम चरस बरामद

**सुंदरनगर।** चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर भवाना में सुंदरनगर थाना पुलिस ने नाके के दौरान पंजाब रोडवेज की बस में सवार केरल निवासी युवक से 542 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना के तहत सलापड़ पुलिस चौकी के दल ने भवाना में नाका लगा रखा था। इस दौरान कुल्लू से चंडीगढ़ जा रही पंजाब रोडवेज की बस को जांच के लिए रोका। बस में सवार यात्रियों की तलाशी के दौरान श्याम प्रकाश (33) पुत्र शक्तिधरान निवासी कृष्ण भवन ओरीपरम चाईथाल्ला डाकघर मावेलिकारा पुलिस स्टेशन मन्नार जिला अल्लापूजा केरल के स्वामित्व में 542 ग्राम चरस बरामद की गई। डीएसपी भारत भूषण ने बताया आरोपी को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ सुंदरनगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क रोकने पर मुकदमा दर्ज

**मंडी।** सदर के अंतर्गत शिकायतकर्ता मीना कुमारी निवासी गांव ननावा डाकघर मराथू तहसील सदर ने 30 अप्रैल को अपने घर के डंगे के निर्माण के लिए रेत मंगवायई थी, जो करीब 4:30 बजे दिन टिप्पर को राधा देवी पत्नी जय कुमार, भूपेंद्र कुमार पुत्र जय कुमार और श्रीकांत ने टीपर के आगे पत्थर लगाकर सड़क बंद करके गाली-गलौच किया, साथ ही जान से मारने की धमकियां दीं। एएसपी मंडी सागर चंद्र ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया मजदूर दिवस

गोहर। विश्व श्रमिक दिवस के उपलक्ष पर मंगलवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में विश्व मजदूर दिवस मनाया गया। स्कूली बच्चों ने स्कूल में काम करने वाले बस चालक, आया, चौकीदार सभी को कार्ड दिए। कविता पाठ, समूह गान प्रस्तुत किए साथ में इस दिन की विशेषता के ऊपर चर्चा की। प्रधानाचार्य चंदेश्वर कुमार शर्मा ने कहा कि आज हर कोई एक श्रमिक है जो श्रम नहीं करता उसका जीवन बेकार है। आज श्रम करना बहुत गर्व की बात है। हमें पूरी निष्ठा और पूरी ईमानदारी से हम जिस भी काम को कर रहे हैं उस काम को करें यह सबसे बड़ा श्रम है।


# नशा तस्करों पर शिकंजा, 58 ग्राम चरस के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों में एक आरटीआई कार्यकर्ता, चंबा मुख्यालय के सामने दे चुका है धरना

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

पुलिस थाना किहार की टीम ने 3 लोगों को चरस के साथ पकड़ा है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम एचसी लियाकत खान तेलका के नेतृत्व में तेलका से डंडी मार्ग पर पैट्रोलिंग कर रही थी। इस दौरान च्युंड मोड़ के पास डंडी की तरफ से 3 लोग पैदल आ रहे थे जोकि पुलिस की टीम को देखकर घबरा गए और यहां-वहां भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू किया तथा जब उनकी तलाशी ली तो उनके कब्जे से 58 ग्राम चरस बरामद हुई।


चरस के साथ गिरफ्तार नशा तस्कर पुलिस टीम के साथ।

चरस के साथ पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपनी पहचान विनायक कुमार पुत्र किशन चंद उम्र 32, राहुल पुत्र अमर चंद उम्र 21 निवासी गांव छुदरा डाकघर ठकरीमट्टी तहसील सलूणी जिला चंबा और सोभिया राम पुत्र नूपु उम्र 67 निवासी गांव अथेड डाक मौडा तहसील सलूणी जिला चम्बा के तौर पर बताई।

सोभिया राम आरटीआई कार्यकर्ता है। सोभिया राम हाल ही में चंबा मुख्यालय के सामने धरना भी दे चुका है। स्थानीय पुलिस को कई दिनों से युवकों को चरस सप्लाई करने वाले इन लोगों की तलाश थी। वह कई बार पुलिस की नजरों से बच रहे थे। आखिरकार पुलिस ने धर ही दबोचा।

पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना किहार में मुकद्दमा दर्ज कर लिया गया। मामले की पुष्टि पुलिस उपाधीक्षक मयंग शर्मा ने की है। (अनंत ज्ञान)

# आईटीआई चंबा में पुरुष वर्ग की राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

## एक खिलाड़ी के भीतर अनुशासन सबसे बड़ी जमापूंजी : पीपी सिंह



कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति देती आईटीआई की प्रशिक्षु छात्राएं।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में पुरुष वर्ग की राज्य स्तरीय चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बतौर मुख्यातिथि सहायक आयुक्त चंबा पीपी सिंह ने शिरकत की, जबकि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा प्राचार्य विपिन शर्मा ने स्टाफ सहित अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। प्रतियोगिता का आगाज सहायक आयुक्त चंबा पीपी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर पीपी सिंह ने अपने अभिवादन में इस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल को खेल की भांति और अनुशासन में रह कर खेलना चाहिए। एक खिलाड़ी के भीतर अनुशासन सबसे बड़ी जमापूंजी होती है।

प्रतियोगिता के शुभारंभ मौके पर आईटीआई गर्ल्स चंबा की प्रशिक्षुओं द्वारा रंगारंग प्रस्तुतियां देकर पंडाल में बैठे लोगों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। प्रतियोगिता में प्रदेश के 11 जिला के 450 आईटीआई खिलाड़ियों भाग ले रहे हैं।

वहीं पहले दिन प्रतियोगिता में 100 मीटर, 200 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, लॉन्ग जंप, हाई जंप, सांस्कृतिक कार्यक्रम सहित अन्य प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी।

# लंबी लड़ाई के बाद पलानी पुल का निर्माण कार्य शुरू, लोग खुश

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

**ओपी शर्मा, भरमौर**

आखिरकार लंबी लड़ाई के बाद पलानी पुल का सामान नाले में पहुंचना शुरू हो गया है। मंगलवार को तीन गाड़ियों के जरिए पलानी पुल का फैब्रिकेटेड समान साइट के लिए रवाना कर दिया गया है। इसके बाद लोगों ने यहां पर राहत की सांस ली है।

गौरतलब है इस पुल को लेकर पिछले कई दिनों से लोग लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। इसके लिए उन्होंने दो मई के दिन पीडब्ल्यूडी विभाग का घेराव करने का ज्ञापन भी एसडीएम को सौपा था। हालांकि विभाग की ओर से उन्हें 25 अप्रैल का समय दिया गया था लेकिन यह सामान 1 मई को पलानी नाले में पहुंच गया है। उम्मीद जताई जा रही है कि कुछ ही दिनों बाद इस पल की जुडाई का काम भी शुरू हो जाएगा।


पुल के सामान को ट्रक से उतारते श्रमिक।


स्कूल के निर्माण को लेकर लोग पिछले 1 महीने से लगातार सड़कों पर उतरे हुए थे। लोगों ने इस पुल का सामान व निर्माण न होने को लेकर बाकायदा इस बार होने वाले लोकसभा चुनावों का भी बहिष्कार करने का ऐलान भी किया था। हालांकि विभाग की ओर से इस पल के निर्माण का टेंडर भी हो चुका है और ठेकेदार को पुल का काम अवार्ड भी हो गया है, लेकिन लेकिन काम की धीमी रफ्तार को लेकर लोगों ने कड़ा ऐतराज जताया था।

वहीं विभाग ने भी ठेकेदार की सुस्त कार्य प्रणाली को लेकर सात फीसदी की पेनल्टी भी ठेकेदारी पर लगा रखी है। पलानी नाले में पुल का सामान पहुंचने पर लोगों ने खुशी जताई है और कहा है कि जल्द ही इस पुल का काम पूरा हो जाएगा। यहां पर पुल ना होने की वजह से अब तक 50 से ज्यादा मौतें सड़क हादसों में हो चुकी हैं। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस को मिलेगा हर वर्ग का साथ, भाजपा हो जाएगी साफ : ब्रह्मानंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ब्रह्मानंद ठाकुर ने कहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव को व विधानसभा के उपचुनाव में जनता कांग्रेस के पक्ष में खुलकर वोट करेंगे।



उन्होंने कहा है कि वीरवार को मुख्यमंत्री का भरमौर दौरा ऐतिहासिक दौरा रहेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने इतने कम समय में अपनी चुनावी गारंटिया पूरी कर दी है जिसमें मुलाजिमों की वर्षों पुरानी ओपीएस की मांग में महिलाओं को ₹1500 प्रतिमाह जा रहा है। वर्तमान के अल्प समय में कांग्रेस ने बहुत ही लोग हितैषी जन कल्याणकारी निर्णय लिए हैं, जिसके कारण लोग जमकर कांग्रेस के पक्ष में वोट करेंगे।

उन्होंने कहा है की मंडी संस्दीय क्षेत्र से भाजपा को संगठन का प्रत्याशी नहीं मिला है, लिहाजा उन्होंने हाई प्रोफाइल चेहरा मैदान में उतारा है जिसे विक्रम आदित्य सिंह करारी शिक्कशत देंगे। वर्तमान में लोग मोदी सरकार की महंगाई भ्रष्टाचारी जन विरोधी नीतियों के कारण परेशान है। महिलाओं को मिलने वाले सम्मान निधि आज हिमाचल के हर महिलाओं को मिली होती लेकिन भाजपा उसे रोकने के लिए चुनाव आयोग के पास चले गए थे। जिसके कारण महिलाओं का भाजपा के प्रति गुस्सा लगातार बढ़ गया है, जिसका आने वाले चुनावो में महिलाए भाजपा को करार जवाब देगी। भाजपा धनबल के दम पर चुनी हुई सरकारों को गिरा रही है। उन्होंने कहा है कि हिमाचल में भी इस तरह की रिवाज बीजेपी ने चलाया है। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री की लोकप्रियता के कारण आज समाज के हर तबके को भरपूर लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा है कि सरकार पर किसी भी तरह का संकट नहीं है और आने वाले समय में यह सरकार फिर से रिपीट होगी। गौरतलब है वीरवार को मुख्यमंत्री व कांग्रेस प्रत्यासी विक्रमादित्य सिंह भरमौर में लोगों को संबोधित करेंगे।

## दुर्गेठी में दो परिवारों के लिए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना बनी वरदान

# मृतकों के परिजनों को सौंपे दो-दो लाख के चेक

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत दो परिवारों को ग्रामीण बैंक दुर्गेठी में दो-दो लाख रुपए बीमा राशि मृतकों के परिवार को सौंपी है। जानकारी के अनुसार हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक दुर्गेठी की ओर से स्वर्गीय रविंद्र कुमार की पत्नी व्यास देवी और मृतक पवना कुमारी के पति मदनलाल को प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना के तहत बुधवार को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा दुर्गेठी द्वारा दो-दो लाख रूपये की बीमा सहायता दी गई।

जानकारी देते हुए शाखा की प्रबंधक लेखराज शर्मा ने बताया स्वर्गीय रविंदर ग्राम पंचायत और के गांव ताला के रहने वाले थे और उनकी मृत्यु 26 दिसंबर 2023 को हुई थी वही मृतका पवना देवी ग्राम पंचायत औरा के गांव सुल्ो की रहने वाली थी। पवना कुमारी की प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले दो लाख उसके पति मदनलाल को दिए गए।


स्वर्गीय रविंद्र कुमार की पत्नी व्यास देवी दो लाख रुपए का चैक देते शाखा के प्रबंधक लेख राज शर्मा, साथ हैं अन्य।

शाखा के प्रबंधक लेख राज शर्मा ने बताया है कि उक्त परिवारों ने प्रधान कार्यालय मंडी में क्लेम के लिए अप्लाई किया था। उन्होंने बताया कि प्रमुख कार्यालय मंडी द्वारा कल्याण राशि का भुगतान कर दिया गया है। इस मौके पर मदनलाल और व्यास देवी ने बैंक के प्रधान कार्यालय मंडी और बैंक के प्रबंधक लेख राज शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

इस मौके पर बैंक के कैशियर मुमताज खान नीचू राम व महेंद्र कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# जोगिंद्रनगर में हर्षोल्लास के साथ मनाया श्रमिक दिवस

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

डीएवी पब्लिक स्कूल जोगिंद्रनगर में श्रमिक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। साथ ही कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कर्मचारियों की भूमिका निभाई तथा उनके महत्व के बारे में बताया। साथ ही बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय ठाकुर ने कहा कि सभी को मजदूर वर्ग की मेहनत व समर्पण का सम्मान व सराहना करनी चाहिए। हर निर्माण कार्य में मजदूर की भूमिका अहम होती है। मजदूरों के बिना सोसायटी का काम नहीं चलता, वह समाज का आधार होते हैं।


कार्यक्रम के दौरान बच्चे रंग-बिरंगे कपड़ों में।

### सूडोकु 0044 (मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0043 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

2 मई, 2024 वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैशाख, **तिथि** नवमी: (1:55) : **नक्षत्र :** घनिष्ठा (01:49), **पक्ष :** कृष्ण, **योगः** शुक्ल (05:18) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-1244), **राहुकाल** (01: 57 -03:37)।

**विशेष दिन**

- 02 मई 2024: चंडिका नवमी।
- 02 मई गुरु अर्जुनदेव जयंती।
- 02 मई 2024 पंचक प्रारंभ।

**मेष :** आपके रहन-सहन से लोग प्रभावित होंगे। खान-पान अनुकूल मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और मन में प्रसन्नता रहेगी। कार्यस्थल पर रुचि बढ़ेगी।

**वृषभः** समय रहते जरूरी दस्तावेज संभाल लें, मनोवांछित सफलता प्राप्त करेंगे। पारिवारिक सुख व सहयोग बढ़ेगा।

**मिथुन :** अनचाहे काम करने होंगे। दांपत्य संबंधों में सुधार होगा। व्यवसायिक स्थिति में पहले से राहत मिलेगी। आज कोई नई योजना बन सकती है।

**कर्क :** कमजोर रणनीति के कारण मनचाही सफलता नहीं मिलेगी। नए कार्यक्षेत्र में प्रवेश की संभावना है।

**सिंह :** परिवार के मांगलिक आयोजनों की रूपरेखा बनेगी। ज्ञान-चित्रकारी में रुचि बढ़ेगी। कानूनी झंझटों से राहत मिल सकती है।

**कन्या :** दिन अनुकूल है, स्वास्थ्य में सुधार होगा। मन में निराशा व उदासी का भाव खत्म होगा। किसी को भी अपने राज न बताएं।

**तुलाः** दोस्तों की चिंता रहेगी। सूझ-बूझ द्वारा कार्यों में सफलता मिलेगी। अपनी क्षमता, योग्यता का भरपूर इस्तेमाल करें आपको सफलता मिलेगी।

**वृश्चिकः** निर्माण कार्य में हो रहे विलंब से चिंता बढ़ेगी। दांपत्य सुख मिलेगा। व्यापारिक तथा कार्यक्षेत्र में उन्नति के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**धनु :** रुके हुए निर्माण कार्यों में गती आएगी। साझेदारी के कार्यों में विशेष लाभ होगा। व्यवसायिक समय शुभ रहेगा।

**मकर :** नई ऊर्जा के साथ दिन की शुरुआत होगी। घरेलु कामकाज के चलते व्यस्त रहेंगे। कार्यस्थल पर नौकरों की समस्या बनी रहेगी।

**कुंभ :** आपकी बातों को महत्व मिलेगा। परिजनों के साथ यात्रा होगी। विवाह में आ रही अड़चनें दूर होंगी। पसंदीदा भोजन की प्राप्ति होगी।

**मीनः** आप की मेहनत और सूझबूझ से उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। समय शुभ व अनुकूल फलों को देने में समर्थ होगा।

**चुनाव**

## जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश बोले- स्वीप अभियान के तहत जगह-जगह किया जा रहा जागरूक

# मिशन 414 के तहत जिले में मतदान प्रतिशतता में वृद्धि मुख्य लक्ष्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत 1 जून 2024 को प्रदेश में होने जा रहे मतदान में जिला चंबा के विभिन्न क्षेत्रों में समाज के सभी वर्गों की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता सुनिश्चित करने के मकसद से जिला चंबा में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसपाल के मार्गदर्शन में अनेक सार्थक कदम उठाए जा रहे हैं।

जिला के सभी निर्वाचन क्षेत्रों में स्वीप टीमों के माध्यम से में निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस संदर्भ में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में स्वीप अभियान के सफल संचालन के लिए जिला स्तर के अलावा उपमंडल स्तर पर भी स्वीप नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं जिनकी देखरेख में निर्वाचन क्षेत्र चम्बा, डलहौजी, भरमौर, चुराह और भटियात में स्वीप टीमों द्वारा सभी पात्र नागरिकों को लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा चुनाव 2024 में के लिए आगामी 1 जून को मतदान करने के लिए जागरूक और प्रोत्साहित किया जा रहा है।

मुकेश ने बताया कि यूं तो स्वीप टीमों द्वारा जनवरी 2024 से मतदाता जागरूकता के लिए आयोजन आरंभ कर दिए गए हैं, लेकिन प्रदेश में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के पश्चात जिला में स्वीप कार्यक्रम के तहत पात्र मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रत्येक दिन जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत जिला के विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में नोडल अधिकारियों के द्वारा 190 मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। जिनमें जिला के समस्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों, बहुतकनीकी संस्थान व कॉलेजों के अलावा 80 स्कूल भी शामिल है। यही नहीं जिला के 631 मतदान केंद्रों में बीएलओ के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक किया गया है।

उपायुक्त चंबा ने बताया कि जिला और उपमंडल स्तर पर नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी जिला के दूर दराज एवं दुर्गम क्षेत्रों में पैदल पहुंचकर स्वीप अभियान को अंजाम दे रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला चंबा में कुल 631 मतदान केंद्र है जिनमें 71 मतदान केंद्र है ऐसे है जहां पर लोकसभा चुनाव 2019 के दौरान मतदान की प्रतिशतता 60 प्रतिशत से कम रही है। इन मतदान केंद्रों पर निर्वाचन विभाग के दिशा निर्देश अनुसार मिशन 414 के तहत प्राथमिकता के आधार पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इन सभी मतदान केंद्रों को आदर्श मतदान केंद्र बनाया जाएगा और पहली बार मतदान करने वाले मतदाताओं को प्रत्येक बूथ पर 'यूथ आइकॉन' बनाया जाएगा। ऐसे मतदान केंद्रों पर 'येस, आई विल वोट' थीम के तहत विशेष हस्ताक्षर अभियान आयोजित किए गए हैं जिसे इन मतदान केन्द्रों के अलावा अन्य सार्वजनिक स्थलों पर प्रदर्शित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मतदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए स्थानीय बच्चों द्वारा बनाए गए निमंत्रण कार्ड भी वितरित किए गये हैं। इतना ही नहीं स्वीप अभियान के तहत बनाई गई टीमों द्वारा नेहरू युवा केंद्र के साथ समन्वय स्थापित कर नए मतदाताओं का पंजीकरण कर उन्हें भी मतदान के महत्व बारे जागरूक किया जा रहा है। इस प्रकार निरंतर प्रयासों के परिणाम स्वरूप जिला में गत एक वर्ष में लगभग 22 हज़ार नए मतदाताओं का पंजीकरण किया गया है। जिसमें 18 से 19 वर्ष तक के 8 हज़ार 400 मतदाता शामिल है।

### स्वीप टीम ने पंचायत परौथा के मतदाताओं को किया जागरूक

**आरके रांगड़ा, चंबा**

स्वीप टीम द्वारा मिशन 414 के अंतर्गत ग्राम पंचायत परौथा के अंतर्गत मतदान केंद्र सालोह तथा साहो क्षेत्र के मतदाताओं, गांववासियों, नव पंजीकृत मतदाताओं के लिए लिए मतदान जागरूकता, हस्ताक्षर अभियान व मतदाता शपथ का आयोजन किया गया।


ग्राम पंचायत परौथा के लोगों को मतदान का महत्व समझाते चुनाव कम

उक्त जानकारी देते विधानसभा अनुभाग चंबा के स्वीप के नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश ने कहा कि पिछले संसदीय चुनावों में उक्त मतदान केंद्र में कम मतदान प्रतिशत के कारणों और आगामी चुनावों में मतदान प्रतिशत में सुधार के लिए किए गए प्रयासों को जानने के लिए क्षेत्र का दौरा किया और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों, पंचायत प्रतिनिधियों, बुजुर्गों, महिलाओं तथा युवाओं के साथ बातचीत की गई तदोपरांत सथानीय गांव में एक बैठक का आयोजन किया गया। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी उपस्थित लोगों विशेषकर देश के भावी कर्णधारों एवं युवाओं को मतदान संबंधी जागरूक किया गया।

स्वीप टीम के सदस्य शेखर, दीपक कुमार व डॉ. राजेश सहगल ने लोगों को निष्पक्ष एवम निर्भय मतदान करने की शपथ दिलवाई। स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. अविनाश ने लोगों को मतदान की महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को वोटर हेल्पलाइन, वीएसपी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन वोट पंजीकरण की प्रक्रिया भी बताई गई।

# बारिश ने बढ़ाई व्यापारियों की परेशानी

## मेला खत्म होने के बाद हर साल शुरू होता है व्यापार मेला, पीपल मेले में व्यापार फीका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में तीन दिवसीय पीपल जातर मेला खत्म हो गया है और इसी के साथ अब ढालपुर में व्यापार मेला शुरू हो गया है। हर वर्ष पीपल जातर मेले के बाद ही धीरे-धीरे व्यापार मेला रफ्तार पकड़ता है और लोग जमकर खरीददारी करते हैं, लेकिन इस बार पीपल मेले में व्यापार फीका ही है।

इस बार मौसम साथ नहीं दे रहा है और बारिश होने से जहां लोगों की कम ही चहल पहल है। वहीं, दूसरी ओर बुधवार को बारिश के अंधड़ चलने से कई अस्थायी स्टॉल की छतें उड़ने से व्यापारियों को नुकसान भी झेलना पड़ा। इस तरह से मौसम खराब रहने के कारण बाहरी राज्यों से आए व्यापारी काफी निराश दिख रहे हैं। वहीं, इस बार लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों के चलते आचार संहिता लगने के कारण इस बार व्यापारियों को दुकानें लगाने का समय भी मात्र 15 दिन का है। ऐसे में बारिश के बार-बार खलल डालने से व्यापारियों के चेहरे मुरझाए हुए हैं। मेले के चौथे दिन बुधवार को भी सुबह से लेकर शाम तक कुल्लू में खूब बारिश हुई

पीपल जातर मेला



साथ अंधड़ भी चला, जिस कारण मेले में लोगों की चहल पहल न के बराबर थी। मीना बाजार शाम तक सूना पड़ा रहा और डोम सहित प्रदर्शनी मैदान में लगे सिड्डू मोमो व अन्य व्यंजनों के स्टॉल पर भी दिनभर लोग नहीं पहुंचे। ऐसे में बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों के साथ-साथ स्थानीय व्यापारी भी ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे। वहीं, इस बार झूले बिना बच्चों व लोगों के सूने ही दिख रहे हैं। प्रदर्शनी मैदान में खाद्य पदार्थ के स्टॉल लगाने वाली कल्पना निक्की शर्मा, शीला नेगी, मोनिका, मोहन सहित अन्य का कहना है कि इस बार बारिश के कारण काफी नुकसान झेलना पड़ रहा है।

बारिश बंद होने के पहले और बंद होने के बाद प्रदर्शनी मैदान में कीचड़ और पानी होने के कारण ग्राहक यहां नहीं पहुंच पा रहे हैं। महिलाओं ने बताया कि पिछले तीन दिनों से व्यापार पूरी तरह से मंदा है और मेले में ग्राहकों की भीड़ न के बराबर रही। मीना बाजार के अधिकांश दुकानदार दिन भर ग्राहकों की राह देखते रहे।

### ग्राहकों की संख्या में देखी जा रही कमी

एक तरफ जहां व्यापारियों को पीपल मेले में ग्राहक ढूंढकर नहीं मिल रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर दो दिन लगातार हो रहे तूफान और हल्की बारिश ने भी लोगों को भीड़ मेले से हटा दिया है। इस कारण हर दिन ग्राहकों की संख्या में लगातार कमी देखी जा रही है, जिससे बाहरी राज्यों से आए व्यापारियों की चिंता बढ़ा दी है।



# मनीषा ठाकुर के सिर सजा स्प्रिंग क्वीन का ताज

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता की विजेता मनीषा के साथ फर्स्ट व सेकेंड रनरअप।

पीपल जातर मेले में हर वर्ष की भांति इस बार भी जहां सांस्कृतिक संध्याएं आयोजित हुईं। वहीं, स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने रैंप पर हुस्न के जलवे बिखेरे। इस प्रतियोगिता में इस बार 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल में पांच प्रतिभागी पहुंचीं।

लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र में पीपल जातर मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या के दौरान हुए फाइनल राउंड में मनीषा ठाकुर ने अन्य प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। वहीं, स्प्रिंग क्वीन की पहली रनरअप राधिका ठाकुर और सेकेंड रनरअप जेस्मिन ठाकुर रहीं। ब्यूटीफुल आइज का खिताब श्वेता डीमालू, मिस पर्सनेलिटी सकीना, मिस हेयर दिव्याक्षी, मिस स्माइल अक्षिता को दिया गया। सुंदरियों में स्प्रिंग क्वीन का ताज हासिल करने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी अनुभव शर्मा ने कहा कि जिले की युवतियों को मंच प्रदान करने के लिए स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता करवाई गई। इस बार भी सांस्कृतिक संध्या में स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता मुख्य आकर्षण का केंद्र रही।

'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' के उद्देश्य से नगर परिषद कुल्लू द्वारा पिछले कुछ वर्षों से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। नगर परिषद कुल्लू की पूर्व में प्रधान रही बिमला महंत ने अपने कार्यकाल के दौरान कुल्लू शहर के साथ-साथ गांव की लड़कियों को एक अलग मंच प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता शुरू की थी, तब से लेकर अब हर साल यह प्रतियोगिता आयोजित की जाती है और नगर परिषद कुल्लू की ओर से प्रतिभागियों से किसी तरह की एंट्री फीस व ड्रेस सहित अन्य सभी सामान निशुल्क प्रदान किया जाता है। अब पूर्व प्रधान बिमला महंत की बेटी एवं गांधीनगर वार्ड की पार्षद अमीना गौड़ अपनी माता के पद चिन्हों पर चलकर उनके द्वारा शुरू की गई इस पहल को आगे बढ़ाने में नप कुल्लू के साथ सहयोग कर रही हैं। वहीं, अमीना राज के अलावा नगर परिषद कुल्लू की अन्य पार्षद, जिनमें शालिनी रॉय भारद्वाज, कुब्जा ठाकुर, आशा महंत, उमा पॉल व निर्मला ने इस बार भी प्रतियोगिता की बागडोर संभाली और बखूबी उसे निभाया। लिहाजा, नगर परिषद कुल्लू की ओर से इस बार भी स्प्रिंग क्वीन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें जिले की युवतियों ने रैंप पर अपने हुस्न का जादू बिखेरा और फाइनल में मनीषा के सिर स्प्रिंग क्वीन 2024 का ताज सजा। प्रतियोगिता की विजेता को 35 हजार रुपए के साथ मोमेंटो के अलावा फर्स्ट रनरअप को 25 हजार, जबकि सेकेंड रनरअप को 15 हजार की नकद राशि प्रदान की गई। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### अनीशा की सहायता के लिए आगे आया ट्रस्ट

**कुल्लू।** किडनी की बीमारी से जूझ रही अनीशा की सहायता के लिए एक बार फिर से कैप्टन प्रेमजीत रोकपा मैमोरियल ट्रस्ट मदद के लिए आगे आया। अनीशा की सहायता के लिए आगे आई, ट्रस्ट ने 20000 रुपए उनके ईलाज के लिए प्रदान किए। अनीशा का पिछले साल सितंबर में किडनी ट्रांसप्लांट हुआ है। इलाज के लिए वह अभी भी पीजीआई चडीगढ़ में है और उनके इंजेकशन तथा दवाई के लिए परिवार को काफी समस्या से जूझना पड़ रहा है। रोकपा मैमोरियल ट्रस्ट ने पूर्व में भी अनीशा की मदद की थी और ऐसे जरूरतमंदों की मदद के लिए ट्रस्ट ने अहम भूमिका निभाई है। ट्रस्ट ने सभी दानी लोगों से अपील की है कि अगर कोई उनके मुश्किल घड़ी में साथ देना चाहते हैं, तो आप भी उन की सहायता कर सकते हैं।

### आज होने वाला वार्षिक छम नृत्य स्थगित

**केलांग।** लाहौल के तुपचीलिंग गोंपा में आयोजित होने वाले वार्षिक छम नृत्य को स्थगित का दिया गया है। बुधवार को तुपचीलिंग गोंपा कमेटी के जनरल सेक्रेटरी अजित ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष तुपचीलिंग गोंपा में दो मई को आयोजित होने जा रहे वार्षिक छम नृत्य को स्थगित कर दिया गया है। हर वर्ष तुपचीलिंग गोंपा में जंस्कार से लामा गण आते थे और उनकी भागीदारी ओर सहयोग से ही छम नृत्य का आयोजन किया जाता था, लेकिन इस बार जंस्कार रोड बंद होने की वजह से लामा गण तांदी स्थित तुबचीलिंग गोंपा नहीं आ पाएंगे। इसलिए इस कार्यक्रम को स्थगित करना पड़ा रहा है। फिलहाल मौसम और सड़क की स्थिति को ध्यान में रखते हुए ही ये कदम उठाया गया है इसलिए अब जल्द ही अगले तिथि की घोषणा मौसम और सड़कों की हालत को देख कर की जाएगी।

### स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का होता निवास

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली के वार्ड दो सिविल अस्पताल में सेवारत डॉक्टर पिया कपूर ने वार्ड नंबर दो भजोगी में अत्याधुनिक जिम का उद्घाटन फीता काटकर किया। इस मौके पर डॉक्टर पिया ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है' उन्होंने आश्वस्त किया कि ओपन जिम लोगों को शारीरिक और मानसिक रुप से मजबूती प्रदान करने में सहायक सिद्ध हो रहा है। जिम की आवश्यकता मानव जीवन में बहुत ही उपयोगी है। उन्होंने मनाली के युवाओं से आग्रह किया कि वह नशे से दूरी बनाए रखें। पोष्टिक आहार खाएं और जिम में नियमित आकर अपनी सेहत बनाएं।

### बच्चों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन

**केलांग।** केंद्रीय विद्यालय केलांग में बाल वाटिका-3 व कक्षा-1 के वर्तमान सत्र में प्रवेश प्राप्त करने वाले बच्चों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी भाग लिया। विद्यालय प्राचार्य युद्धवीर सिंह समलोटिया ने अभिवावकों को संबोधित किया तथा आगामी वार्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। विद्यालय में स्टूडेंट्स के प्रवेश के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी व उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ढालपुर में होगी जिला स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता

**कुल्लू।** कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन की बैठक बुधवार को कुल्लू में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के सचिव युवराज वर्मा ने की। इस बैठक में कुल्लू जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन ने 4 और 5 मई को ढालपुर मैदान कुल्लू में जिला एथलेटिक्स प्रतियोगिता आयोजित करने के लिए चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विभिन्न दौड़, कूद और थ्रो होंगे। जो एथलीट मानकों को पूरा करेंगे, उन्हें धर्मशाला में होने वाली राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए भेजा जाएगा।

### स्टूडेंट्स ने सीखी योग व ध्यान की विधियां

**कुल्लू।** कुल्लू के गांधीनगर स्थित ब्रिलियंट ग्लोबल स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर द्वारा बुधवार को योग व ध्यान का शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्कूलों के विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने योग व ध्यान की विधियां सीखी तथा सभी ने योग को अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। आर्ट ऑफ लिविंग कुल्लू चैप्टर के समन्वयक सुंदर ने बताया कि योग शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी है।

### खुशबू भारद्वाज को कांगड़ा में किया सम्मानित

**कुल्लू।** कुल्लू जिले की स्वर कोकिला पंडित खुशबू को कांगड़ा में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कारगिल वार के हीरो नायक दीप चंद सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे, जिसमें पूरे भारत से गणमान्य व्यक्ति कांगड़ा पहुंचे थे। इस अवसर पर पंडित खुशबू भारद्वाज ने अपनी मधुर आवाज में शहीदी गीत गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और कारगिल योद्धा समेत सभी की आंखें नम हो गईं।

## स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागियों ने कैटवॉक कर मतदान का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



सांस्कृतिक संध्या में स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागी रैंप पर कैटवॉक कर मतदान का संदेश देती हुईं।

ऐतिहासिक लालचंद प्रार्थी कलाकेंद्र ढालपुर में पीपल जातर मेले की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागियों ने कैटवॉक कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला स्वीप टीम कुल्लू की ओर से स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागियों को लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए एक टास्क दिया गया। यह टास्क स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागियों के प्रतिस्पर्धा का एक विशेष हिस्सा रहा। टास्क को प्रतिभागियों ने बखूबी निभाया व अधिक से अधिक लोगों तक अपनी पहुंच सुनिश्चित करते हुए बातचीत की इसमें ज्यादातर 18 वर्ष से 29 आयु वर्ग के नए वोटर विशेषतौर पर शामिल रहे। कुल्लू में 'चुनाव का पर्व देश का गर्व' थीम को लेकर बसंत सुंदरी (स्प्रिंग क्वीन) प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभागियों को लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए एक टास्क दिया था। यह प्रतियोगिता जिला स्वीप टीम की ओर से करवाई गई, जिसकी अध्यक्षता जिला स्वीप टीम के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी डायरेक्टर नेहरू युवा केंद्र कुल्लू डॉक्टर लाल सिंह ने की। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले भर में मतदाता को जागरूकता संदेश देना है, जिसमें प्रथम बार के मतदाताओं को विशेष रूप से मत के महत्व को बताना व समाज के सभी लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना रहा। बसंत सुंदरी प्रतियोगिता की प्रतिभागियों ने जिला मुख्यालय के आसपास आठ टीम बनाकर लोगों के साथ साक्षात्कार किया व लोगों को मत के प्रति प्रेरित करते हुए उनका नाम व पता अपनी स्कोरिंग सीट में अंकित किया। उधर, जिला उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुल्लू तोरूल एस रवीश पीपल जातर मेले के मुख्यातिथि रहीं। डीसी ने टास्क की सभी स्प्रिंग क्वीन प्रतिभागियों को गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया। इस टास्क प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर टैग नंबर 12 दिव्यांग काशी और शायना रहे। इन्हें क्राउन व गिफ्ट हैंपर देकर सम्मानित किया गया।



## रमेश के नाम रही आखिरी सांस्कृतिक संध्या

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

पीपल जातर की तीसरी व अंतिम सांस्कृतिक संध्या प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक रमेश ठाकुर के नाम रही। रमेश ने विभिन्न गीतों से मेले की आखिरी संध्या को यादगार बना दिया। मंगलवार को लाल चंद प्रार्थी कलाकेंद्र में आखिरी सांस्कृतिक संध्या के मुख्य आकर्षण रहे गायक रमेश ने अपने गीतों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रमेश ने इस दौरान एक से बढ़ कर एक लोकप्रिय गीतों को पेश कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इसमें बतौर मुख्यातिथि डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश उपस्थित रहीं। मुख्यातिथि के आगमन के बाद नगर परिषद कुल्लू के ईओ अनुभव शर्मा एवं अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का कुल्लवी परंपरा के अनुसार टोपी, शॉल ओर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। डीसी ने अपने संबोधन में सभी कुल्लू वासियों को पीपल जातर के आयोजन के लिए बधाई दी साथ ही शुभकामनाएं भेंट की। इसके बाद मंच पर मनोरंजन का जिम्मा लिए सांस्कृतिक संध्या का आगाज सूर्या सांस्कृतिक दल की नाटी से हुआ। इसके बाद जिले के सभी लोक कलाकार सीएम तोषी, महिला मंडल दलाश, सोनाक्षी, रोमिता और मंथिका आदि ने शानदार प्रस्तुति दी। (अनंत ज्ञान)



## मीना शर्मा बनी बगटुर एसोसिएशन की सहायक टेक्निकल डायरेक्टर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



जिला कुल्लू की मीना शर्मा को हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) की सहायक टेक्निकल डायरेक्टर नियुक्त किया गया है।

हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के प्रदेश अध्यक्ष मृदुल शर्मा एवं राज्य महासचिव सराज अख्तर ने बताया कि मीना शर्मा हिमाचल प्रदेश बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) की सहायक टेक्निकल डायरेक्टर के पद पर चयनित हुई है। कुल्लू की मीना शर्मा वाटर स्पोर्ट्स एवं मार्शल आर्ट में अच्छी रुचि रखते हैं। इस मौके पर हिमाचल बगटुर एसोसिएशन (मार्शल आर्ट) के सहायक टेक्निकल डायरेक्टर मीना शर्मा ने बताया कि बगटुर एक मार्शल आर्ट है इसका मतलब होता है, हार न मानने वाला खिलाड़ी। इसकी स्थापना-2005 में तुर्की में हुई और वर्तमान में 98 देशों में बगटुर गेम खेला जा रहा है। हिमाचल में बगटुर मार्शल आर्ट को बढ़ावा देने के लिए एवं खिलाड़ियों को आत्म सुरक्षा के टिप्स देने के लिए प्रदेश के इच्छुक खिलाड़ियों की कार्यशाला एवं सेमिनार का आयोजन किया जाएगा।

## पर्यटक वाहनों के लिए अटल टनल बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू/ केलांग**

जिला कुल्लू व लाहौल-स्पीति में बुधवार को ऊंची चोटियों पर जमकर बर्फबारी हुई, जबकि निचले क्षेत्रों में भी सुबह से लेकर शाम तक खूब बारिश हुई। वहीं, लाहौल-स्पीति में जगह-जगह गिर रहे हिमखंडों से भी खतरा बढ़ा है। वहीं, केलांग का न्यूनतम तापमान अभी भी माइनस में चल रहा है।

बारिश व बर्फबारी होने से दोनों जिले शीतलहर की चपेट में है। अटल टनल रोहतांग के नॉर्थ पोर्टल पर भी बर्फबारी हुई है। वहीं, जिला पुलिस ने लोगों को आपातकालीन स्थिति को छोड़कर अनावश्यक रूप से यात्रा नहीं करने की सलाह दी है। वहीं,



शीतमरुस्थल जनजातीय लाहौल-स्पीति में बिछी बर्फ की सफेद चादर।

पर्यटकों को रोहतांग दर्रे के दीदार को अभी इंतजार करना होगा। इन दिनों कुल्लू-मनाली आने वाले पर्यटकों के लिए मौसम सुहावना हो गया है।

बुधवार को सभी पर्यटक वाहनों के लिए अटल टनल बहाल हो गई। वाहन चालक नरेंद्र व रवि ने बताया कि बुधवार को पर्यटकों ने कोकसर व सिस्सू में बर्फ के फाहों का आनंद लिया। होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि इस सप्ताहांत पर्यटन कारोबार बेहतर रहेगा। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि आज सभी पर्यटक वाहनों को अटल टनल की ओर भेजा गया।

## कॉन्वेंट स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर स्थित कुल्लू कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बारहवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। स्कूल के छात्र और छात्राओं ने तीनों संकाय में बेहतरीन प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन किया है, जिनमें 20 लड़कियों और 10 लड़कों ने पहले और दूसरे पायदानों पर अपना कब्जा जमाया। 95 प्रतिशत अंक लेकर नम्रता नेगी ने स्कूल में प्रथम स्थान प्राप्त किया, 92 प्रतिशत से 95 प्रतिशत अंक 17 छात्र, छात्राओं ने प्राप्त किए। इसके अलावा 82 से 90 प्रतिशत अंक 12 छात्राओं ने प्राप्त किए हैं। इसका श्रेय स्कूल प्रबंधक सुरेश कुमार सहित सभी अध्यापकों एवं अभिभावकों के परिश्रम और मेहनत को जाता है। सुरेश और स्कूल प्रधानाचार्य रीतू देवी ने छात्रों की इस उपलब्धि के लिए बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## आज मिस कुल्लू का फिनाले

**कुल्लू।** मंडी में सफल कार्यक्रम के बाद अब स्माइल हिमाचल संस्था की ओर से सम्सकरा अर्थात संस्कार और संस्कारों से बनती है संस्कृतिक और हमारी संस्कृतिक हमारी पहचान और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए दो मई को लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की रूपरेखा जनवरी मंडी के कार्यक्रम के उपरांत शुरू कर दी गई थी, फिनाले में 14 लड़कियां पहुंची हैं, जिसका फिनाले दो मई को होना तय हुआ है इसी के साथ अपनी संस्कृतिक को बढ़ावा देने के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कई नए कलाकारों को मौका दिया जा रहा है।

## भारत और रूस की संस्कृति पर रौरिक्स हरालदज ऑफ कल्चर का आयोजन

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर, कुल्लू में महान चित्रकार निकोलस रौरिक की 150वीं जन्म शताब्दी, हैलेना रौरिक की 145वीं जन्म शताब्दी और स्वेतोस्लाव रौरिक की 120वीं जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में भारत और रूस की संस्कृति पर उत्सव-रौरिक्स हरालदज ऑफ कल्चर विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार एक मई को चित्रकला प्रतियोगिता के आयोजन के साथ शुरू हुई। चित्रकला



भारत और रूस की संस्कृति पर आयोजित उत्सव में भाग लेते विभिन्न स्कूलों के छात्र।

में कुल्लू के विभिन्न स्कूलों से उपस्थित हुए छात्रों, हैलेना रौरिक अकादमी के छात्रों, अध्यापकों और अभिभावकों का रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना, भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमा और रशिया से आए मुख्यातिथि गालिना स्तैपानोवा ने चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आने पर स्वागत किया। चित्रकला प्रतियोगिता का शीर्षक भारत और रूस की संस्कृति पर उत्सव-रौरिक्स हरालदज ऑफ कल्चर विषय के ऊपर रहा। इस में लगभग कुल्लू के 10 स्कूलों, हैलेना रौरिक अकादमी और एकल रूप में लगभग 100 छात्रों ने भाग लिया।

## हरियाणा का युवक 118 ग्राम चरस के साथ हुआ गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू पुलिस के द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नशे के सौदागरों पर शिकंजा कसते हुए एक हरियाणा के युवक को 118 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक कुल्लू ने बताया कि पुलिस थाना कुल्लू के अंतर्गत आने वाली पुलिस चौकी जरी में पुलिस टीम ने मलाणा डुखंरा रोड जरी में नाकाबंदी के दौरान युवक के पास से चरस/ कैनबिस बरामद की गई है।

उक्त आरोपी की पहचान 20 वर्षीय शुभम सिंह पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी नजदीक तीर्थ कुंड, काल्वा, जिंद हरियाणा के रूप में हुई है। आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज करके गिरफ्तार किया गया है और कार्रवाई जारी है।

### तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजे आरोपी

**मनाली।** मनाली में सोमवार रात बिहार के एक युवक से चाकू मारकर 8,000 छीनने वाले तीन आरोपियों को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। गौर रहे कि अलेउ में युवक को चाकू घोंप कर आरोपी पैसे छीनकर फरार हो गए थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था।

**प्रेस वार्ता** देव संस्कृति चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा-हिंदुत्व पर राजनीति करना सही नहीं

# प्रदेश में देव नीति को कांग्रेस ने दिया सम्मान : ओम प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देवभूमि चेरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी ओम प्रकाश शर्मा ने कहा कि हिंदुत्व पर राजनीति करना सही नहीं है। बुधवार को कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा ही हिंदुत्व विरोधी रही है, जबकि देव संस्कृति के संरक्षण में पूर्व कांग्रेस सरकार की भूमिका सराहनीय रही है।

देव संस्कृति चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा हर जगह हिंदुत्व के मुद्दे को भुनाने





कुल्लू में प्रेस वार्ता को संबोधित करते ओम प्रकाश शर्मा।

का काम कर रही है, लेकिन हिंदुत्व को लेकर कोई काम नहीं किया, बल्कि प्रदेश में पूर्व की वीरभद्र सरकार ने हिंदुत्व को लेकर काम किया है। परंतु भाजपा हमेशा हिंदुत्व होने का ढोंग करती है। कांग्रेस ने देव संस्कृति के लिए काम किया है और देव संस्कृति संरक्षण की दिशा में पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह ने कई कार्य किए हैं, जिससे हिंदुत्व मजबूत हुआ है। कांग्रेस सरकार ने मंदिरों के संरक्षण के लिए योजना चलाई, जिसमें 50 लाख रुपए तक की राशि दी जा रही हैं। कुल्लू में 58 मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए 25-25 लाख रुपए की राशि दी गई है। आग की घटनाओं से नष्ट मंदिरों के पुनर्निर्माण के लिए भी 50-50 लाख रुपए की राशि दी गई है। कुल्लू में देव सदन सहित प्रदेश के मंडी, बिलासपुर, ऊना सहित अन्य जिलों में देव संस्कृति के संरक्षण के लिए भवनों का निर्माण किया है। यह कार्य पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की सरकार के कार्यकाल में किए हैं।

### विक्रमादित्य को चुनावों में स्पोर्ट करने की अपील

इस मौके पर उन्होंने मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा की उम्मीदवार कंगना को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि कंगना आज तो जगह-जगह जाकर वोट मांग रही है, लेकिन बाद में फिर से मायानगरी चली जाएंगी। कंगना कहती हैं कि वह गरीब परिवार से हैं, लेकिन यदि वह गरीब हैं तो फिर चंडीगढ़ में 25 करोड़ का घर और मनाली में भी करोड़ों का घर उनके पास कैसे है। इस मौके पर चुनावों में कांग्रेस उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह को चुनावों में स्पोर्ट करने की भी अपील की।

# मेमोरियल ट्रॉफी प्रतियोगिता का आगाज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो कुल्लू**

बाशिंग पुलिस मैदान में पूर्व मंत्री स्वर्गीय राज कृष्ण गौड़ की स्मृति में नशामुक्त क्रिकेट मेमोरियल ट्रॉफी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

बुधवार से शुरू हुए नशामुक्त क्रिकेट मेमोरियल ट्रॉफी प्रतियोगिता में ऋषि किशोर उपप्रधान लंराकेलों एवं जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष व स्टेट पोल्यूशन कंट्रोल बोर्ड सदस्य ने बतौर मुख्यातिथि अपनी उपस्थिति दर्ज की। इस क्रिकेट ट्रॉफी के आयोजक देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि स्वर्गीय राज कृष्ण गौड़ की याद में पिछले कुछ सालों से इस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता आ रहा है।

इस प्रतियोगिता में अनेक टीम हिस्सा लेती आई हैं और इस साल भी 48 टीमों ने इस क्रिकेट



नशामुक्त क्रिकेट मेमोरियल ट्रॉफी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित मुख्यातिथि एवं खिलाड़ी।

प्रतियोगिता में भाग लिया है, जिसकी शुरुआत बुधवार से की गई। प्रतियोगिता के दौरान मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा के अनुसार टोपी, शॉल व पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात ऋषि किशोर ने तमाम टीमों से मैदान में मिलकर सब को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह मेमोरियल ट्रॉफी बेहद यादगार है क्योंकि इस ट्रॉफी के माध्यम से स्वर्गीय राज कृष्ण गौड़ को एक सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित किया की रही है और उनके द्वारा समाज के लिए किए गए उत्कृष्ट कार्यों को भी याद किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में पहला स्थान पाने वाली टीम को एक लाख रुपए व दूसरे स्थान पर आने वाली टीम को 51 हजार रुपए की राशि साथ ट्रॉफी भी दी जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अफगानिस्तान की टी-20 विश्व कप टीम में 8 आईपीएल खिलाड़ी

**काबुल।** टी-20 विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की टीम में इंडियन प्रीमियर लीग खेल रहे आठ खिलाड़ियों को शामिल किया गया है, जबकि कप्तान स्टार हरफनमौला राशिद खान होंगे। हशमतुल्लाह शाहिदी को 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। हजरतुल्लाह जजाई, सेदिकुल्लाह अतल और मोहम्मद सलीम सैफी को रिजर्व के तौर पर टीम में रखा गया है। राशिद, अजमतुल्लाह उमरजई, नूर अहमद, फजलहक फारूकी, नवीनुल हक, मोहम्मद नबी, रहमानुल्लाह गुरबाज, गुलबदन नायब इस समय आईपीएल खेल रहे हैं।

### रोहन बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी मैड्रिड मास्टर्स से बाहर



**मैड्रिड।** शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत के रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी पहले दौर में सेबेस्टियन कोरडा और जोर्डन थाम्पसन से अप्रत्याशित हार के बाद एटीपी मुदुआ मैड्रिड ओपन से बाहर हो गई। आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल चैंपियन बोपन्ना और एबडेन को एक घंटे 17 मिनट तक चले मैच में अमेरिका और आस्ट्रेलिया की जोड़ी से 7. 6, 7.5 से पराजय झेलनी पड़ी।

### धीमी ओवर गति के कारण पंड्या पर लगा 24 लाख का जुर्माना



**लखनऊ।** लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ मंगलवार को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण मुंबई इंडियस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर 24 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह आईपीएल की आचार संहिता के तहत न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित मुंबई की टीम का सीजन का दूसरा अपराध था, इसलिए पंड्या पर जुर्माना लगाया गया।

### मैड्रिड ओपन : करेन को हराकर क्वार्टरफाइनल में पहुंचे जननिक



**मैड्रिड।** विश्व के दूसरे नंबर के टेनिस खिलाड़ी जननिक सिनर ने करेन खाचानोव को हराकर पहली बार मैड्रिड ओपन के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त इतालवी खिलाड़ी ने खाचानोव को 5-7, 6-3, 6-3 से हराया। 16वीं वरीयता प्राप्त खाचानोव के खिलाफ अरांत्सा सांचेज स्टेडियम में एक कठिन मुकाबले में सिनर ने प्रतियोगिता का अपना पहला सेट हारने के बावजूद जोरदार पलटवार किया। उन्होंने निर्णायक सेट में सामना किए गए दोनों ब्रेक प्वाइंट बचाए और दो घंटे और दस मिनट में जीत हासिल की।

### मनोज तिवारी ने नॉर्थ ईस्ट दिल्ली से भरा नॉमिनेशन



**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए बीजेपी सांसद मनोज तिवारी ने नॉर्थ ईस्ट दिल्ली से नॉमिनेशन भरा है। इस सीट पर उनका मुकाबला कांग्रेस के कन्हैया कुमार से होगा। बता दें कि कुछ दिनों पहले ही कांग्रेस ने इस सीट से कन्हैया को टिकट दिया था। वहीं, बीजेपी ने उत्तर पूर्वी दिल्ली से दूसरी बार मनोज तिवारी को लोकसभा का टिकट दिया है।

### बटाला में भिंडरावाले के भतीजे बलविंदर सिंह खालसा की हत्या

**बटाला।** दमदमी टकसाल के 13वें मुखी संत करतार सिंह खालसा भिंडरावाले के भतीजे व संत समाज के मुख्य प्रवक्ता भाई बलविंदर सिंह खालसा की मंगलवार रात अज्ञात हमलावरों ने हत्या कर दी। इस मामले में थाना घुमान ने मृतक बाबा बलविंदर सिंह के सेवादार रमनदीप सिंह 22 वर्षीय के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर करवाई शुरू कर दी है। मंगलवार रात को आरोपी कमरे में बाबा की सेवा कर रहा था। इस दौरान दोनों में तकरार के बाद आरोपित ने हत्या की और फरार हो गया।

### दक्षिणी चीन के ग्वांगदोंग में एक राजमार्ग ढहने से 19 लोगों की मौत



**बीजिंग।** दक्षिण चीन में एक राजमार्ग का हिस्सा ढह जाने से कम से कम 19 लोगों की मौत हो गई। सरकार के स्वामित्व वाले प्रसारणकर्ता सीसीटीवी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खबर के मुताबिक, इलाके में हाल के दिनों में भारी बारिश हुई है और बचावकर्मियों ने 30 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया है।

### डीपफेक वीडियो के प्रसार के खिलाफ याचिका दायर

**नई दिल्ली।** मौजूदा लोकसभा चुनावों के दौरान डीपफेक वीडियो के प्रसार के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक याचिका दायर की गई। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ याचिका सही होने पर मामले को गुरुवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर सहमत हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता जयंत मेहता ने तत्काल सुनवाई के लिए याचिका का उल्लेख करते हुए कहा कि यह एक वकीलों के संगठन द्वारा दायर किया जा रहा है।

### कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 8,400 रुपए प्रति मैट्रिक टन




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने घरेलू कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में कटौती की है। कच्चे तेल पर विंडफॉल टैक्स 9,600 रुपए प्रति मैट्रिक टन से घटाकर 8,400 रुपए प्रति मैट्रिक टन कर दिया गया है। हालांकि, विमान ईंधन (एटीएफ), डीजल और पेट्रोल के निर्यात पर लगने वाले शुल्क को शून्य पर बरकरार रखा गया है। नई दरें बुधवार से प्रभावी हो गई हैं।

---

दो मैच हारना पड़ा महंगा शीर्ष चार से बाहर, रॉयल्स का प्लेऑफ में स्थान लगभग पक्का

# सनराइजर्स को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ हर हाल में जीतना होगा मैच

**एजेंसी, हैदराबाद**

**लक्ष्य** का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ वीरवार को आईपीएल के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है, लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दांव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई। चार जीत और चार हार के बाद अब दस अंक लेकर 2016 चैंपियन टीम पांचवें स्थान पर है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं, जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही। सनराइजर्स ने इस सत्र में पहले बल्लेबाजी करते हुए दो बार 250 से अधिक स्कोर बनाया। वहीं लक्ष्य का पीछा करते हुए 200 से अधिक का स्कोर एक बार भी हासिल नहीं कर सकी।

**10 अंक लेकर 2016 की चैंपियन टीम पांचवें स्थान पर**




### ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है टीम

**सनराइजर्स** बल्लेबाजी में ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा पर काफी निर्भर है दोनों के फ्लॉप होने पर सनराइजर्स की पारी भी चरमरा जाती है। एडेन माक्ररम को अब अपने चिर परिचित फॉर्म में लौटना होगा जिनका बल्ला अभी तक खामोश रहा है। दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है। पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है और 16 अंक लेकर शीर्ष पर है।

**16 अंक के साथ शीर्ष पर राजस्थान टीम**

### राजस्थान के कई बल्लेबाज फार्म में

जोस बटलर, यशस्वी जायसवाल और कप्तान संजू सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। शिमरोन हेटमायेर और रोवमैन पॉवेल के अलावा रियान पराग और ध्रुव जुरेल ने भी रन बनाए हैं। गेंदबाजी में उनके पास युजवेंद्र चहल, ट्रेंट बोल्ट का अनुभव और आवेश खान और संदीप शर्मा का जोश है।

---

ऑस्ट्रेलिया की टी-20 विश्व कप टीम घोषित

# मार्श कप्तान, स्मिथ व मैकगुर्क टीम से बाहर

**एजेंसी, मेलबर्न**

**ऑस्ट्रेलिया** क्रिकेट (सीए) ने टी-20 विश्व कप के लिए टीम घोषित कर दी है। युवा टी-20 बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगर्क और तीनों प्रारूपों के बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक स्टीवन स्मिथ को ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टी-20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं किया गया है।

चयनकर्ताओं ने एश्टन एगर के रूप में दूसरे विशेषज्ञ स्पिनर और कैमरून ग्रीन के रूप में एक अतिरिक्त ऑलराउंडर को टीम में शामिल करने का फैसला किया है। मिशेल मार्श टीम की कप्तानी करेंगे। मार्श पिछले 12 महीनों में अंतरिम कप्तान के रूप में तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलिया का नेतृत्व कर चुके हैं।

नाथन एलिस को पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिशेल स्टार्क के पीछे चौथे तेज गेंदबाजी विकल्प के रूप में शामिल किया गया है, जबकि जोश इंगलिस को भी पहली पसंद के विकेटकीपर मैथ्यू वेड के पीछे रिजर्व विकेटकीपर और यूटिलिटी बैटर के रूप में चुना गया है। चयनकर्ताओं ने ट्रैविस हेड, डेविड वार्नर और मार्श की अनुभवी तिकड़ी पर भरोसा करने का फैसला किया, जिन्होंने पिछले साल के वनडे विश्व कप में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।



**ऑस्ट्रेलियाई टीम**

मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टोन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा।

---

### प्रवीण चित्रावेल, शैली का इंडियन ग्रां प्री वन में शानदार प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता त्रिकूद खिलाड़ी प्रवीण चित्रावेल ने इंडियन ग्रां प्री 1 में 17.12 मीटर की कूद लगाकर स्वर्ण पदक जीता, लेकिन पेरिस ओलंपिक के लिए 17.22 मीटर का क्वालीफाइंग मार्कद पार नहीं कर सके। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी तमिलनाडु के चित्रावेल ने चौथे प्रयास में 17.12 मीटर का आंकड़ा छुआ।

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता एल्डोस पॉल ने रजत पदक जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की विश्व अंडर 20 पदक विजेता शैली सिंह ने केरल की नयना जेम्स को हराकर महिलाओं की लंबीकूद में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने अपने पहले प्रयास में ही 6.52 मीटर की कूद लगाई, लेकिन पेरिस ओलंपिक का क्वालीफाइंग मार्क 6.86 मीटर नहीं छू सकी। पुरुषों की भाला फेंक में कर्नाटक के मनु डीपी ने स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 81.91 मीटर का थ्रो फेंका, लेकिन पेरिस ओलंपिक का क्वालीफाइंग मार्क 85.50 मीटर है।

## नडाल ने हार के बाद मैड्रिड कोर्ट को कहा अलविदा

**एजेंसी, मैड्रिड**

22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए। वह यहां आखिरी बार खेल रहे थे। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने 7 . 5, 6 . 4 से हराया।



हार के बाद नडाल ने कहा कि यह काफी कठिन दिन है, लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को 6.3, 6. 7, 7.6 से हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने 16वीं वरीयता प्राप्त कारेन खाचानोव को 5.7, 6.3, 6.3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 7.6, 6.4 से हराया।

### चार भारतीय मुक्केबाज सेमीफाइनल में पहुंचे

**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने बुधवार को अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। इसके बाद यशवर्धन (63.5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश: चीनी ताइपे के वूयूएन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। जतिन हालांकि 57 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के ए नोदिरबेक के खिलाफ 1-4 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

### वॉलीबाल और कुश्ती का ट्रायल 6 मई को

**मंडी।** जिला युवा सेवा एवं खेल अधिकारी मंडी दीप्ति वैद्य ने बताया कि युवा सेवा एवं खेल विभाग खेल छात्रावास ऊना, बिलासपुर और खेलो इंडिया उत्कृष्टता केंद्र बिलासपुर के प्रवेश के लिए इंदिरा स्टेडियम ऊना और लुहणू स्टेडियम बिलासपुर में ट्रायल होगा। खेल छात्रावास ऊना में लड़कों के प्रवेश के लिए वॉलीबाल और कुश्ती ट्रायल 6 मई और हॉकी व जूडो के ट्रायल 7 मई को होंगे। हैंडबाल के ट्रायल 9 मई और लड़कों और लड़कियों के लिए कबड्डी ट्रायल 10 मई को होंगे। एथलेटिक्स, जूडो, और बॉक्सिंग के लिए 11 व 12 मई को से ट्रायल होंगे।

---

### गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में मौत!



**नई दिल्ली।** कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की मौत की खबर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। दावा किया जा रहा है कि लॉरेंस गैंग के सबसे खास गुर्गों में शामिल गोल्डी को अमेरिका में गोलियों से भून दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि उसकी हत्या की जिम्मेदारी उसके विरोधी गैंग के डल्ला-लखबीर ने ली है। हालांकि गोल्डी बराड़ की मौत की अधिकारिक पुष्ट अभी नहीं हो सकी है। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य संदिग्ध के तौर पर गोल्डी बराड़ की पंजाब पुलिस के साथ अन्य राज्यों की पुलिस को भी तलाश थी। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही केंद्र सरकार की ओर से गोल्डी को आतंकवादी घोषित किया था।


### 35 हजार पहुंचा गाजा में मरने वाले फिलिस्तीनियों का आंकड़ा

**नई दिल्ली।** इसराइल और हमास के बीच लगभग आठ महीनों से युद्ध जारी है। वहीं, इस युद्ध के बीच इसराइली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों का नया आंकड़ा सामने आया है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि गाजा पट्टी में हो रहे इजरायली हमलों में मरने वाले फिलिस्तीनियों की संख्या बढ़कर 34,535 हो गई है। एक समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, बीते 24 घंटों के दौरान इजरायली सेना ने 47 फिलिस्तीनियों को मार डाला और 61 अन्य घायल हुए हैं। इजरायल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से मरने वालों की कुल संख्या 34,535 हो गई और घायलों की संख्या 77,704 है। मंगलवार को जारी एक बयान के अनुसार, भारी बमबारी और बचाव दल की कमी के बीच कुछ पीड़ित मलबे में दबे हुए मिले। इसरायली पब्लिक रेडियो के अनुसार, इजरायली सेना ने गाजा में सुरंग प्रवेश द्वार और एक मिसाइल लांच प्लेटफॉर्म सहित 24 लक्ष्यों पर हमला करने की सूचना दी। गाजा में नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने अनुमान लगाया कि गाजा पट्टी में ध्वस्त इमारतों के मलबे के नीचे कुल मिलाकर 10 हजार से ज्यादा लोग अभी भी लापता हैं।

अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर विशेष

### मजदूर दिवस के दिन पैदा हुए थे महिंद्रा आज करोड़ों लोगों को देते हैं रोजगार

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आनंद महिंद्रा एक समय में बिजनेस टायकून, अरबपति और माइक्रोसॉफ्ट के मालिक बिल गेट्स के क्लासमेट भी रह चुके हैं। अपनी मेहनत के बल पर आज उन्होंने करोड़ों की दौलत बना ली है।

एक मई को मजदूर दिवस मनाया जाता है और संयोग की बात यह है कि इसी दिन आनंद महिंद्रा का जन्म हुआ है। आज ऑटो सेक्टर से लेकर आईटी और एयरोस्पेस में उनका जलवा है। ऐसे में उनकी कंपनी ने अब तक लाखों मजदूरों को सहारा दिया है। महिंद्रा ग्रुप के चेयरमैन आनंद महिंद्रा हैं जो करोड़ों के मालिक हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, आनंद महिंद्रा की कुल संपत्ति 3 अरब डॉलर की है। आनंद महिंद्रा साल 2012 से महिंद्रा ग्रुप चेयरमैन हैं। वह एक बेहद लग्जरी लाइफ जीते हैं और उनके पास दुनिया की कई शानदार कारें भी हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा की मार्केट वैल्यू की बात करें तो उनका टोटल रेवेन्यू दिसंबर 2023 तक 35.81 ट्रिलियन करोड़ है।

### एक्ट्रेस रुपाली गांगुली भाजपा में शामिल



**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस रूपाली गांगुली की राजनीति में एंट्री हो चुकी है। 'अनुपमा' और 'साराभाई वर्सेज साराभाई' जैसे सीरियल्स में काम करने वाली रूपाली एक मई को बीजेपी में शामिल हो गईं। दिल्ली में स्थित बीजेपी मुख्यालय में विनोद तावड़े और अनिल बलूनी की मौजूदगी में रूपाली ने बीजेपी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान नेताओं ने फूलों का गुलदस्ता सौंपकर और पटका पहनाकर रूपाली का बीजेपी में स्वागत किया।

---

### कोरोना का पहला सिक्वेंस डिकोड करने वाले चीनी विज्ञानी की लैब में वापसी

**बीजिंग।** कोरोना का सिक्वेंस डिकोड करने वाले विषाणु विज्ञानी झांग योंगझेन को धरना प्रदर्शन के बाद लैब में वापसी की अनुमति दे दी गई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर यह जानकारी दी है। उन्होंने बुधवार को ऑनलाइन पोस्ट में कहा है कि मेडिकल सुविधा केंद्र ने अस्थायी तौर पर उन्हें और उनकी टीम को लैब में जाने और शोध करने की अनुमति दे दी है। उन्होंने एक चीनी इंटरनेट प्लेटफॉर्म वीबो पर कहा कि वह यह प्रयास कर रहे हैं कि उनके लैब को कहीं और स्थानांतरित कर दिया जाए, जिससे आगे चलकर शोध में किसी भी तरह की दिक्कत न आए। वर्तमान में उनका लैब शंघाई पब्लिक हेल्थ क्लीनिकल सेंटर में स्थित है। झांग और उनकी टीम को अचानक गुरुवार को लैब छोड़ने का निर्देश दिया गया था।

### डॉ. नरेंद्र प्रसाद का निधन



**नई दिल्ली।** पद्मश्री से सम्मानित देश के जाने-माने सर्जन डॉ. नरेंद्र प्रसाद का बुधवार को निधन हो गया। देशभर के चिकित्सक उनके निधन की सूचना पर शोक संदेश भेज रहे हैं। उनके भतीजे प्रसिद्ध फिजिशियन डॉ दिवाकर तेजस्वी ने बताया कि 91 वर्ष की आयु में पटना स्थित अपने आवास पर ही अंतिम सांस ली। उनके पुत्र डॉ. आलोक अभिजीत प्रसिद्ध लेप्रोस्कोपिक सर्जन हैं। बिहार के फेमस वरीय सर्जन और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सहजानंद प्रसाद सिंह ने कहा कि पूरे देश में डॉ. नरेंद्र प्रसाद जैसे विद्वान सर्जन बहुत कम हुए। मेडिकल काउंसिल के मेंबर थे। बिहार मेडिकल काउंसिंल के अध्यक्ष भी रहे।

### न्यायाधीशों को तो शनिवार-रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की छुट्टी को लेकर एक टिप्पणी की। शीर्ष अदालत ने कहा कि जो लोग न्यायालय और न्यायाधीशों की लंबी छुट्टियों को लेकर आलोचना करते हैं, उन्हें यह नहीं पता कि न्यायाधीशों को तो शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती।

छुट्टी का मुद्दा तब सामने आया, जब शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल के एक मामले में दलीलों के लिए गुरुवार का दिन तय किया। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि शीर्ष अदालत के 20 मई से गर्मियों की छुट्टियों पर जाने से पहले दलीलें पूरी कर ली जाएं।

न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई पर राज्य से पूर्व अनुमति लिए बिना जांच करने का आरोप लगाया गया है।

### कॉलेजियम सिस्टम को खत्म करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वकील मैथ्यूज नेदुंपरा की इस दलील पर गौर किया कि कॉलेजियम प्रणाली को खत्म करने का अनुरोध करने वाली उनकी रिट याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया जाना है। वकील ने कहा कि मैंने कई बार इसका उल्लेख किया है। रजिस्ट्री ने इसे खारिज कर दिया है और वह मेरी याचिका को सूचीबद्ध नहीं कर रही है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि रजिस्ट्रार (सूचीबद्ध करने से संबंधित) ने कहा है कि जब संविधान पीठ किसी चीज पर एक बार फैसला सुना दे तो अनुच्छेद 32 के तहत याचिका (इस अनुच्छेद के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर याचिका सीधे उच्चतम न्यायालय में दायर की जा सकती है) सुनवाई योग्य नहीं होती। रजिस्ट्रार के आदेश के विरुद्ध अन्य उपाय भी हैं।

---

**कारोबार** जीएसटी ने तोड़े सारे रिकॉर्ड, अप्रैल माह में हासिल किया छप्परफाड़ राजस्व

## जीएसटी राजस्व संग्रह 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड स्तर पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के रिकॉर्ड संग्रह से केंद्र सरकार का खजाना भर गया है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले महीने अप्रैल में जीएसटी संग्रह सलाना आधार पर 12.4 फीसदी बढ़कर 2.10 लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इससे पिछले महीने मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.87 लाख करोड़ रहा था।

वित्त मंत्रालय ने बुधवार को जारी एक बयान में बताया कि घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से जीएसटी राजस्व संग्रह बढ़ा है। मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में जीएसटी राजस्व संग्रह 12.4 फीसदी उछलकर 2.10 लाख करोड़ रुपये रहा है। इससे पिछले महीने मार्च में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.87 लाख करोड़ रहा था। वहीं, महीने-दर-महीने आधार पर जीएसटी राजस्व संग्रह में 18 फीसदी की ग्रोथ आई है।




मंत्रालय के मुताबिक अप्रैल में कुल 2,10,267 करोड़ रुपये के जीएसटी राजस्व संग्रह में केंद्रीय जीएसटी संग्रह (सीजीएसटी) 43,846 करोड़ रुपए और राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 53,538 करोड़ रुपये रहा। वहीं, एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 99,623 करोड़ रुपये (माल के आयात पर संग्रह किए गए 37,826 करोड़ रुपए सहित) और सेस 13,260 करोड़ रुपए रहा। सेस में माल के आयात से मिले 1008 करोड़ रुपये शामिल हैं।

वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपए के ऐतिहासिक माइलस्टोन को पार कर गया है। मंत्रालय के मुताबिक रिफंड के बाद अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी रेवेन्यू 1.92 लाख करोड़ रुपए रहा है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि, यानी अप्रैल 2023 की तुलना में 17.1 फीसदी ज्यादा है।

## ऑस्ट्रेलिया का दावा : 2020 में दो भारतीय जासूस किए थे निष्कासित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

ऑस्ट्रेलिया ने संवेदनशील रक्षा परियोजनाओं और हवाई अड्डे की सुरक्षा के बारे में कथित तौर पर खुफिया जानकारी चुराने की कोशिश करने के आरोप में 2020 में दो भारतीय जासूसों को निष्कासित कर दिया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया में मंगलवार को प्रकाशित खबरों से यह जानकारी मिली।

द ऑस्ट्रेलियन और द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड ने खबरों में बताया कि दो भारतीय जासूसों को देश से निष्कासित कर दिया गया। हालांकि ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (एबीसी) की खबर में कोई संख्या नहीं बताई गई। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया की खबरों पर भारतीय अधिकारियों की ओर से फिलहाल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। एबीसी की खबर में कहा गया, संवेदनशील रक्षा परियोजनाओं और हवाई अड्डे की सुरक्षा के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के व्यापार संबंधों की गोपनीय जानकारी चुराने की कोशिश में पकड़े जाने के बाद भारतीय जासूसों को ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलियन सिक्योरिटी इंटेलिजेंस ऑर्गेनाइजेशन ने 2020 में तथाकथित विदेशी जासूसों का पता लगाया था। अब इस समूह पर ऑस्ट्रेलिया में रह रहे भारतीयों की निगरानी और मौजूदा और पूर्व राजनेताओं से संपर्क स्थापित करने के भी आरोप लगे थे।